

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,गुरुवार 07 अगस्त 2025 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-13 ■ वर्ष -41 ■ अंक-131 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 08 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## हर छत, पॉवर हाउस

(संजय दुबे)

दृष्टिकोण
संजय दुबे



छत्तीसगढ़ में बिजली अब केवल सुविधा या सब्सिडी का मामला नहीं रहा बल्कि यह सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्वावलंबन का प्रतीक बन चुकी है। कुछ साल पहले तक यहां के लाखों परिवार बिजली के भारी-भरकम बिल से परेशान रहते थे। फिर आई 'हाफ बिजली बिल' योजना, जिससे गरीब और मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिली। और अब बात सिर्फ राहत की नहीं बल्कि ऊर्जा आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ते एक बड़े बदलाव की हो रही है।

केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना और छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार की पहल मिलकर हर घर को 'अपना खुद का बिजली घर' बनाने की ओर बढ़ रही है। यानी अब लोगों को बिजली की चिंता नहीं करनी बल्कि वे खुद अपनी छत पर सोलर पैनल लगाकर बिजली बना सकते हैं, इस्तेमाल कर सकते हैं और बची हुई बिजली ग्रिड को देकर बिल में समायोजित कर सकते हैं।

इस योजना के तहत केंद्र सरकार 3 किलोवाट तक के सोलर संयंत्र पर 78,000 रुपये की सब्सिडी सीधे उपभोक्ता के खाते में दे रही है। इसके साथ छत्तीसगढ़ सरकार की तरफ से 30,000 रुपये तक की अतिरिक्त मदद दी जा रही है। यानी कुल एक लाख आठ हजार रुपये तक की सहायता—जो किसी भी आम परिवार के लिए बहुत बड़ी राहत है।

छत्तीसगढ़ जैसे राज्य में जहां धूप प्रचुर है, घरों में खुली छतें आम हैं—यह योजना ऊर्जा क्रांति का कारण बन सकती है। अगर सही तरीके से लागू किया गया, तो अगले कुछ सालों में लाखों घर खुद से बिजली बना सकेंगे। मगर किसी भी योजना की सफलता सिर्फ सब्सिडी से नहीं तय होगी बल्कि इस बात से होगी कि इसकी जानकारी लोगों तक कितनी ईमानदारी और सरलता से पहुंचाई जाती है। आज भी कई परिवारों को यह नहीं पता कि आवेदन कैसे करें, पैनल कौन लगाएगा, और सब्सिडी कब मिलेगी। यह सब कुछ पारदर्शी, डिजिटल और भ्रष्टाचार मुक्त होना जरूरी है।

इस अभियान को सिर्फ शहरों तक सीमित नहीं रखना चाहिए। गांव-गांव तक इसकी जानकारी पहुंचे, इसके लिए पंचायतों, नगर निकायों, स्कूलों और सामाजिक संगठनों को जोड़ा जाना चाहिए। तभी यह योजना सिर्फ सरकारी कागजों की नहीं, जन भागीदारी की कहानी बनेगी। छत्तीसगढ़ की यह पहल केवल बिजली देने की नहीं, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर बनाने की है। हर छत अगर बिजली देने लगे, तो यह केवल मीटर का कांटा नहीं बदलेगा—यह सोच बदलेगी कि हम सिर्फ उपभोक्ता नहीं, उत्पादक भी बन सकते हैं। अब सवाल यह नहीं है कि बिजली मुफ्त मिल रही है या नहीं, असली सवाल है—क्या हम खुद अपनी बिजली बना पा रहे हैं? जब जवाब हां में होगा, तो वह दिन छत्तीसगढ़ की ऊर्जा आजादी का दिन होगा।

## किसानों के हितों से समझौता नहीं करेंगे : प्रधानमंत्री मोदी

**ट्रंप के टैरिफ हमले पर पलटवार**



**नई दिल्ली,7 अगस्त।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को साफ कहा कि भारत अपने किसानों, मछुआरों और डेयरी किसानों के हितों की रक्षा से कभी समझौता नहीं करेगा—even if it comes at a personal cost. यह बयान उन्होंने प्रसिद्ध कृषि वैज्ञानिक डॉ. एम. एस. स्वामीनाथन की जन्म शताब्दी पर आयोजित वैश्विक सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में दिया। पीएम मोदी ने कहा कि हमारे लिए किसानों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। भारत अपने किसानों, पशुपालकों और मछुआरे भाई-बहनों के हितों के साथ कभी भी समझौता नहीं करेगा। मैं जानता हूं कि व्यक्तिगत रूप से मुझे बहुत बड़ी कीमत चुकानी पड़ सकती है, लेकिन मैं इसके लिए तैयार हूं। इस मौके पर पीएम मोदी ने स्वामीनाथन के योगदान को याद करते हुए कहा कि भारतीय कृषि व्यवस्था को बेहतर बनाने में उनका योगदान ऐतिहासिक रहा है। पीएम का यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारत पर दो चरणों में कुल 50% तक का आयात शुल्क लगा दिया है। भारत ने इस कदम को अनुचित बताते हुए विरोध जताया है और कहा है कि इससे देश के किसानों को नुकसान होगा। बढ़ते व्यापारिक तनाव के बीच पीएम मोदी का यह बयान भारत की नीति को स्पष्ट करता है—किसानों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की कीमत पर कोई वैश्विक समझौता नहीं किया जाएगा। वैश्विक मंच से प्रधानमंत्री मोदी ने यह संदेश दे दिया है कि भारत अपने कृषि हितों पर विदेशी दबाव नहीं झेलेगा। अमेरिका जैसे ताकतवर देश से टकराव की कीमत चाहे जो हो, सरकार किसानों के साथ खड़ी रहेगी।

## ट्रंप से ऐसी उम्मीद नहीं थी : मुख्यमंत्री साय



**रायपुर,7 अगस्त।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 50% टैरिफ बढ़ाया है. इसे लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री इस पर बोल चुके हैं. वैसे ट्रंप से ऐसी उम्मीद नहीं थी, लेकिन हमारे पीएम, मंत्रिमंडल सब देख रहे. वहीं बिजली बिल हाफ योजना में बदलाव पर कांग्रेस के प्रदर्शन को लेकर सीएम साय ने कहा, बिजली बिल हाफ से हम मुफ्त बिजली की ओर जा रहे हैं. इसमें भारी सब्सिडी जनता को दी जा रही है. लोगों को इसके लिए बैंक से लोन के लिए भी प्रयास कर रहे हैं. लोगों से आवेदन मंगाए गए हैं. इस साल के अंत में राहुल गांधी के संभावित दौरे को लेकर सीएम विष्णु देव साय ने कहा, उनका दौरा तो विभिन्न चुनाव में होता रहा है. उनके दौरे पर क्या होता है पूरी दुनिया जानती है. मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जांजगीर चांपा दौरे को लेकर सीएम साय ने कहा, अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण की बैठक जांजगीर में रखी गई है. डिप्टी सीएम साव और विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष खुशवंत साहेब भी साथ हैं. अन्य मंत्री भी बैठक में शामिल होंगे.

## केन्द्रीय जेल रायपुर में शोएब ढेबर को 3 माह के लिए सभी प्रकार की मुलाकात से किया गया प्रतिबंधित

■ तरुण छत्तीसगढ़

**रायपुर, 7 अगस्त.**केन्द्रीय जेल रायपुर से शोएब ढेबर पिता अनवर ढेबर को सभी प्रकार के मुलाकात से आगामी तीन माह के लिए प्रतिबंधित किया गया है। शोएब ढेबर द्वारा जेल अधिकारियों की अनुमति के बिना जबरदस्ती मुलाकात कक्ष में प्रवेश कर शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न की गई, इस आधार पर यह प्रतिबंध लगाया गया है। जेल अधीक्षक रायपुर द्वारा जारी आदेश अनुसार शोएब ढेबर ने अधिवक्ता मुलाकात के समय संबंधित अधिकारियों द्वारा मना किए जाने के बावजूद जबरन प्रवेश किया, जिससे जेल के सुरक्षा और संचालन व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न हुआ। इस घटना की जांच उप जेल अधीक्षक एम.एन. प्रधान द्वारा की गई, जिनकी रिपोर्ट में पुष्टि की गई कि शोएब ढेबर द्वारा शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करना सत्य है। जेल नियमावली के नियम 690 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय जेल रायपुर के जेल अधीक्षक द्वारा आदेश जारी करते हुए शोएब ढेबर को तीन माह तक किसी भी बंदी से किसी भी प्रकार की मुलाकात से प्रतिबंधित कर दिया गया है।

## खाई में गिरी सीआरपीएफ की बस 3 जवानों की मौत, 15 घायल



**उधमपुर,7 अगस्त।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की बस खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान बलिदान हो गए हैं। कई जवान घायल हो गए। घायल जवानों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। जानकारी के अनुसार घटना गुरुवार सुबह की है। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की 187वीं बटालियन की बस उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जाते समय करीब 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में तीन जवान बलिदान हो गए। जबकि 15 जवान घायल हो गए। बस में 18 जवान सवार थे, आज सुबह लगभग 10:30 बजे यह हादसा हुआ। बस जम्मू-कश्मीर के उधमपुर जिले में कदवा से बसंत गढ़ जा रही थी। इसी दौरान बस खाई में गिर गई। सभी घायलों को एयरलिफ्ट कर ऊधमपुर के सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे की वजह का अभी तक पता नहीं चल पाया है। केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने ट्वीट किया कि उधमपुर में कंदवा-बसंतगढ़ क्षेत्र में सीआरपीएफ का एक वाहन दुर्घटना का शिकार हो गया। इस हादसे में कुछ जवानों के बलिदान की खबर सुनकर व्यथित हूं। वाहन में सीआरपीएफ के कई बहादुर जवान सवार थे। मैंने अभी-अभी डीसी सलोनी राय से बात की है,

## मंदिर में तोड़फोड़ से आक्रोशित लोगों ने किया थाने का घेराव, आरोपी गिरफ्तार



**दुर्ग,7 अगस्त।** भिलाई के वार्ड 23 में पीपल पेड़ के नीचे स्थित मंदिर में मुस्लिम युवक ने तोड़फोड़ किया है. इस घटना से लोगों में आक्रोश है. इस मामले को लेकर बजरंग दल के साथ वार्डवासियों ने जामुल थाने का घेराव कर आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की. लोगों की शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी अब्दुल सजाद को गिरफ्तार कर लिया है. जानकारी के मुताबिक, अटल आवास में रहने वालों के तुलसी चौरा और पीपल पेड़ के नीचे स्थित मंदिर में अब्दुल सजाद ने शराब के नशे में तोड़फोड़ किया है. इस घटना से आक्रोशित वार्डवासी जामुल थाना पहुंचे और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर अड़े रहे. पुलिस की समझाइश के बाद लोग वापस लौटे. पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि लोगों की शिकायत के बाद आरोपी अब्दुल सजाद को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है.

## जस्टिस वर्मा को सुप्रीम कोर्ट से झटका

**नई दिल्ली,7 अगस्त।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा (दिल्ली हाईकोर्ट के पूर्व जज) को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने जस्टिस वर्मा की कैश-एट-होम मामले में दायर याचिका को गुरुवार को खारिज कर दिया। बता दें कि जस्टिस यशवंत वर्मा ने उनके घर पर मिले अधजले अथाह कैश मामले में सुप्रीम कोर्ट की जांच समिति की रिपोर्ट और तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना द्वारा उन्हें पद से हटाने की सिफारिश को चुनौती देते हुए याचिका दायर की थी। इस मामले में न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और एजी मसीह की बेंच ने सुनवाई करते हुए 30 जुलाई को फैसला सुरक्षित रख लिया था। बता दें कि 14 मार्च की रात को जस्टिस यशवंत वर्मा के लुटियंस दिल्ली में स्थित सरकारी आवास के बाहर स्टोर रूम में आग लग गई थी। इस दौरान जस्टिस वर्मा घर पर नहीं थे। उनके परिवार ने आग बुझाने के लिए फायर ब्रिगेड को कॉल कर उनसे मदद मांगी। आग बुझाने के लिए दिल्ली फायर डिपार्टमेंट ने तत्काल एक टीम उनके घर पर भेजी। आग बुझाने के दौरान उनके सरकारी बंगले के स्टोर रूम में भारी मात्रा में कैश देखा गया। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट के तत्कालीन चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने 20 मार्च 2025 को कॉलेजियम की एक बैठक बुलाई। इस बैठक में जस्टिस वर्मा के घर पर मिले कैश के बारे में चर्चा की गई और उनका ट्रांसफर इलाहाबाद हाईकोर्ट में करने का प्रस्ताव लाया गया। हालांकि इस मामले को लेकर इलाहाबाद हाईकोर्ट के वकीलों ने भी प्रदर्शन किया था और उनका ट्रांसफर इलाहाबाद हाईकोर्ट में न करने की मांग की थी। सीजेआई ने तीन जजों की इन हाउस समिति का गठन किया। इस समिति में न्यायमूर्ति जीएस संधवालया, न्यायमूर्ति अनु शिवरामन और न्यायमूर्ति शील नागू थे। समिति ने 55 गवाहों और फोटो वीडियो को सबूत मानते हुए निषकर्ष निकाला कि जस्टिस वर्मा और उनके परिवार को कैश के बारे में जानकारी थी।

## एनटीपीसी सीपत हादसे में घायल एक और मजदूर की मौत

**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत में एक दिन पहले हुए हादसे में गंभीर रूप से घायल एक और श्रमिक की आज उपचार के दौरान मौत हो गई. घायल मजदूर प्रताप सिंह कंवर का बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल में उपचार चल रहा था. इसके साथ ही हादसे में मरने वाले श्रमिकों की संख्या दो हो गई है, वहीं तीन गंभीर रूप से घायल मरीजों का उपचार चल रहा है. बता दें कि एनटीपीसी सीपत प्लांट में बुधवार को यूनिट-5 में चल रहे एनुअल मेंटेनेंस कार्य के दौरान प्री-एयर हीटर प्लेटफॉर्म अचानक टूट गया, जिससे वहां काम कर रहे मजदूर नीचे गिर पड़े. हादसे के बाद सभी मजदूरों को अस्पताल ले जाया गया.

## किरण देव को मिला सदस्यता रत्न सम्मान

**जगदलपुर,7 अगस्त** ■ **तरुण छत्तीसगढ़**

भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा बीजेपी ने 60 लाख नए सदस्य जोड़ने पर उत्कृष्ट सदस्यता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को सदस्यता रत्न से सम्मानित किया गया एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं जगदलपुर विधायक किरण सिंह देव को भी सदस्यता रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया जिन्होंने 10 हजार से ज्यादा सदस्य बनाएं। बस्तर सांसद महेश कश्यप ने 4 हजार से ज्यादा सदस्य एवं विधायक चित्रकोट विनायक गोयल ने भी 4 हजार से ज्यादा सदस्य बनाये जिन्हे सदस्यता श्री सम्मान से इन्हें सम्मानित किया गया भाजपा ने पूरे देश में 2 सितम्बर से पुनः सदस्यता अभियान ऑनलाइन प्रारंभ किया था, इस नवीन सदस्यता अभियान के तहत जगदलपुर में भी सदस्य बनाने हेतु कार्यकर्ताओं ने जी तोड़ मेहनत की, हर वर्ग से संपर्क किया भाजपा के रीति-नीति से जोड़ा और उन्हें विधिवत ऑनलाइन सदस्यता दिलवाई ! भाजपा सदस्य बनाने में जिन भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपना पूरा श्रम लगाकर समय सीमा में दिन- रात हर वर्ग, हर समाज, हर संगठन, गली मोहल्ले चौराहे, व्यापारीयों, उद्योगपतियों से मजदूरोत से मिलकर इतने बड़े लक्ष्य को पूरा करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, ऐसे समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं को संगठन के द्वारा साल और प्रतीक चिन्ह से मुख्यमंत्री निवास रायपुर में प्रदेश संगठन के प्रमुख नेताओं एवं मुख्यमंत्री के समक्ष सम्मान किया गया .बस्तर जिले में महापौर संजय पांडे, सुरेश गुप्ता, भारत कश्यप, बसंत कश्यप ने भी 1000 से अधिक ऑनलाइन सदस्य बनाये, 1000 की सदस्यता एक बड़ा लक्ष्य है इस लक्ष्य को पूरा करने पर प्रदेश संगठन ने सदस्यता दीप से इन्हें भी सम्मानित किया और इसके पश्चात जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष श्री वेद प्रकाश एवं भाजपा नेताओं ने भी सभी को शुभकामनाएं दी इस सम्मान समारोह में 200 से अधिक कार्यकर्ताओं और नेताओं को सम्मानित किया गया। यह आयोजन सीएम हाउस में किया गया।

प्रदेश अध्यक्ष व विधायक किरण देव ने कहा छत्तीसगढ़ बीजेपी के सदस्यता अभियान में इतना बड़ा लक्ष्य हमने प्राप्त किया है 60 लाख सदस्य हमने बनाये हैं इसलिए बहुत ही गौरव का अनुभव हो रहा है. 60 लाख प्राथमिक और 65 हजार सक्रिय सदस्यता का लक्ष्य हमने हासिल किया है।

## धराली में तबाही से लोगों की जान बचाने गए जवान फंसे, एक अफसर समेत 9 लापता



**नैनीताल,7 अगस्त।** धराली गांव में 5 अगस्त को बादल फटने के बाद खीरगंगा नदी के पानी के साथ मलबा भी बहकर आया था, जिसने सैकड़ों घरों को अपनी चपेट में लिया। उत्तराखंड के धराली में हुए हादसे में अब तक 3 मौतों की पुष्टि हो चुकी है। 70 लोगों का रेस्क्यू किया गया है। प्रशासन के हवाले से सेना ने बताया कि 50 से ज्यादा लोग लापता हैं। एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर और 8 जवान लापता हैं। वहीं, आर्मी के 9 जवानों और 3 सिविलियंस को हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू कर देहरादून लाया गया। गंभीर रूप से घायल 3 लोगों को एम्स ऋषिकेश, 8 लोगों को उत्तरकाशी के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आपदा प्रबंधन सचिव ने बताया कि गंगोत्री और आसपास के क्षेत्रों में करीब 400 लोग फंसे हैं। वहां से अब तक 274 लोगों को हर्षिल लाया गया है। सभी को हर्षिल से उत्तरकाशी और देहरादून लाने का काम जारी है। हर्षिल से अब तक 190 लोगों को सकुशल आईटीबीपी कैंप मातली शिफ्ट किया जा चुका है। राज्य सरकार, जिला प्रशासन, आपदा प्रबंधन विभाग, आईटीबीपी, एनडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू व राहत कार्यों में जुटी हैं। सीएम पुष्कर सिंह धामी स्थिति की निगरानी कर रहे हैं। दरअसल, उत्तरकाशी जिले के धराली में मंगलवार 5 अगस्त को दोपहर 1.45 बजे बादल फट गया था। गंगोत्री के पहाड़ों से बहने वाली खीर गंगा नदी में बाढ़ आ गई। तेज रफ्तार पानी के साथ आए मलबे ने 34 सेकेंड में धराली गांव को जमींदोज कर दिया था।

## महाराष्ट्र चुनाव में हुई बड़ी धांधली: राहुल



**मुंबई,7 अगस्त।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन में गड़बड़ियों को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग पर सवाल खड़े किए हैं. उन्होंने इस दौरान महाराष्ट्र और कर्नाटक की मतदाता सूची दिखाते हुए इन दोनों राज्यों की वोटर लिस्ट में फर्जी वोटर्स का आरोप लगाया. राहुल गांधी ने प्रेजेंटेशन के दौरान कहा कि संविधान की नींव वोट है. ऐसे में सोचना होगा कि क्या सही लोगों को वोट डालने दिया जा रहा है? क्या मतदाता सूची में फर्जी वोटर्स जोड़े गए? महाराष्ट्र का चुनाव चोरी किया गया. हम महाराष्ट्र में चुनाव हार गए. महाराष्ट्र में 40 लाख वोटर रहस्यमयी हैं. यहां पांच महीने में कई वोटर जोड़े गए. राहुल ने कहा कि महाराष्ट्र में पांच साल की तुलना में पांच महीने में बड़ी संख्या में नए वोटर जुड़े. महाराष्ट्र विधानसभा में वोटिंग के दिन शाम पांच बजे के बाद वोटिंग में तेज इजाफा होता है. हमें फिर पता चला कि लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच एक करोड़ नए वोटर्स मतदाता सूची में जुड़े. वोटर लिस्ट को लेकर चुनाव आयोग जवाब देना चाहिए. उन्हें बताना चाहिए कि क्या वोटर लिस्ट सही है या गलत? कांग्रेस नेता ने कहा कि चुनाव आयोग इलेक्ट्रॉनिक डेटा क्यों नहीं देता? हमने आयोग से बार-बार डेटा मांगा लेकिन हमें नहीं दिया गया. यहां तक कि चुनाव आयोग ने हमें जवाब देने से भी इनकार कर दिया. उन्होंने कहा कि देश मे फर्जी वोटिंग हो रही है. हमें इस चोरी को पकड़ने में लंबा समय लगा. हमने अपने स्तर पर जांच की, जिसमें हमें छह महीने का समय लगा. हमने बेंगलुरु सेंट्रल लोकसभा सीट की महादेवपुरा विधानसभा सीट पर वोटर्स लिस्ट की पड़ताल की. महादेवपुरा सीट पर हम 32707 वोटों से हार गए थे. अकेली इसी सीट पर बीजेपी एक लाख से ज्यादा के मार्जिन से जीती थी. इसे हमें शक हुआ कि दाल में कुछ काला है.

## कांकेर के दो गावों में ईसाई पास्टर-पादरी की एंट्री पर रोक

**कांकेर,7 अगस्त** ■ **तरुण छत्तीसगढ़**

प्रदेश में इन दिनों कथित धर्मांतरण और मतांतरण को लेकर सियासत अपने चरम पर है। पिछले दिनों छत्तीगसढ़ की पुलिस ने दुर्ग रेलवे स्टेशन से दो नन और एक अन्य समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। दावा किया गया था कि, वे धर्मान्तरण की नियत से बस्तर के आदिवासी लड़के-लड़कियों को अन्य राज्य ले जा रहे है। हिंदूवादी संगठन बजरंग दल इस मामले में मुखरता से सामने आया था। ननों की गिरफ्तारी की सूचना आम होते ही इसपर सियासी बयानबाजियां तेज हो गई। केरल से जनप्रतिनिधियों की टीम ने दुर्ग का दौरा किया और गिरफ्तार ननों से जेल में मुलाकात। इतना ही नहीं बल्कि संसद में भी इस मामले की गूँज दिखाई दी। सत्ताधारी दल भाजपा ने नेताओं ने जहां इस कार्रवाई को धर्मान्तरण के खिलाफ अभियान बताया था तो वही कांग्रेस ने राज्य सरकार को निशाने पर लेते हुए कहा था कि वह अपनी नाकामियों के छिपाने के लिए इस तरह के हथकंडे अपना रही है।

**गांव में पास्टर्स की एंट्री पर प्रतिबंध**-बहरहाल इन सबके बीच कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर से एक बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। बताया जा रहा है कि, यहां के दो गांव बांसला और जुनवानी के ग्रामीणों ने धर्मान्तरण और मतांतरण की आशंका के बीच ईसाई धर्म से जुड़े पास्टर्स और पादरियों के गांव में प्रवेश पर पूरी तरह से प्रतिबन्ध लगा दिया है। ग्रामीणों ने गाँव के बाहर बोर्ड लगाते हुए गांव में किसी भी ईसाई धर्म से जुड़े संतों के एंट्री को बैन कर दिया है। ग्रामीणों का दावा है कि धर्मान्तरण का सबसे ज्यादा नुकसान आदिवासियों की परम्परा और संस्कृति पर पड़ रहा है।

## पटना में छात्रों को पुलिस ने दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**पटना,7 अगस्त।** बिहार की राजधानी पटना में छात्रों पर एक बार फिर पुलिस ने लाठियां बरसाई। एसटीईटी परीक्षा की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों पर पुलिस ने लाठी चार्ज कर दिया जिसमें कई छात्र घायल हो गए। पुलिस ने महिला प्रदर्शनकारियों को भी नहीं छोड़ा। शिक्षक भर्ती के लिए टीआरई-4 के पहले एसटीईटी आयोजित करने की मांग को लेक प्रदर्शन आयोजित किया गया था। पटना कॉलेज से निकले छात्रों के जुलूस को जेपी गोलंबर के पास पुलिस ने रोक दिया। आगे बढ़ने की कोशिश करते प्रदर्शनकारियों पर लाठियां चलाकर पुलिस ने खदेड़ दिया। पुलिस की कार्रवाई से कई प्रदर्शनकारी घायल हो गए। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षक भर्ती के लिए टीआरई-4 और टीआरई-5 का ऐलान कर दिया गया है जिनमें डोमिसाइल नीति लागू करने का आश्वासन दिया गया है। शिक्षक भर्ती की तैयारी कर रहे छात्र छात्राओं के लिए यह खास अवसर है। लेकिन जिन छात्र छात्राओं ने अभी तक टीईटी एग्जाम पास नहीं किया है वे इस अवसर से वंचित रह जाएंगे। इसे देखते हुए मांग की जा रही है कि टीआरई-4 के पहले एसटीईटी एग्जाम ली जाए। सरकार पर दबाव बनाने के लिए राजधानी पटना में राज्य के सभी जिलों से शिक्षक अभ्यर्थी जुटे थे और पटना कॉलेज से जुलूस की शक्ल में डाकबंगला चौराहा की ओर जा रहे थे।

## एक नजर

### युवक को मोबाइल छीनने के अपराध में पुलिस ने गिरफ्तार किया



**भिलाई, 7 अगस्त।** भिलाई वैशाली नगर थाने का निगरानी बदमाश द्वारा युवक से मोबाइल छीनने के अपराध में पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया है आरोपी ने अपराध नहीं करने का बान्ड भरा था पुलिस अब राशि जब्त की कार्रवाई भी करेगी वैशाली नगर प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि इनकार ढाली (43 साल) निवासी वांम्बे आवास जवाहर नगर ने रिपोर्ट दर्ज करायी 4 अगस्त की रात 10 से 11 बजे के बीच में चन्दू उर्फ चन्दू डॉन जो अर्जुन नगर कैम्प-1 में रहता है। प्रार्थी हनुमान मंदिर के पास खड़ा था आरोपी चन्दू अपनी बाइक से प्रार्थी के पास आकर पैसे की लेन देन की बात को लेकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी के हाथ से मोबाइल को छीन कर भाग गया था। रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 296, 351 (3), 304 बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। इस मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर टीम गठित कर आरोपी की तलाश की। पुलिस ने चंद घंटे में आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से अपराध के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया है आरोपी चन्दू उर्फ चन्दू डॉन के विरूद्ध पूर्व में थाना वैशाली नगर में 4 अपराध तथा थाना छावनी में 7 अपराध पंजीबद्ध होने से आरोपी को थाना वैशाली नगर के गुण्डा सूची में लाया गया है।

### गांजा की तस्करी, दो युवक पकड़ाए



**भिलाई, 7 अगस्त।** भिलाई लंबे समय से गांजा की तस्करी को लेकर पुलिस ऑपरेशन विश्वास अभियान चलाकर लाखों रुपए का गांजा बेचने वाले दो युवकों को दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई

तापेश्वर सिंह नेताम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जिला अस्पताल दुर्ग के पास भारी मात्रा में गांजा अपने पास रखकर ग्राहक की तलाश कर रहे युवकों को पुलिस ने पकड़ लिया पूछताछ करने पर ग्राम चाका मुंडीयर प्रयागराज यूपी निवासी मोहित जायसवाल, डब्ल्यू बंसकार अपना नाम बताया है गांजा को उड़ीसा से खरीद कर बस में सवार होकर दुर्ग पहुंचे दुर्ग से ट्रेन पकड़कर वापस इलाहाबाद प्रयागराज जाने की तैयारी में थे दुर्ग कोतवाली पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर दोनों को गिरफ्तार किया युवकों के पास से पुलिस ने 21.260 किलोग्राम गांजा जब्त किया जिसकी कीमत 2,10 लाख रुपए का है आरोपियों के पास से मोबाईल भी जब्त की गई है आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई किया है

### लोगों को चाकू से डरा रहा था, गिरफ्तार

**भिलाई, 7 अगस्त।** भिलाई लोगों को हथियार लेकर धमका ने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है दुर्ग सिटी कोतवाली टीआई तापेश्वर नेताम ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नदी रोड नयापारा तिराहा गंजपारा दुर्ग के पास एक युवक धारदार चाकू लेकर लोगों को धमका रहा था दुर्ग सिटी कोतवाली थाने पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपी आपापुरा दुर्ग निवासी मोह अफजल खोखर को गिरफ्तार किया है उसके पास से पुलिस ने चाकू व नगदी तीन सौ रुपए बरामद किया है।



### गांजा बेचते युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 7 अगस्त।** भिलाई पुलिस ने गांजा बिक्री करते आरोपी संतोष महिलांगे को गिरफ्तार कर लिया.पुलिस ने तलाशी लेकर आरोपी के कब्जे से 1 किलो 110 ग्राम गांजा जब्त किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की उर्दा पुलिस ने बताया कि 5 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली जोरातराई नहर पुलिया के पास गांजा बिक्री कर करने ग्राहक का इंतजार कर रहा है घेराबंदी कर गौराचौक शंकरनगर दुर्ग निवासी संतोष महिलांगे पिता स्वर्गीय मोहनलाल महिलांगे (43 साल) को गिरफ्तार किया।

### प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में स्तनपान सप्ताह में मां के दूध की महत्ता बताई

**दुर्ग, 7 अगस्त।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत स्तनपान सप्ताह के अवसर पर आज प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री आर.के. जांबुलकर एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री अजय कुमार साहू के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।कार्यक्रम में राष्ट्रीय प्रशिक्षक डॉ. ओमेश खुराना ने स्तनपान की आवश्यकता, जन्म के पहले छह माह तक केवल माँ के दूध की महत्ता तथा पहले पीले गाढ़े दूध (कोलेस्ट्रम) के पोषण संबंधी लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

# भिलाई स्टील प्लांट प्रदेश के विकास में देता रहे प्रभावी योगदान :मुख्यमंत्री साय




**भिलाई, 7 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भिलाई स्टील प्लांट के नवनियुक्त निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने सौजन्य मुलाकात की। इस अवसर पर महापात्र ने मुख्यमंत्री साय को पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने महापात्र को उनकी नवीन पदस्थापना पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री साय ने आशा व्यक्त की कि भिलाई स्टील प्लांट प्रदेश के विकास में प्रभावी योगदान देता रहेगा। निदेशक प्रभारी ने मुख्यमंत्री से भिलाई इस्पात संयंत्र के विस्तारीकरण में सहयोग देने का अनुरोध किया। साथ में पवन कुमार कार्यपालक निदेशक एवं संयंत्र के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिवराज ने विकास कार्यों के लिए पौने चार सौ करोड़ की दी मंजूरी



**कवर्धा,7 अगस्त।** केंद्रीय ग्रामीण विकास और कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ के विकास कार्यों को मजबूती देते हुए आज केंद्र सरकार की ओर से राज्य में 100 पुलों और अन्य निर्माण कार्यों के लिए 375.71 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की। शिवराज सिंह ने नई दिल्ली में उनसे मिलने आए छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा को स्वीकृति पत्र प्रदान करते हुए इसकी घोषणा की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बताया कि पीएम जनमन बैच-I (2025-26) के तहत छत्तीसगढ़ राज्य को 375.71 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत के साथ 6,569.56 मीटर के 100 पुल स्वीकृत किए हैं। इस स्वीकृति के साथ राज्य को अब तक 715 सड़कें (2,449.108 किलोमीटर) एवं 100 पुलों के निर्माण को स्वीकृति दी जा चुकी है। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि इसका उद्देश्य दूरदराज और अलग-अलग क्षेत्रों में रहने वाले विशेष रूप से कमजोर आदिवासी समूहों (पीवीटीजी) को सरकारी कल्याण योजनाओं का लाभ प्रदान करना है।स्वीकृति राशि की मदद से निर्मित सड़कें एवं पुल पीवीटीजी आबादी की सामाजिक-आर्थिक स्थितियों को बदलने में एक बड़ा बदलाव साबित होंगी और उन्हें राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने में मदद मिलेगी। साथ ही इस कदम से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के निर्माण की संकल्पना भी पूरी होगी। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने उप मुख्यमंत्री से कहा कि राज्य सरकार द्वारा सड़क और पुलों का निर्माण उच्च गुणवत्ता के साथ फास्ट ट्रैक मोड में पूरा हो, यह प्रसन्नता की बात होगी। बैठक में राज्य में चावल के भंडारण के लिए वैकल्पिक उपाय, ग्रामीण और पंचायत स्तर पर व्यवस्था को मजबूत करने, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत नए घरों की स्वीकृति हेतु सर्वे एवं अन्य विभिन्न विषयों पर भी चर्चा एवं भावी रणनीतियों पर बातचीत हुई।

## लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल को विधायक ने दी वेंटिलेटर एम्बुलेंस की सौगात



**भिलाई, 7 अगस्त।** सुपेला स्थित शासकीय लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल को जीवन दीप समिति के अध्यक्ष विधायक रिकेश सेन ने दो वेंटिलेटर एम्बुलेंस की सौगात दी है। वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस की स्वीकृति विधायक ने डीएमएफ फंड से दी है वहीं हास्पीटल की मरच्युरी के लिए 7 लाख रुपए दिए जायेंगे। उल्लेखनीय है कि सुपेला शासकीय अस्पताल में जीवन दीप समिति की प्रथम बैठक विधायक रिकेश सेन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई जिसमें अस्पताल की सुविधाएं बढ़ाने और क्षेत्र के लोगों को अस्पताल में बिना किसी असुविधा के अधिक से अधिक स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हो सके, इस पर जोर दिया गया। विधायक सेन ने बैठक में डीएमएफ फंड से दो वेंटिलेटर एम्बुलेंस देने की घोषणा की। इसके अलावा अस्पताल की मरच्युरी को पर्याप्त लाइटिंग और इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ व्यवस्थित बनाने 7 लाख रुपये दिए जाएंगे ताकि आने जाने वाले लोगों को डर या असहजता न हो। विधायक सेन ने लंबे समय से जेडीएस में 3 से 4 हजार रुपये मासिक दर से कार्यरत ?स्टाफ जिसमें भृत्य सहित अन्य कर्मचारी थे, को कलेक्टर दर से मानदेय भुगतान सहित अन्य वैकल्पिक व्यवस्था प्रदान किए जाने को आवश्यक बताते हुए इस पर भी मोहर लगा दी है जिससे ऐसे कर्मियों को अब 10 हजार रुपए तक मासिक मानदेय प्राप्त हो सकेगा।

## आयुक्त ने सीमेंट रोड एवं शौचालय का किया निरीक्षण



**भिलाई, 7 अगस्त।** नगर निगम भिलाई जोन-3 अंतर्गत टाटा लाइन में सीमेंटीकरण रोड एवं नाली निर्माण, पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में शौचालय निर्माण, नालियों की साफ-सफाई एवं पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय एवं जोन आयुक्त येशा लहरे द्वारा किया गया। वार्ड क्रं. 36 टाटा लाईन में 20 लाख रुपये की लागत से सीमेंटीकरण रोड एवं नाली निर्माण कार्य किया जा रहा है। आयुक्त ने रोड में पर्याप्त पानी तराई एवं शेष कार्य को अविलंब तथा गुणवत्ता युक्त पूर्ण करने ठेकेदार सिद्धार्थ शुक्ला को निर्देशित किए हैं। पावर हाउस सर्कुलर मार्केट में जिला खनिज न्यास मद अंतर्गत निर्माणाधीन सार्वजनिक सुलभ शौचालय का निरीक्षण किया गया। शौचालय निर्माण का कार्य प्रगतिरत है, जिसे अविलंब पूरा कराने सहायक अभियंता नितेश मेश्राम को निर्देशित किया गया है। इस शौचालय के निर्माण से सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट एवं सब्जी मार्केट में आने वाले लोगों को सुविधा मिलेगी। टाटा लाईन, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति एवं नालियों की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार कराने जोन स्वास्थ्य अधिकारी वीरेंद्र बंजारे को निर्देशित किया गया है। पावर हाउस सब्जी मार्केट समीपस्थ लाल मैदान एवं फल मंडी के सामने रिक्त स्थल में पार्किंग व्यवस्था हेतु सहायक राजस्व अधिकारी बसंत देवांगन को निर्देशित किया गया है।

## रक्षाबंधन महोत्सव में महिला संगठनों ने बंदियों को बांधी राखी



**भिलाई, 7 अगस्त।** महिला सामाजिक संगठनों के तत्वाधान में चार दिवसीय रक्षाबंधन महोत्सव का आयोजन 6 से 9 अगस्त तक विविध कार्यक्रमों के रूप में किया जा रहा है। आयोजन का शुभारंभ दुर्ग केंद्रीय जेल में बंदी भाइयों की कलाई पर राखी बांधकर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल की धर्मपत्नी एवं समाजसेवी श्रीमती रजनी बघेल की उपस्थिति में महिला संगठनों की 14 सदस्यीय टीम ने जेल के बंदियों को तिलक कर राखी बांधी और आरती उतारी। जेल अधीक्षक ने जानकारी दी कि यह वे बंदी हैं जिनसे कोई से कोई मिलने नहीं आया है। इस मार्मिक अवसर पर बंदी भाइयों की आंखें भर आई और बहनों ने उन्हें कंधा थपथपाकर भावनात्मक संबल दिया। आयोजन की अध्यक्षता कर रहीं सुश्री नीता चौरसिया ने बताया कि भारतवर्ष एक सांस्कृतिक राष्ट्र है, जहां हर जीव, पेड़-पौधे, पर्व और रिश्ते का विशेष महत्व है। रक्षाबंधन भाई-बहन के अटूट प्रेम का प्रतीक है, जिसे हम समाज के हर वर्ग तक पहुंचाना चाहते हैं। श्रीमती रजनी बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पर्व स्नेह, सुरक्षा और विश्वास का प्रतीक है। बहनें जब भाइयों को राखी बांधती हैं, तो वह न केवल रिश्ते को मजबूती देती हैं बल्कि समाज में प्रेम और सद्भाव की भावना भी मजबूत होती है। जेल अधीक्षक मनीष को भी महिला सदस्यों ने राखी बांधकर आयोजन का समापन किया। कार्यक्रम में श्रीमती अनु राणा, श्रीमती सोनी त्रिपाठी, श्रीमती उपासना साहू, श्रीमती मिथिला खेरारिया, श्रीमती रश्मि राजपूत, श्रीमती सरोज टंहुंगरे, श्रीमती सीमा तिवारी, श्रीमती रश्मि आगरकर, श्रीमती प्रीति अग्रवाल, श्रीमती ईश्वरी नेम, श्रीमती श्वेता जैन एवं अन्य महिला सामाजिक संगठन की सदस्याएं उपस्थित रहीं।

### शटर तोड़कर मोबाइल चोरी करने वाले गिरफ्तार



**भिलाई, 7 अगस्त।** मोबाइल दुकान से मोबाइल और नकदी चोरी करने वाले गैंग का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। चोरों ने दुकान का शटर तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 331(4), 305, 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर कार्रवाई की उर्दा थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम धौराभाठा निवासी आरोपी दानेस साहू पिता दीपक साहू (19 साल), तुषार ठाकुर पिता राम खिलावन (19 साल) और कामदेव साहू पिता दुकालू साहू (24 साल) के बारे में मुखबिर से पता चला कि मोबाइल दुकान में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है संदेह के आरोप में आरोपियों को गिरफ्तार किया गया जब पूछताछ की गई तो आरोपियों ने मोबाइल दुकान का शटर तोड़कर मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया ग्राम घुघवा निवासी योगेश साहू की सेलुद चौक उतई में दुकान है 4 जुलाई की रात को मोबाइल चोरी हो गई थी।

## विधायक ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश



**भिलाई, 7 अगस्त।** हथखोज ट्रांसपोर्ट नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम का आयोजन हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अहिवारा विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा एवं विशिष्ट अतिथि भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह की उपस्थिति रही। दोनों अतिथियों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर ट्रांसपोर्ट नगर के सभी गणमान्य ट्रांसपोर्टर्स, नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। मुख्य रूप से भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, महेंद्र सिंह, सुधीर सिंह, अनिल सिंह, बलजिंदर सिंह बिंद्रा, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह लाछू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, एवं अन्य सक्रिय सदस्य जैसे सुनील चौधरी, पंकज सिंह, शाहनवाज कुरैशी, सोम सिंह, यश सिंह, पीताम्बर, गुरप्रीत सिंह, गुरमीत सिंह, रमन पारस, पंकज शर्मा, शिवपूजन यादव, मनोज अग्रवाल, सुनील यादव, ललित यादव, हर्ष शर्मा सहित दर्जनों लोगों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

## रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं का जत्था अयोध्या रवाना



**भिलाई, 7 अगस्त।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की महत्वपूर्ण योजना रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत जिले से रामभक्तों का एक बड़ा जत्था अयोध्या धाम के लिए रवाना हुआ। दुर्ग रेलवे स्टेशन से 149 श्रद्धालुओं को ट्रेन के माध्यम से रवाना किया गया, जिनमें 120 श्रद्धालु ग्रामीण क्षेत्र से तथा 29 शहरी क्षेत्र से शामिल हैं। इस अवसर पर अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर, दुर्ग शहर विधायक गजेन्द्र यादव, महापौर श्रीमती अलका बाघमार, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सरस्वती बंजारे, कमिश्नर सत्यनारायण राठौर, कलेक्टर अभिजीत सिंह, सीईओ जिला पंचायत बजरंग दुबे ने श्रद्धालुओं से भरी ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। श्रद्धालुओं को स्टेशन पर फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान भोजन, आवास एवं अन्य सुविधाओं की संपूर्ण व्यवस्था प्रशासन द्वारा सुनिश्चित की गई है। तीर्थयात्री 9 अगस्त की रात को अयोध्या दर्शन कर लौटेंगे। रवाना होते समय श्रद्धालुओं को जनसम्पर्क विभाग द्वारा प्रकाशित मासिक पत्रिका छत्तीसगढ़ जनमन की प्रतियां भी भेंट की गईं। श्रद्धालुओं ने इस योजना की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हर वर्ग को इस योजना का लाभ मिल रहा है। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग के उपसंचालक ए.पी.गौतम, सुरेन्द्र कौशिक एवं रेलवे विभाग के अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।

## राखी सिर्फ धागा नहीं प्यार, विश्वास और आशीर्वाद का प्रतीक : देवेंद्र



**भिलाई, 7 अगस्त।** रक्षाबंधन के अवसर पर सेक्टर-5 स्थित पंडाल में रक्षाबंधन पर्व का आयोजन किया गया, जहां पूरे विधानसभा क्षेत्र से हजारों महिलाएं और युवतियां विधायक को राखी बांधने के लिए उमड़ीं। यह आयोजन भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव द्वारा स्वयं के स्तर पर आयोजित किया गया था, जिसमें राखी बांधने के साथ-साथ महिलाओं के लिए विशेष भोजन, मनोरंजन, गीत-संगीत, और छत्तीसगढ़ी सुआ नृत्य की भी आकर्षक प्रस्तुति हुई। विधायक का पूरा हाथ राखियों से भर गया था। इससे अभिभूत विधायक ने कहा कि पूरा भिलाई मेरा परिवार है। यह रक्षाबंधन सिर्फ एक पर्व नहीं, बल्कि हमारे विश्वास और प्रेम का प्रतीक है। यह परंपरा सालों से चल रही है, और इसे मैं हर साल अपनी बहनों के साथ मनाता हूं। विधायक ने याद करते हुए कहा पिछले साल जब मैं जेल में था, तब भी मेरी बहनें राखी लेकर वहां पहुंचीं थीं। यह सिर्फ धागा नहीं, बल्कि प्यार, विश्वास और आशीर्वाद का प्रतीक है। यही मेरा सबसे बड़ा धन है। राखी बांधने पहुंची महिलाओं ने विधायक को तिलक कर रक्षा सूत्र बांधा और उनकी लंबी उम्र, सफलता और स्वस्थ जीवन की कामना की। कई बहनों ने कहा कि विधायक से उनका रिश्ता सिर्फ एक जनप्रतिनिधि का नहीं, बल्कि भाई जैसा है, जो हर समय उनके साथ खड़ा रहता है। रक्षाबंधन पर्व के इस आयोजन में सुबह से ही महिलाओं की भीड़ लगने लगी थी। आयोजन समिति द्वारा पंडाल में बैठने, खाने और सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई थी। छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य और गीत-संगीत ने माहौल को और भी उल्लासमय बना दिया।

### 12 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह का अंतिम रिहर्सल

**दुर्ग, 7 अगस्त।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिले में गरिमामयी एवं हर्षोल्लास के साथ जिला मुख्यालय स्थित प्रथम बटालियन दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके अनुसार अपर

## युक्तियुक्तकरण से शिक्षक की नियुक्ति के बाद बच्चों को स्कूल में मिल रही बेहतर शिक्षा



**दुर्ग, 7 अगस्त।** धमधा विकासखंड के ग्राम तुमाखुर्द में एक सरकारी प्राथमिक शाला है। जहां पहली से पांचवी तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। जहां 19 बच्चे अध्ययनरत हैं। लेकिन शिक्षक के अभाव में बच्चों को शिक्षा नहीं मिल पाती थी। पहली से पांचवी तक के बच्चों को केवल एक ही शिक्षक पढ़ाते थे। रोज सभी कक्षाओं में बच्चों को पढ़ाई नहीं हो पाती थी। रोज पढ़ाई नहीं होने के कारण बच्चे स्कूल नहीं जाते थे। शिक्षा व्यवस्था में सुधार होने के बाद शिक्षा में गुणवत्ता आई है। बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया की गई है। पर्याप्त शिक्षक उपलब्ध होने से बच्चों का भी मन लगने लगा है। यह शिक्षा नीति में बदलाव आने के कारण संभव हो पाया है। जहां पहले बच्चों की दर्ज संख्या कम होती थी वहां अब शत-प्रतिशत् उपस्थिति रहती है।

बच्चों की किलकारिया वहां सुनाई नहीं देती थीं, क्योंकि एक ही शिक्षक उपस्थित रहते थे। अभिभावकों की चिंता बढ़ती जा रही थी, खासकर खुशबू के माता-पिता की, जिनकी बेटी पढ़ना चाहती थी लेकिन हालात उनका साथ नहीं दे रहे थे। ऐसे में वे असहाय थे और खुद को किस्मत के भरोसे छोड़ चुके थे। शिक्षा विभाग द्वारा किए गए युक्तियुक्तकरण के तहत स्कूल में आखिरकार एक योग्य शिक्षक की नियुक्ति हुई। स्कूल में बच्चों की चहल-पहल शुरू हो गई। खुशबू भी अब हर सुबह मुस्कान के साथ स्कूल जाती है। वह कहती है अब स्कूल आना बहुत अच्छा लगता है। हमें नए-नए खेल सिखाए जाते हैं, कविताएं पढ़ाई जाती हैं और कहानियां सुनाई जाती हैं। खुशबू जैसे नन्हें बच्चों को शिक्षा नीति के माध्यम से न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिली, बल्कि उन्हें एक नई दिशा और अवसर भी मिला। आज स्कूल में 19 बच्चे पढ़ाई कर रहे हैं।

## आयुक्त ने दिए रेन वाटर हार्वेस्टिंग कार्य में गति लाने के निर्देश



**भिलाई, 7 अगस्त।** नगर पालिक निगम के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने साप्ताहिक समीक्षा बैठक लेकर स्व विवरणी में दिए गए गलत जानकारी के संबंध में कार्रवाई, संपत्ति कर वसूली, नियंत्र कर, एजेंसी द्वारा रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण, पावर हाउस पार्किंग स्थल, खुर्सीपार स्टेडियम, मदर मार्केट एवं सी मार्ट के संबंध में विस्तृत चर्चा प्राप्त की। निगम आयुक्त ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के कार्य में गति लाने एवं वर्षा ऋतु समाप्ति से पहले कार्य पूर्ण किये जाने के संबंध में निर्देश दिया। रैन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण हेतु चयनित एजेंसी को प्रति दिवस अपना प्रगति प्रस्तुत करना होगा। मकान मालिक जो भवन अनुज्ञा के समय अपना धरोहर राशि जमा किये हैं वे अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण कर लाभ ले सकते हैं। लाभ के रूप में अपना राशि वापस पा सकते हैं। निगम आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशानुसार नाली के ऊपर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही किया जायेगा। पेयजल, पाइप लाइन संधारण कार्य कराया जाना निगम का प्राथमिकता का विषय है। भवन अनुज्ञा के बगैर भवन निर्माण करने वालों पर सख्ती से करवाई किया जाएगा। बी.एस.पी प्रबंधन द्वारा नियम विरुद्ध स्वमेव भवन अनुज्ञा एवं बिक्री किया गया है, जो कि विधिवत गलत है। संपत्ति के संबंध में बी एस पी प्रबंधन द्वारा स्वविवरणी में गलत जानकारी दिया गया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 की जांच के पश्चात् 228 करोड़ का संपत्तिकर वसूली हेतु बी.एस.पी प्रबंधन को नोटिस जारी किया गया है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बेस्ट वार्ड, बेस्ट स्कूल एवं बेस्ट कॉलेज का अवार्ड प्रदान किया जाएगा, चयन प्रक्रिया हेतु विशेष मॉनिटरिंग टीम लगातार सक्रियता से कार्य कर रही है। निगम भिलाई द्वारा राशन कार्ड जांच में 2593 फर्जी पाये गये हैं। पाए गए फर्जी राशन कार्ड के सम्बन्ध में कार्रवाई की जाएगी। मोर संगवारी योजना अंतर्गत किए जा रहे जनहित के कार्य में भिलाई पूरे छत्तीसगढ़ में द्वितीय स्थान पर है। शहर में हो रहे अवैध प्लाटिंग रजिस्ट्री को शून्य कराये जाने की कार्यवाही के संबंध में निगम आयुक्त द्वारा निर्देश दिया गया है। कलेक्टर जनदर्शन, कलेक्टर टी.एल, जन शिकायत, पी एम ओ शिकायत, निदान 1100 संबंधी कई विषयों पर चर्चा कर संबंधित अधिकारियों को यथाशीघ्र निराकरण हेतु निर्देशित गया है।

## एक नजर

### जनपद अध्यक्ष ने किया दुकान का उद्घाटन



**सिमगा, 07 अगस्त।** नगर मे संगम दाल किसान प्रोडसर कंपनी बनसाकरा द्वारा नया दुकान का संचालित किया गया. दुकान का उद्घाटन जनपद अध्यक्ष दौलत पाल. सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे जी के हाथो से रीबन काटकर उदघाटन किया गया. . उद्बोधन मे जनपद अध्यक्ष दौलत पाल ने कहाँ की सभी को यह दुकान से राशन समाग्री जैसे दाल. चना आदि जैसे समान खरीदना है और सही दाम पर यह पर समान उपलब्ध रहेगा. जनपद अध्यक्ष ने उदघाटन के बाद राहल दाल. मूंगदाल. चना दाल. मशुर जैसे अपने घर के लिए समान ख़रीदे उक्त अवसर पर उपस्थित रहे कुमारी धुरु अध्यक्ष. सचिव. सुनीता सोनवानी. कोषाध्यक्ष संगीता घृतलहरे. तेजीन निषाद. तिलेशवारी निर्मलकर. दुलेशवारी साहू. सुलेखा घृतलहरे. छाया सोनवानी. अंजली मानिकपुरी. मधु जांगड़े. जितेंद्र यदु. तनूजा बघेल. वीरेंद गहरे. भाजपा नेता पूरन कुर्रे आदि सैकड़ो जनप्रतिनिधि लोग उपस्थित रहे।

### विधि महाविद्यालय में तीन कक्षों का हुआ लोकार्पण



**राजनांदगांव, 7 अगस्त ।** पंडित किशोरीलाल विधि महाविद्यालय में आज छात्रोपयोगी मूट कोर्ट सहित सेमिनार हॉल तथा नांदगांव शिक्षा मंडल कार्यालय का लोकार्पण किया गया । नांदगांव शिक्षा मंडल के अध्यक्ष ने मूट कोर्ट , सचिव अनिल वार्ष्णेय ने सेमिनार हॉल तथा वरिष्ठ सदस्य नन्द कुमार अग्रवाल ने शिक्षा मंडल कार्यालय का फीता काटकर उदघाटन किया । विधि महाविद्यालय में आज संध्या नांदगांव शिक्षा मंडल के पदाधिकारियों तथा कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति में छात्रों के लिए प्रायोगिक उद्देश्य को पूरा करने मूट कोर्ट का उद्घाटन किया गया । साथ ही विभिन्न अवसर पर होने वाले आयोजनों के लिए सेमिनार हॉल का भी लोकार्पण किया गया । विधि महाविद्यालय की संचालन संस्था नांदगांव शिक्षा मंडल के कार्यालय का भी औपचारिक उद्घाटन किया गया । सबसे जरूरी मूट कोर्ट की जरूरत प्रतीकात्मक बहस को ध्यान में रखते हुए पूरी की गई , ताकि कानून की शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र बहस की विधि और कार्यप्रणाली को समझ सकें ।

### 4 हुड़दंगियों के खिलाफ कार्रवाई




**राजनांदगांव, 07 अगस्त।** थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व पर थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले अनावेदक 01. हिमेन्द्र मंडावी पिता नरेश मंडावी उम्र 18 साल निवासी कौरिनभांठा, 02. रत्नेश उर्फ राहुल सिंह ठाकुर पिता स्व0 भगत सिंह ठाकुर उम्र 25 साल निवासी ब्राम्हणपारा दुर्गा चौक 03. मोनू यादव पिता स्व0 देवीलाल यादव उम्र 25 साल सा0 इंदिरा नगर राजनांदगांव 04. रूपेश उर्फ मोनू गेण्ड्रे पिता घनश्याम गेण्ड्रे उम्र 32 साल निवासी कुंआ चौक नंदई राजनांदगांव को गिरफ्तार कर चारो अनावेदकगणों के विरूद्व धारा 170, 126,135(3) बीनएसएसएस के तहत् कार्यवाही कर अनावेदगणो को माननीय एस0डी0एम0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय से अनावेदकगणो का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त जिला जेल राजनांदगांव दाखिल किया गया। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक एमन साहू, प्र0आर0 विनोद जाटव, प्र0आर0 दीपक जायसवाल म0प्र0आर0 सीमा एवं आरक्षक अतहर अली, की सराहनीय भूमिका रही है।

### जान से मारने की धमकी देने वाला गिरफ्तार



**बलौदाबाजार, 7 अगस्त।** प्रार्थी कौशलेश यादव निवासी ग्राम मडकडा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 17.06.2025 के दोपहर 2:00 बजे वह स्कूल चौक के पास खड़ा था, उसी समय आरोपी तिरिथ राम केवट आया और उसे तालाब के पास लेकर गया, फिर पुरानी बात को लेकर अश्लील गाली गलौच करने लगा, जिसे मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का से मारपीट किया गया। कुछ देर बाद आरोपी फिर प्रार्थी के घर आय एवं डंडा और चाकू लेकर जान से मारने की धमकी देते हुए प्रार्थी के साथ डंडा से मारपीट किया। रिपोर्ट पर थाना कसडोल में आर्म्स एक्ट का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कसडोल पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी तिरिथ राम केवट को हिरासत में लिया गया।

## हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता

# स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर डोंगरगांव में निकाली गई तिरंगा रैली



**राजनांदगांव, 7 अगस्त।** हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता : स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम के तहत जनपद पंचायत डोंगरगांव में देशभक्ति की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और स्वच्छता के प्रति जनचेतना को सशक्त बनाने के लिए तिरंगा रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं नगरवासी शामिल हुए। तिरंगा रैली जनपद पंचायत डोंगरगांव परिसर से प्रारंभ होकर ग्राम कोहका पहुंची तथा ग्राम कोहका से ग्रामीण आदिवासी अंचल के ग्राम कोकपुर तक तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। तिरंगा रैली में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती जागृति यदु, अध्यक्ष जनपद पंचायत श्रीमती रंजीता पटौदी, उपाध्यक्ष जनपद पंचायत मनीष साहू, सदस्य जनपद पंचायत डोंगरगांव सहित अन्य जनप्रतिनिधि, सरपंच, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

# प्रधान पाठक व शिक्षक निलंबित, तीन शिक्षकों का रोका गया इंक्रिमेन्ट

### जूठा भोजन परोसने के मामले में प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 7 अगस्त।** कुत्ते का जूठा भोजन परोसने के मामले में कलेक्टर दीपक सोनी के प्रस्ताव पर कड़ी कार्यवाही करते हुए स्कूल के प्रभारी प्रधान पाठक एवं एक शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है वहीं तीन अन्य शिक्षकों की आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया है। जारी आदेशानुसार विकासखंड पलारी अंतर्गत शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला लच्छनपुर में 28 जुलाई को रसोईयो द्वारा बनाए गये मध्यान्ह भोजन की सब्जी को आवारा कुत्ते द्वारा जूठा कर दिये जाने के बाद भी रसोइया एवं प्रधानपाठक द्वारा जानबूझकर परोसे जाने की शिकायत को छुपाने का प्रयास किया गया और 84 बच्चों को मध्यान्ह भोजन सेवन पश्चात् गुपचुप तरीके से एंटी रेबीज़ टीका भी लगवाए जाने की सूचना प्राप्त हुई। इस घटनाक्रम मे संस्था में स्कूल के प्रभारी प्रधानपाठक नेतराम गिरि एवं शिक्षक एल बी वेदप्रकाश पटेल को प्रथम दृष्ट्या दोषी पाए जाने तथा कर्तव्य में घोर लापरवाही एवं सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के विपरीत मानते हुए संभागीय संयुक्त संचालक शिक्षा संभाग रायपुर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलंबन अवधि में प्रधानपाठक नेतराम गिरि व शिक्षक वेदप्रकाश पटेल का मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय सिमगा नियत किया गया है। इसके साथ ही संस्था में पदस्थ शिक्षक एलबी रविलाल साहु, शिक्षक एलबी नेमीचंद बघेल एवं शिक्षक एलबी नामप्यारी ध्रुव के द्वारा जानबूझकर तथ्य को छिपाने हेतु सहयोग करने के कारण आगामी एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया है।

## नाकाबंदी अभियान में 223 व्यक्तियों के विरुद्ध की गई विभिन्न धाराओं में कार्रवाई



**बलौदाबाजार-भाटापारा, 07 अगस्त।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा दिनांक 05.08.2025 को सायं 05:00 से रात्रि 07:00 तक जिले के 22 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों एवं अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के गार्डन चौक बलौदाबाजार, सांई मंदिर चौक पलारी, भालूकोना मोड लवन, अस्पताल चौक भाटापारा, पटपर भाटापारा, तिल्दा अंडरब्रिज चौक सिमगा, ग्राम सुहेला तिगड्डा, हथबंद तिगड्डा, हडहापारा चौक कसडोल, बस स्टैंड गिधौरी, वीर नारायणपुर मोड चौक (भुसड़ीपाली चौक) सोनाखान एवं ग्राम बया सहित विभिन्न स्थानों में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया। चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 223 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है।

### कांग्रेस ने भाजपा सरकार के खिलाफ किया विरोध प्रदर्शन

**जगदलपुर, 7 अगस्त।** आज बस्तर जिला युवा कांग्रेस शहर/ग्रामीण अध्यक्ष अजय बिसाई, कार्यकारी अभिषेक डेविड व एनएसयूआई अध्यक्ष विशाल खंबारी के संयुक्त नेतृत्व में स्वास्थ्य संबंधित मुद्दों को लेकर युवा कांग्रेस के सदस्यों से मुलाकात व ज्ञापन अस्वीकार किए जाने को लेकर संभाग मुख्यालय राजीव भवन जगदलपुर के समक्ष स्वास्थ्य विभाग का शव यात्रा निकाला एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जयसवाल का विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया गया। युवा कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष कार्यकारी अभिषेक डेविड़ ने बताया बस्तर की स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर स्वास्थ्य मंत्री से मिलने की बात को लेकर समय लिया था, जहाँ कुछ मांग थी, जिसमें सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल 232 करोड़ रुपए की लागत से 250 बेड बनाया गया था, जिसमें सुपर स्पेशलिस्ट अस्पताल 3 वर्ष से पूर्ण हो चुका है लेकिन आज तक प्रारंभ नहीं हुआ है।

## बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने मनाया इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिन



**जगदलपुर, 7 अगस्त।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद मशहूर शायर इमरान प्रतापगढ़ी का जन्मदिन के अवसर पर रोजवीन दास, अध्यक्ष, बस्तर जिला कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के नेतृत्व में बस्तर जिला के जगदलपुर आस्था निकुंज ( वृद्धा आश्रम ) में बुजुर्ग माताओं के साथ केक काटकर एवं फल वितरण और फलदार पौधों का वृक्षारोपण करते हु? बड़े ही हर्ष के साथ मनाया गया, ईश्वर से उनके उज्जवल भविष्य एंव दीर्घायु के लिए प्रार्थना की गई। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी के पूर्व जिला अध्यक्ष रामशंकर राव , कांग्रेस के वरिष्ठ सदस्य हनुमान दुबे , अंगद त्रिपाठी ,मोइन अख्तर ,नगर निगम के उप नेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, प्रदेश अल्पसंख्यक विभाग के महामंत्री जितेंद्र अहलूवालिया , प्रार्षद सूर्यापानी, जोस्टीन भवानी ,पूर्व पार्षद ललिता राव, बलराम यादव ,कमलेश पाठक ,सुषमा सुता, महिला कांग्रेस शहनाज बेगम ,अंजना नाग ,एस. नीला, ज्योति राव, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष अजय बिसाई, नेलविन दास, इंद्रा कुमार त्यागी बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता अपस्थित रहे।

### हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता अभियान 8 से

**कोण्डागांव ।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने बुधवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा बैठक शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं निर्माण कार्यों के प्रगति की गहन समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में जिले के विद्यालयों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के सख्त निर्देश दिए और कहा कि शिक्षक समय पर उपस्थित हों और अध्यापन का कार्य बेहतर ढंग से करें। बैठक में 08 अगस्त से 15 अगस्त तक आयोजित हो रहे हर घर तिरंगा-हर घर स्वच्छता उत्सव, स्वच्छता के संग अभियान के संबंध में राज्य शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई और संबंधित विभागों को निर्धारित तिथि अनुसार विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के निर्देश दिए गए। साथ ही स्वतंत्रता दिवस समारोह के सफल आयोजन हेतु विभिन्न विभागों को सौंपे गए जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता के साथ करने हेतु कहा गया।

## रक्षाबंधन के पूर्व भूतपूर्व सैनिकों को महिलाओं ने राखी बांधी





**राजनांदगांव, 7 अगस्त।** राजनांदगांव देश की रक्षा करने वाले सैनिक जब तक वह बॉर्डर में देश की रक्षा करते हैं उतने सालों तक रक्षाबंधन में उनकी बहनें प्रत्यक्ष रूप से राखी नहीं बंधा पाते। बॉर्डर में जब सैनिक रहते हैं तो परिवार वालों के साथ प्रत्यक्ष रूप से दिवाली नहीं मना पाते इस दर्द को सैनिकों ने सालों तक सहन किया है। इस त्याग की भरपाई करने के लिए अब राजनांदगांव के भूतपूर्व सैनिक रक्षाबंधन के 2 दिन पूर्व एक नहीं बहुत सारी बहनों से राखी बंधवाते वह देखे गए। उनका कहना रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई के पास चली जाती है इसलिए दो दिन पूर्व सैनिकों ने राखी बंधवाने का फैसला किया। आज 7 अगस्त को राखी सैकड़ो की संख्या में महिलाएं भूतपूर्व सैनिकों से राखी बांधी।

### भाजपा की दोहरी नीति की शिकार हुई छत्तीसगढ़ की जनता : रतन सिंगी

**खैरागढ़, 7 अगस्त।** नगर पालिका परिषद के पूर्व एल्डरमैन रतन सिंगी ने कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा प्रदेश के घरेलू उपभोक्ताओं को बिजली बिल में दी जाने वाली 400 यूनिट तक पचास फ़ीसदी छूट को समाप्त किए जाने पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए कहा जब से छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है छत्तीसगढ़ की जनता को दोहरी नीति का शिकार होना पड़ रहा है। झूठे लोक लुभावने योजनाओं के दम पर सत्ता हासिल करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा 400 यूनिट बिजली की खपत वाले केवल 14 लाख उपभोक्ता ही कहना मध्यमवर्गीय परिवार की अहितैसी भाजपा सरकार की चाल चरित्र को उजागर करता है। रतन सिंगी ने आगे कहा कांग्रेस के तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक मार्च 2019 में 45 लाख घरेलू उपभोक्ताओं को लाभ पहुँचाने 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना लागू की थी। जिसका सीधा लाभ 1043 रूपए उपभोक्ताओं को प्रतिमाह मिलता रहा है। लेकिन अब जनता को बढ़े हुए दर के साथ बिजली बिल का बोझ उठाना पड़ेगा।

## भाजपा सरकार जनता का आर्थिक बोझ बढ़ा रही : कांग्रेस



**राजनांदगांव 07 अगस्त।** भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिल हॉफ योजना बंद कर एक तरह से गरीब जनता पर अत्याचार के समान है। डेढ़ साल में ही भाजपा की सरकार द्वारा चार बार बिजली बिल के दामों में वृद्धि कर चुकी है अब फिर प्रदेश की जनता पर आर्थिक भार डालते हुए 400 यूनिट को घटाकर 100 यूनिट से उपर खपत करने वालों को ही हाफबिजली बिल योजना का लाभ मिल सकेगा बाकि जनता को पूरा बिल भुगतान करने आर्थिक व मानसिक बोझ डालने जा रही है जिसको लेकर कांग्रेसजनों द्वारा बुधवार 06 अगस्त को प्रेसवार्ता लेकर दी जानकारी। शहर कांग्रेस कमेटी के महामंत्री अमित चंद्रवंशी ने बताया कि प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धि और हाफबिजली बिल योजना को समाप्त किए जाने से आमजनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। जिसको लेकर छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज के निर्देशानुसार शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा व जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भागवत साहू के नेतृत्व में प्रेसवार्ता ली गई। शहर कांग्रेस अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा लगातार बिजली बिल के दामों में वृद्धि कर रही है वही अब 400 यूनिट बिजली बिल योजना को संसोधित कर 100 यूनिट खपत करने वालों को ही योजना से जोड़ा जा रहा है जो न्यायसंगत उचित नहीं है। एक तरह से किया जाए तो साय सरकार द्वारा बिजली बिल आधा योजना को बंद किये जाना जनता के उपर अत्याचार है। भाजपा सरकार ने मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले को ही बिजली बिल हॉफकरने का निर्णय लिया है।

## अतिक्रमण हटाने चला अभियान



**राजनांदगांव 7 अगस्त।** शहर के व्यस्तम मार्ग को सुव्यवस्थित करने तथा यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने व सुगम आवागमन के लिए प्रशासन द्वारा शहर में अतिक्रमण हटाव अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के प्रथम चरण में दो बार चेम्बर ऑफकामर्स तथा व्यापारियों की बैठक लेकर चर्चा की गयी, चर्चा उपरांत प्रशासन की टीम शहर के प्रमुख मार्गो में जाकर दुकान की सीमा में समान रखने व अतिक्रमण हटाने समझाईस दिये। समझाईस उपरांत समान व्यवस्थित नही रखने पर प्रशासन की टीम पुलिस बल के साथ फ्लाई ओव्हर के नीचे, गुड़ाखु लाईन,सिनेमा लाईन, जूनीहटरी, ममता नगर क्षेत्र में अतिक्रमण हटाव अभियान चलाकर समान हटा अतिरिक्त लगे शेड तोडने की कार्यवाही किए थे, साथ ही गुरूद्वारा रोड, महाकाल चौक, जय स्तम्भ चौक के आस पास तथा शहर के अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाने समझाईस दिये थे। गौरतलब है कि गुडाखू लाईन, सिनेमा लाईन, जूनीहटरी क्षेत्र एवं फ्लाई ओव्हर के नीचे पुनः अतिक्रमण होने पर आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एस.डी.एम. श्री खेमलाल वर्मा व तहसीलदार श्री अमिय श्रीवास्तव आज घुम घुमकर समझाईस देकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही किए।

## विधायक मोतीलाल साहू ने किया वार्ड-51 में पेवर लगाने भूमिपूजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 7 अगस्त।** आज रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने रायपुर ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के जोन क्रमांक 9 अंतर्गत लाल बहादुर शास्त्री वार्ड क्रमांक 51 के क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना संकल्प सोसायटी फेस 2 में सुन्दरता निखारने हेतु 7 लाख 76 हजार रू. की स्वीकृत लागत से पेवर लगाने का नवीन विकास कार्य वार्ड 51 की पार्षद श्रीमती रेणु जयंत साहू सहित जोन 9 जोन कमिष्नर श्री संतोष पाण्डेय, कार्यपालन अभियंता श्री अंषुल शर्मा सीनियर एवं संकल्प सोसायटी फेस 2 के रहवासियों के मध्य श्रीफल फोडकर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन करते हुए प्रारंभ किया। ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू ने कार्य का भूमिपूजन कर जोन 9 कमिष्नर एवं कार्यपालन अभियंता को स्वीकृति अनुरूप शीघ्र नया विकास कार्य वार्ड 51 के संकल्प सोसायटी फेस 2 क्षेत्र में प्रारंभ कर पेवर लगाने एवं समय सीमा में कार्य मॉनिटरिंग कर गुणवत्ता सहित पूर्ण करने के निर्देष दिये। वार्ड पार्षद श्रीमती रेणु जयंत साहू ने पेवर लगाने का नया विकास कार्य वार्ड क्षेत्र में प्रारंभ करवाने पर संकल्प सोसायटी फेस 2 के सभी रहवासियों की ओर से रायपुर ग्रामीण विधायक श्री मोतीलाल साहू को धन्यवाद दिया।

## तुरेनार में फिश फीड मिल से रोजगार के साथ सस्ता पशु आहार मिल रहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**जगदलपुर, 07 अगस्त।** प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनांतर्गत जगदलपुर के तुरेनार गांव में एक अत्याधुनिक मत्स्य आहार इकाई मत्स्य पालकों और पशुपालकों को उचित दरों पर मछली और पशु आहार उपलब्ध करा रही है। इससे उनकी उत्पादकता बढ़ रही है और किसानों की आय में इजाफा हो रहा है। इसके अतिरिक्त इस मिल ने स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर भी पैदा किए हैं। बस्तर निवासी शिवदुलारी द्वारा तुरेनार में स्थापित यह फीड मिल एक सफल उदाहरण है कि कैसे विभागीय योजनाएं ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर सकती हैं। तुरेनार की फीड मिल वर्तमान में प्रति माह 50 टन फ्लोटिंग फिश फीड का उत्पादन कर रही है। बाजार में प्रतिस्पर्धा के बावजूद, मिल फीड की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे रही है। मछली आहार के अलावा, यह इकाई बड़ी मात्रा में पशु आहार और कुक्कुट आहार का भी उत्पादन कर रही है, जिससे जिले के पशुपालक किसानों की जरूरतों को पूरा किया जा रहा है। अब तक इस मिल ने 200 टन मत्स्य आहार, 20 टन पशु आहार और 25 टन कुक्कुट आहार का उत्पादन और विक्रय किया है। इससे मत्स्य आहार से 76 लाख रुपए, पशु आहार से 5 लाख 20 हजार रुपए और कुक्कुट आहार से 8 लाख रुपए की उल्लेखनीय आय हुई है। उत्पादित फीड जिले के भीतर और बाहर के मत्स्य पालकों, पशुपालकों और संबंधित सरकारी संस्थाओं को बेची जा रही है, जो इस पहल की व्यापक पहुंच और सफलता को दर्शाता है।

## चेम्बर कार्यालय में जीएसटी समस्याओं को लेकर अहमदाबाद क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों से हुई चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायपुर, 7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज कार्यालय-चै.देवीलाल व्यापार उद्योग भवन बाम्बे मार्केट, रायपुर में आज दिनांक 6 अगस्त 2025 को करदाता सेवा महानिदेशालय, अहमदाबाद क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों के साथ चेम्बर पदाधिकारियों से जीएसटी समस्याओं को लेकर चर्चा हुई जिसमें केन्द्रीय जीएसटी एवं राज्य जीएसटी की समस्याओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की गई। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री सतीश थौरानी ने निवेदन किया कि फेक इनवाइस से संबंधित उस व्यापारी के खिलाफ जांच की जावे जिसने फेक इनवाइस जारी किया है, न कि उन व्यापारियों को परेशान किया जावे जो फेक इनवाइस से पीड़ित है। ऐसा देखा गया है कि विभाग द्वारा फेक इनवाइस से पीड़ित डीलर और उसके ग्राहकों को नोटिस भेजकर परेशान किया जाता है। चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष श्री थौरानी ने उपस्थित अधिकारियों को व्यापारियों की समस्याओं की जानकारी देते हुए बताया कि व्यापारी अभी मेल का उपयोग ज्यादा नहीं करते हैं तो ऐसी स्थिति में अनेकों बार विभाग के नोटिस का जवाब समय पर नहीं दे पाते, परिणामस्वरूप उन्हें भारी पेनाल्टी का भुगतान करना पड़ता है। चेम्बर ने अधिकारियों को सुझाव दिया कि जिन भी व्यापारियों के खिलाफ नोटिस भेजा गया है पोर्टल में उनके नाम पर पॉपप होना चाहिये जिससे व्यापारियों को जानकारी हो सके।

करदाता सेवा महानिदेशालय, अहमदाबाद क्षेत्रीय इकाई के अधीक्षक श्री अनिल कुमार श्रीधरन ने कहा कि हम चेम्बर एवं सरकार के साथ समन्वय कराने में ÷सेतु÷ का काम करेंगे। चेम्बर से प्राप्त नीति स्तर के मुद्दे, प्रक्रिया /पुनर्गठन और अन्य संशोधन, रजिस्टेªशन, रिफंड एवं अन्य सभी समस्याओं को जीएसटी कौंसिल में भिजवाने की कोशिश करेंगे। व्यापारियों की समस्याओं को निराकरण करने का भरपूर प्रयास करेंगे।

## संपादकीय

### ट्रंप के सामने भारत अडिग खड़ा है

अमरीका विश्व का नंबर वन देश है, हर तरह से शक्तिशाली हैं। आर्थिक रूप से, सैन्य रूप से। ट्रंप के पहले भी अमरीका पूरी दुनिया में दादागिरी किया करता था, वह चाहता था कि वह जैसा कहे सारे देश वैसा करें लेकिन तब उसकी बराबरी का देश एक ही था, सोवियत संघ। सोवियत संघ के बिखरने के बाद अमरीका ने दुनियां में लोकतंत्र,शांति के नाम पर कई देशों के साथ अन्याय किया है, उनको बरबाद कर दिया। रूस अमरीका का विरोध आज भी करता है लेकिन उसकी ताकत पहले जैसी नहीं रहीं फिर चीन के साथ खड़ा रूस अमरीका के लिए कई जगह परेशानी तो पैदा करता है। रूस व चीन तो अमरीका के निशाने पर पहले से थे क्योंकि वह जानता है कि उसकी जगह लेने की क्षमता चीन में है। यदि रूस,चीन व भारत एक साथ हो गए तो उसके लिए आने वाले दिनों में परेशानी खड़ी कर सकते हैं, इसलिए वह मेक अमरीका ग्रेट अगेन के नाम पर तीनों को परेशान कर रहे हैं, ट्रेरिफ के नाम पर डराना व दबाना व अपनी बात मनवाना चाहता है। चीन व रूस ने तो अमरीका के दवाब में आने से मना कर दिया। रह गया भारत। भारत से अमरीका इसलिए चिढ़ा हुआ था कि भारत ने उनका शांति का नोबल पुरस्कार सपना पूरा नहीं होने दिया। ट्रंप उम्मीद कर रहे थे भारत अमरीका सीज फायर कराने की बात स्वीकार कर ले, भारत ने साफ मना कर दिया। इसके बाद ट्रंप ने भारत पर दवाब बढ़ाने के लिए टेरिफ बढ़ाने की धमकी दी इसलिए कि भारत रूस से तेल खरीद रहा है, इससे ट्रंप का यूक्रेन-रूस युध्द रोकने का वादा पूरा नहीं हो रहा है ट्रंप ने पहले 25 प्रतिशत टेरिफ की धमकी दी, भारत ने साफ कह दिया कि वह देशहित के जो भी होगा वह करेगा, साथ ही उसने यह कर ट्रंप को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया कि अमरीका व यूरोपियन यूनियन भी तो रूस बहुत कुछ खरीद रहे हैं। इससे और चिढ़कर अमरीका ने भारत 50 प्रतिशत टेरिफ लगा दिया है,भारत जानता है कि ट्रंप के सामने झुकने का मतलब घरेलू राजनीति में नुकसान होने के साथ ही उसकी सारी नाजायज बाते माननी होंगी. यही वजह है कि भारत ने अमरीका के सामने झूकने से मना कर दिया है। भारत का बाजार चाहिए तो झुकना ट्रंप को होगा ।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए मन मुताबिक लाभ दिलाने वाला रहेगा। कारोबार में आपको कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। आपको अपने कार्यो पर पूरा ध्यान देना होगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक व मानसिक बोझ से छुटकारा मिलेगा। आपको किसी की कही सुनी बातों पर भरोसा करने से बचना होगा और आप संतान के करियर को लेकर अपने किसी मित्र से बातचीत कर सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा।

**वृषभ** आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्ण रहने वाला है। आपको वरिष्ठ सदस्यों की मदद से काफी कुछ मिलेगा। कोई शारीरिक समस्या होने से मन परेशान रहेगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति को यदि आपने धन उधार दिया था, तो वह आपको वापस मिल सकता है। परिवार के किसी सदस्य की सेहत को लेकर आपके मन में टेंशन भी बनी रहेगी। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा और आपको भावनाओं में बहकर किसी काम के लिए हामी नहीं भरनी है।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए मान-सम्मान में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपका कोई फैसला समस्या देगा। आपको किसी परिजन की याद सता सकती है। अध्यात्म के कार्यों के प्रति आपकी काफी रुचि रहेगी। आप किसी दूसरे के मामले में बेवजह न बोलें। परस्पर सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी। आप किसी छोटी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं, जो आपके लिए लाभदायक रहेगी। आपको अपनी पद पर प्रतिष्ठा बढ़ने से काफी खुशी होगी।

**कर्क** आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहने से परेशान रहेंगे। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी। आपको जल्दबाजी में कोई काम करना नुकसान देगा। आप किसी के बहकावे में आकर इन्वेस्टमेंट करने से बचें, नहीं तो उसमें आपका धन फंस सकता है। यदि आपने कोई लोन लिया था, तो आप उसे करने की भी पूरी कोशिश करेंगे। परिवार में कुछ समस्याओं को दूर करने में आप सफल होंगे। रोजगार को लेकर परेशान चल रहे लोगों को कोई अच्छा अवसर हाथ लगेगा।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहने वाला है। आपके मन में किसी काम को लेकर यदि उलझन चल रही थी, तो वह भी दूर होगी। राजनीति में कार्यरत लोग अपने विरोधियों से सतर्क रहे, नहीं तो वह उनकी छवि को खराब करने की कोशिश कर सकते हैं। सरकारी नौकरी की तैयारी में लगे लोगों के प्रयास बेहतर रहेंगे, उन्हें कोई खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आप कार्यक्षेत्र में किसी तकनीकी समस्या को लेकर परेशान रहेंगे। आप उन्नति की राह पर आगे बढ़ेंगे।

**कन्या** आज का दिन आपके लिए सुख-सुविधाओं में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपनी शौक मौज की चीजों पर अच्छा खासा खर्चा करेंगे। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। यदि आपका धन कहीं अटका हुआ था, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। माता-पिता का सहयोग आपको भरपूर मात्रा में मिलेगा। आपकी अपने सहयोगी से किसी बात को लेकर झड़प हो सकती है। पुराने किए गए कामों से आपको अच्छा लाभ मिलेगा।

**तुला** आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारी से काम करने के लिए रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपको अपने सगे संबंधियों का पूरा साथ मिलेगा। नौकरी पैसा जातकों को अपने कामों पर पूरा ध्यान देना होगा। कार्यक्षेत्र में आपको टीम वर्क के जरिए काम करने का मौका मिलेगा। आप किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जा सकते हैं। घूमने फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी। आपने यदि किसी को भी धन उधार दिया था, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए सुख साधनों में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप परिवार के सदस्यों के साथ मौज मस्ती भरे पल व्यतीत करेंगे। आज का दिन आपके लिए आनंद में रहने वाला है। आप अपने निर्णय से लोगों को हैरान करेगे। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आप किसी लेनदेन से संबंधित मामले को समय रहते निपटाने की कोशिश करें। आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी।

**धनु** आज का दिन आपके लिए भाग्य के दृष्टिकोण से अच्छा रहने वाला है। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतनी होगी। आपकी कुछ महत्वपूर्ण लोगों से आपकी मुलाकात होगी। आप काम में कोई जोखिम भरे फैसले ना ले और उसमे आपको धैर्य बनाए रखना होगा। आपके लंबे समय से रुके हुए काम पूरा होने की संभावना है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए इनकम में वृद्धि लेकर आने वाला है। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होगी। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे और आप अपने मनचाहे खर्चों को भी आसानी से कर सकेंगे, जिससे आपका मन काफी खुश रहेगा। किसी दूसरे नौकरी का आपको ऑफर आ सकता है, जिसे आप तुरंत ज्वाइन कर सकते हैं। आपको एक बजट प्लान करके चलना बेहतर रहेगा, जिससे आपके खर्चे कंट्रोल में रहेंगे।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए कुछ नए संपर्कों से लाभ लेकर आएगा। यदि आपकी कोई परेशानी थी, तो उसके आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप किसी से कोई बात बहुत ही तोल मोल कर बोले, नहीं तो उन्हे आपकी बात गलत लग सकती है। कार्य क्षेत्र में आपके छुपे हुए राज बाहर निकलेंगे। पारिवारिक समस्याओं को आप मिलकर दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। मामा पक्ष से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है।

**मीन** आज का दिन व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है। आप अपने जरूरी कामो पूरा ध्यान देंगे। आपका मन यदि किसी बात को लेकर परेशान रहेगा, तो आप उसमें धैर्य बनाए रखें। आपके कुछ नए प्रयास रंग लाएंगें। संतान को लेकर यदि आप किसी बात को लेकर परेशान थे, तो आपकी वह समस्या भी दूर होगी। आप किसी नई संपत्ति की खरीदारी कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी। आपको एक बजट बनाकर चलना बेहतर रहेगा। धार्मिक कामों में आपकी काफी रुचि रहेगी।

## चर्चित मुद्दा

# एक हथिनी 'माधुरी' के बहाने धर्म का पुनर्पाठ

**स्वामी देवेन्द्र ब्रह्मचारी**



नांदणी जैन मठ की गजलक्ष्मी हथिनी माधुरी, जो 35 वर्षों से मठ की सेवा में थी, को पेटा की याचिका पर जामनगर भेजा गया था, जिससे जैन समुदाय की भावनाओं को ठेस पहुंची थी। न केवल महाराष्ट्र में बल्कि समूचे जैन समाज में आक्रोश को देखते हुए महाराष्ट्र की देवेंद्र फडणवीस सरकार ने इसमें दखल दिया और उसकी पहल पर याचिका दायर करने और आपराधिक मामलों को वापस लेने की घोषणा के साथ माधुरी की घर वापसी संभव हो गई है। निश्चित ही यह फडणवीस सरकार का एक संवेदनशील एवं सूझबूझभरा निर्णय है, जिसकी सर्वत्र प्रशंसा हो रही है। क्योंकि माधुरी, नांदणी जैन मठ का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थी और जैन समुदाय की भक्ति और समर्पण का प्रतीक थी।

"मैं कोई साधारण प्राणी नहीं। मैं उन हजारों श्रद्धालुओं की भावनाओं का मूर्तरूप हूं, जिन्होंने मुझे केवल देखा नहीं, बल्कि पूजा है। मेरा नाम 'माधुरी' है, पर मैं नाम से कहीं अधिक हूं। मैं उस मठ की चुप्पी में गूंजती प्रार्थना हूं, जहां मैंने 35 वर्षों तक सेवा, संयम और संस्कृति की छाया में सांस ली।" यदि 'माधुरी' बोल सकती, तो शायद यही कहती, क्योंकि उसका मौन, उसका निर्विकार भाव, उसके नेत्रों में बसी करुणा, इन सबने वर्षों तक नांदणी जैन मठ को जीवंत रखा। वह एक जीव नहीं, धर्म की आत्मा बनकर असंख्य श्रद्धालुओं की संवेदनाओं, आस्था एवं भक्ति से जुड़ी थी

नांदणी जैन मठ की यह गजलक्ष्मी हथिनी केवल एक वन्य प्राणी नहीं थी, वह जैन धर्म में "जीव मात्र के प्रति करुणा" के अमूल्य सिद्धांत का सजीव प्रतीक थी। उसका मठ में रहना, उसका पूजन, उसकी सेवा, यह सब किसी हिंसक बंधन का परिणाम नहीं था, बल्कि धार्मिक समर्पण की अभिव्यक्ति थी। पेटा जैसी संस्थाएं केवल जीव के शरीर को देखती हैं, उसकी आत्मा, उसके सांस्कृतिक स्थान और परंपरा में निहित गरिमा को नहीं। यही कारण था कि उसकी जबरन वनतारा में रवानगी केवल एक स्थानांतरण नहीं, बल्कि धर्म के हृदय पर आघात था।

माधुरी प्रकरण ने एक जटिल प्रश्न को जन्म दिया, क्या धर्म अब भी स्वतंत्र है, या वह राजनीतिक और कानूनी भूलभुलैया में उलझ चुका है? क्या जीवों की सेवा और उनके साथ प्रेम का संबंध, कानून की अंधी परिभाषाओं से परे नहीं देखा जा सकता? राजनीतिक हस्तक्षेप ने बार-बार धर्म की गरिमा को चुनौती दी है। परंतु इस बार महाराष्ट्र सरकार, विशेषतः मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस एवं उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने जो निर्णय लिया, वह सराहनीय, साहसी और धर्म-समभाव से प्रेरित प्रतीत होता है। सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका, दर्ज प्रकरणों की वापसी की घोषणा, ये निर्णय केवल न्यायिक नहीं, आध्यात्मिक चेतना से प्रेरित प्रतीत होते हैं। जैन धर्म का मूल आधार है "पर्यावरण के साथ सह-अस्तित्व" और "जीवों के प्रति अहिंसक व्यवहार"। यह दर्शन मात्र प्रवचनों तक सीमित नहीं, बल्कि जीवनचर्या का अंग है। माधुरी उसी जीवनचर्या की प्रतिछाया थी। उसकी देखभाल, सेवा, पूजा-इन सबके माध्यम से नांदणी मठ ने पीढ़ियों को यह सिखाया कि एक जीव के साथ कैसा प्रेममय आत्मीय रिश्ता हो सकता है। जब उसे वनतारा ले जाया गया, तो यह केवल एक हथिनी का मठ छोड़ना नहीं था, बल्कि पर्यावरण-धर्म की एक जीवित पाठशाला का अवसान था।

जिस समाज ने माधुरी को देवीतुल्य सम्मान दिया, वह समाज उसके हरण को केवल कानूनी आदेश नहीं मान सकता था। यह जनआस्था की, सामूहिक करुणा की और धार्मिक सम्मान की



सामूहिक पराजय थी। परंतु अब, जब पुनः माधुरी की वापसी की संभावना जीवित हुई है, तो यह धर्म और न्याय की संयुक्त विजय है। माधुरी केवल एक हथिनी नहीं, वह मठ की आत्मा की भौतिक अभिव्यक्ति है, यही इस समूचे विमर्श का सार है। यह केवल माधुरी की वापसी की बात नहीं, बल्कि उस सम्मान की पुनर्स्थापना है जो सेवा, करुणा और जीवदया में निहित है।

वर्तमान युग में सरकारों का धार्मिक मामलों में संवेदनशीलता दिखाना दुर्लभ है। परंतु फडणवीस सरकार का यह निर्णय दर्शाता है कि जब शासन तंत्र, न्याय प्रणाली और धार्मिक समुदाय मिलकर कार्य करें, तो न्याय और श्रद्धा का नया युग संभव है। सरकार द्वारा इस प्रकरण में आयोजित अति संवेदनशील बैठक में जहां विभिन्न धर्मो के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया, मैं भी इस बैठक का हिस्सा बना। निश्चित ही बैठक में राज्य सरकार का यह प्रयास एवं निर्णय की सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका और प्रकरण वापसी की घोषणा, एक संवेदनशील लोकतंत्र की परिपक्व पहचान है। यह दर्शाता है कि सरकार न केवल कानून का पालन करती है, बल्कि समाज की आत्मा की धड़कन भी सुनती है। अब सरकार के प्रयासों से जब माधुरी मठ लौटेगी, तो वह अकेली नहीं होगी। उसके साथ लौटेगा धर्म का सम्मान, श्रद्धा का पुनर्निर्माण, करुणा का पुनराविष्कार और पर्यावरण के साथ संतुलित सह-अस्तित्व की प्रेरणा। वह लौटेगी तो धर्म केवल ग्रंथों में नहीं, जीवन में दिखाई देगा। वह लौटेगी तो हर जैन मठ, हर मंदिर, हर जीवात्मा को यह भरोसा मिलेगा कि श्रद्धा और न्याय को कुछ समय के लिए विलंबित किया जा सकता है, पर पराजित नहीं।"

माधुरी की वापसी केवल एक हथिनी की वापसी नहीं, वह समूचे मानवता की संवेदना की विजय है। महाराष्ट्र सरकार अपने इस निर्णय के लिए धन्यवाद की पात्र है। धन्यवाद के पात्र वे भी हैं जिन्होंने माधुरी की करुण पुकार को न्याय में परिवर्तित करने का यत्न किया। माधुरी का सम्मान और धर्म का योगदान केवल किसी एक जीव के प्रति सहानुभूति का विषय नहीं, बल्कि संपूर्ण मानवता की संवेदनाओं की कसौटी है। राजनीति को यदि जनभावनाओं की सच्ची प्रतिनिधि बनना है, तो उसे केवल वोट और शक्ति के गणित से नहीं, बल्कि समाज की आत्मा से संवाद करना होगा। माधुरी प्रकरण में महाराष्ट्र सरकार ने जिस तरह धार्मिक अस्मिता और जनसंवेदनाओं का सम्मान करते हुए न्यायोचित हस्तक्षेप किया, वह एक अनुकरणीय दृष्टिकोण है, जिसमें धर्म को न राजनीति का उपकरण बनाया गया और न उपेक्षा की गई, बल्कि उसे संवेदना और संस्कृति की धुरी मानकर संजोया गया। यही वह राह है, जिससे राजनीति जनसेवा और धर्म, जनमानस की आत्मा बन सकते हैं।

जैन धर्म का मूल आधार अहिंसा है, पर यह अहिंसा केवल शारीरिक हिंसा से दूर रहने तक सीमित नहीं, बल्कि प्रत्येक जीव के प्रति करुणा, संवेदना और सेवा भाव की गहन जीवनशैली है। जैन आचार्य और तपस्वियों ने केवल उपदेश नहीं दिए, बल्कि अपने आचरण से यह सिद्ध किया कि जीव मात्र में आत्मा है, और प्रत्येक आत्मा पूज्य है। यही कारण है कि जैन मुनि पांव में चप्पल नहीं पहनते, चलते समय झाड़ू से मार्ग बुहारते हैं ताकि कोई सूक्ष्म जीव भी अनजाने में आहत न हो। इतिहास में ऐसे असंख्य प्रसंग मिलते हैं जब राजाओं ने भी जैन धर्म के प्रभाव में आकर हिंसा का त्याग किया और जीवदया के लिए गोशालाएं, पक्षीचिकित्सालय और जलाशय बनवाए। भगवान महावीर का संपूर्ण जीवन जीवों के प्रति करुणा का आदर्श है, उन्होंने कहा, सव्वे पाणो पियायरा यानी सभी प्राणी प्रिय हैं। यही भाव आगे चलकर जैन समाज की सामाजिक संरचना में गहराई से समाहित हो गया। आज भी जैन धर्म के अनुयायी जीवों के कल्याण के लिए सेवा प्रकल्पों में अग्रणी हैं, चाहे वह बीमार पक्षियों के लिए चिकित्सालय हों, घायल जानवरों के लिए रेस्क्यू सेंटर हों, या निराश्रित पशुओं के लिए आश्रय स्थल। "माधुरी" जैसी एक हथिनी का मठ में पूज्य स्थान पाना, उसकी सेवा और सुरक्षा में समाज का समर्पण, यही तो जीवदया की उस परंपरा का जीवंत प्रमाण है जो अतीत से वर्तमान तक निरंतर बहती रही है। जैन धर्म का यह दृष्टिकोण हमें केवल मनुष्यों से प्रेम नहीं सिखाता, बल्कि सृष्टि के हर कण में बसते जीवन के प्रति करुणा का भाव विकसित करता है। यही करुणा, यही संवेदना धर्म को जीवंत बनाती है और मानवता को दिव्यता की ओर ले जाती है।

**(प्रख्यात जैन संत देवेन्द्र ब्रह्मचारी महावीरायतन फाउण्डेशन के संस्थापक है)**

# भारत–अमेरिका संबंध: आत्मसम्मान की लाल रेखा

**हृदय मोहन**



शक्ति, सम्मान और साझेदारी जब कोई राष्ट्र उन्नति करता है, तो उसकी सबसे कठिन परीक्षा केवल ताक़त या तरक़्क़ी में नहीं, बल्कि अपने आत्मसम्मान की रक्षा में होती है। भारत–अमेरिका संबंध, जो हाल के दशकों में सबसे अहम द्विपक्षीय रिश्तों में से एक हैं, को बराबरी, सम्मान और स्पष्ट रणनीति पर टिकना चाहिए — न कि दबाव में झुकने या चुपचाप मान लेने की आदत पर। हाल ही में विदेश मंत्रालय का पश्चिमी आलोचना पर सीधा और तथ्यपूर्ण कथन इस लाल रेखा की याद दिलाता है — मित्रता हो, पर गरिमा के साथ।

**विदेश मंत्रालय का स्पष्ट संदेश**-हाल में विदेश मंत्रालय ने भारत–रूस व्यापार पर पश्चिमी आलोचना का तथ्यात्मक और तीखा जवाब दिया। यह केवल ऊर्जा आयात का बचाव नहीं था, बल्कि राष्ट्रीय हित और गरिमा की घोषणा थी। मंत्रालय ने कहा कि रूस से तेल आयात भारत के लिए "महत्वपूर्ण राष्ट्रीय आवश्यकता" है, जिससे 1.4 अरब नागरिकों के लिए ऊर्जा लागत स्थिर और वहनीय बनी रहे। साथ ही, यूरोप और अमेरिका के अपने रूसी व्यापार — जो भारत से कई गुना बड़ा है — के आंकड़े पेश कर पाखंड को उजागर किया।

**सर्द दूरी से रणनीतिक गर्माहट तक**-भारत–अमेरिका संबंधों ने उतार–चढ़ाव का लंबा सफर तय किया है। स्वतंत्रता के शुरुआती दशकों में गुटनिरपेक्ष नीति और सोवियत संघ से घनिष्ठ संबंधों ने वाशिंगटन को दूर रखा। 1971 में बांग्लादेश मुक्ति संग्राम के दौरान अमेरिका ने पाकिस्तान के समर्थन में सातवां बेड़ा बंगाल की खाड़ी में भेजा, जिससे भारत में गहरा अविश्वास पैदा हुआ। फिर 1998 में पोखरण–II परमाणु परीक्षणों के बाद अमेरिका ने प्रतिबंध लगाए।

**भारत ने हर दबाव का सामना किया** — और कुछ ही वर्षों में वही अमेरिका साझेदारी के लिए स्वयं आगे आया। 2000 के दशक में "असैन्य परमाणु समझौते" ने संबंधों में नई गर्माहट पैदा की। आज रक्षा, प्रौद्योगिकी, स्वच्छ ऊर्जा और



आतंकवाद-रोधी सहयोग तक यह साझेदारी फैली है।

**इतिहास का सबक स्पष्ट है** — गर्मजोशी स्वागतयोग्य है, लेकिन चौकसी आवश्यक है। कमजोरी दबाव को न्योता देती है, ताकत सम्मान अर्जित करती है।

**वर्तमान चुनौतियाँ और दबाव**-आज भी समय–समय पर वाशिंगटन दबाव के औज़ार अपनाता है — हाल में भारतीय वस्तुओं पर ऊँचे शुल्क लगाने की धमकी इसका ताज़ा उदाहरण है। रूस–यूक्रेन युद्ध के बाद ऊर्जा बाज़ार में आई उथल–पुथल के बीच भारत ने तेल आयात में विविधता लाई और रूस से ख़रीद बढ़ाई। उस समय अमेरिका ने इसे वैश्विक मूल्य स्थिरता के लिए प्रोत्साहित किया था, पर अब वही इसकी आलोचना कर रहा है।

**विदेश मंत्रालय ने अपने कथन में बताया**
2024 में यूरोप–रूस वस्तु व्यापार 67.5 अरब और सेवा व्यापार 17.2 अरब का रहा।
यूरोपीय तरल प्राकृतिक गैस आयात 2024 में रिकॉर्ड 16.5 मिलियन टन तक पहुँचा।
अमेरिका अब भी रूस से यूरेनियम हेक्साफ्लोराइड, पैलेडियम, उर्वरक और रसायन आयात करता है।
इस पृष्ठभूमि में भारत को निशाना बनाना न तो न्यायसंगत है, न तर्कसंगत।

**मित्रता - हाँ, अधीनता - नहीं**-भारत–अमेरिका संबंध बहुमुखी हैं, लेकिन इन्हें समानता और सम्मान पर आधारित होना चाहिए। हाल के वर्षों में अमेरिकी सांसदों के बयान, वीज़ा नीतियों में टकराव और प्रतिबंधों की धमकी जैसी घटनाओं ने यह धारणा मजबूत की है कि कभी–कभी वाशिंगटन सीमा लांघ जाता है।

विदेश मंत्रालय का हालिया बयान एक बदलाव का संकेत है — यह संदेश देता है कि भारत को न तो उपदेश स्वीकार्य हैं, न ही एकतरफ़ा अपेक्षाएँ।

**आत्मसम्मान का कूटनीतिक अर्थ**

कूटनीति में आत्मसम्मान का मतलब टकराव नहीं, बल्कि:
>> सच को साहसपूर्वक कहना,
>> पाखंड को तथ्यों से उजागर करना,
>> अपनी लाल रेखाएँ तय करना और निभाना।
>> विदेश मंत्रालय का हालिया रुख इन तीनों कसौटियों पर खरा उतरा है।

**भविष्य का मार्ग**
>> भारत को चाहिए कि:
>> साझेदारी को साझा हितों पर आधारित रखे, न कि नैतिक उपदेश पर।
>> आलोचना पर तथ्य और आंकड़ों के साथ जवाब दे।
>> साझेदारियों में विविधता बनाए, ताकि किसी एक ताकत पर निर्भरता न हो।

**अंतिम संदेश**
>> अमेरिका के लिए — यह 1962 नहीं है, भारत अब विनम्र याचक नहीं है।
>> भारत के लिए — इतिहास से सबक लें, अपने हितों पर डटे रहें और रणनीतिक स्वायत्तता को कभी न खोएँ।
>> यह भारतीय रणनीतिक आत्मविश्वास का दौर है।
>> दुनिया को इसकी आदत डालनी होगी।

# स्तानपान कराने वाली महिलाओं में हो सकती है पोषक तत्वों की कमी

क्या आपने सोचा है कि जिस तरह से महिलाएं अपने नवजात बच्चे की सेहत के हिसाब से डाइट प्लान करती हैं। ऐसे में ब्रेस्टफीड कराने का उनकी सेहत पर क्या असर पड़ता है। ऐसे में एक सवाल यह भी है कि क्या ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाओं के शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है। अक्सर लोगों से आपने यह कहते सुना होगा कि हर महिला को अपने नवजात बच्चे को बेस्टफ्रीड करवाना चाहिए। जिससे कि नवजात बच्चे को पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मिलते हैं। इसलिए मां को हेल्दी डाइट लेने की सलाह दी जाती है। माना जाता है कि मां जैसी डाइट लेती है, वैसा ही बच्चे की सेहत होती है। इसलिए अगर महिला ऐसी चीजें खा ले, जिससे ब्लोटिंग और गैस की दिक्कत तो सकती है, तो बच्चे की भी सेहत खराब हो जाती है। लेकिन क्या आपने सोचा है कि जिस तरह से महिलाएं अपने नवजात बच्चे की सेहत के हिसाब से डाइट प्लान करती हैं। ऐसे में ब्रेस्टफीड कराने का उनकी सेहत पर क्या असर पड़ता है। ऐसे में एक सवाल यह भी है कि क्या ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाओं के शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो जाती है।

**महिलाओं में पोषक तत्वों की कमी**- ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाओं की हेल्थ पर इसका असर पड़ता है। अगर महिला को पर्याप्त पोषण नहीं मिलता है, तो बच्चे के शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है। कुछ महिलाएं ब्रेस्टफीड कराने के कारण कमजोर हो जाती हैं। जिस कारण वह थकान से भरी रहती हैं। हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, तो बच्चे के लिए मां का दूध सभी तरह के पोषक तत्वों का स्त्रोत होता है। इसलिए मां जो खाती हैं, उसका पोषक तत्व दूध के जरिए बच्चे तक पहुंच जाता है। कई बार ब्रेस्टफीड कराने से महिलाओं का वेट भी कम हो जाता है।

**पोषक तत्वों की जरूरत का बढ़ना**- जो भी महिलाएं ब्रेस्टफीड कराती हैं, तो उनके द्वारा खाई हर चीज से मिला पोषण बच्चे को भी मिलता है। ऐसे में महिलाओं को अधिक पोषक तत्वों की जरूरत होती है। खानपान की बात करें, तो कई महिलाएं ब्रेस्टफीड के समय भी दिन में तीन में बार हैवी मील लेती हैं। जबकि बच्चा थोड़ी-थोड़ी देर में दूध की डिमांड करता है। जिससे मां के शरीर में पोषक तत्वों की कमी हो सकती है।

**सीमित चीजों का सेवन**0ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाएं उन चीजों का सेवन नहीं करती हैं, जिसका बच्चे की सेहत पर निगेटिव असर हो। जैसे डिलीवरी के कुछ दिनों बाद तक महिलाएं बंदगोफी, फूलगोफी, चने, राजमा और छोले जैसी चीजों का सेवन नहीं करती हैं। वहीं जो महिलाएं नॉनवेज खाती हैं, वह कुछ समय के लिए इसको भी छोड़ देती हैं। जिससे महिलाओं के पास पौष्टिक चीजों के ऑप्शन कम रह जाते हैं। वहीं बार-बार एक ही चीज खाने से महिलाओं की डाइट में भी कमी आती है और उनको पर्याप्त पोषण नहीं मिलता है।

**किस तरह के पोषक तत्वों की जरूरत**-हेल्थ एक्सपर्ट की मानें, महिलाओं में ब्रेस्टफीडिंग के दौरान कई अहम पोषक तत्व कम हो सकते हैं। जिनमें प्रोटीन, कैलोरी, विटामिन और मिनरल्स आदि शामिल हैं। खासकर विटामिन डी, विटामिन बी12 और आयरन आदि है। बता दें कि आयरन बहुत जरूरी तत्व है। जो न सिर्फ प्रेग्नेंसी में जरूरी होता है, बल्कि ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाओं के लिए भी जरूरी है। आयरन की कमी से शरीर में रेड ब्लड सेल्स प्रोडक्शन कम हो सकता है। जिसकी वजह से ऑक्सीजन सप्लाई बाधित होती है। इसलिए महिलाओंको ब्रेस्टफीड कराने में थकान या कमजोरी महसूस हो सकती है।

**डॉक्टर की सलाह**-ब्रेस्टफीड कराने वाली महिलाओं को न्यूट्रिएंट्स के साथ किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं करना चाहिए।

## सू-दोकू-133

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.132 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## एक नजर

### विश्व स्तनपान सप्ताह पर कार्यक्रम का आयोजन

**सुकमा, 07 अगस्त।** सुकमा में दिनांक 06.08.2025 को परियोजना सुकमा के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पटेलपारा केरलापाल एवं मांझीपारा केरलापाल में जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री बिस्मिता पाटले मैडम के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण केंद्र (हब) के द्वारा विश्व स्तनपान सप्ताह कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं को स्तनपान पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी महिला सशक्तिकरण केंद्र से रविन्द्र सिंह (जेंडर विशेषज्ञ) तथा प्रदीप मंडल (वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ) के द्वारा महिला बाल विकास विभाग की महत्वपूर्ण योजनाओं जैसे महिला सशक्तिकरण केंद्र, सखी वन स्टॉप सेंटर, चाइल्ड हेल्प लाइन, बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना का उद्देश्य की भी जानकारी दी गई साथ ही साथ गर्भवती एवं शिशुवती माताओं को 6 माह तक सतत् स्तनपान एवं पहला पीला गाढ़ा दूध (कोलेस्ट्रम) का महत्व बताया गया साथ ही 'रेडी टू ईट' पोषण आहार, तिरंगा भोजन, स्थानीय साग-सब्जियों व फलों के फायदे बताए गये, जिसमें जच्चा-बच्चा दोनों सुपोषित एवं स्वस्थ्य रहे, तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देना, मातृ मृत्युदर एवं शिशु मृत्युदर को कम करने हेतु जागरूक किया गया तथा PMMVY विशेष अभियान फार्म संबंधी जानकारी का आदान प्रदान किया गया उक्त कार्यक्रम में आंगनबाड़ी के कार्यकर्त्ता, सहायिका, केंद्र अंतर्गत सभी महिलायें एवं महिला सशक्तिकरण केंद्र से रविन्द्र सिंह (जेंडर विशेषज्ञ) तथा प्रदीप मंडल (वित्तीय साक्षरता एवं समन्वय विशेषज्ञ) उपस्थित रहे।

### बलीराम नायक बने सुकमा के भाजपा जिला महामंत्री



**सुकमा, 7 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के निर्देशानुसार भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) पवन साय के मार्गदर्शन और भाजपा सुकमा के जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे के अनुशंसा से भाजपा जिला कार्यसमिति का गठन कर 30 जुलाई को विधिवत सूची जारी की गई. जिसमे सुकमा जिले में बलीराम नायक को पार्टी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देते हुए उन्हें भाजपा जिला महामंत्री बनाया है। नई जिम्मेदारी मिलने पर बलीराम नायक ने पार्टी संगठन के सभी वरिष्ठ जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। और कहा कि पार्टी के लिए और दृढ़ता और सभी को साथ लेकर पार्टी के लिए कार्य करेंगे और वरिष्ठ नेतृत्व के दिशानिर्देशों को धरातल पर क्रियान्वित करने की बात कही है।इस अवसर पर इन भाजपा पदाधिकारियों की मौजूदगी रही। मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह भदोरिया ,नवनियुक्त भाजपा जिला उपाध्यक्ष कोरसा सन्नू ,संजय शुक्ला, जनपद पंचायत अध्यक्ष,कुसुमलता कोवसी,नगर पंचायत अध्यक्ष राधा नायक,जनपद सदस्य मड़काम भीमा , दुलाल शाह,रामलाल गुप्ता, प्रदीप शुक्ला,पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सोहन लाल नायक, पुष्पलता भदोरिया, सोड़ी मंगली, मीडियम गीता, सोड़ी मंगी, मड़कम हुंगी,मनीराम नायक, अजय मंडावी, रिंकू नायक समेत अन्य लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त किया और कार्यकर्ताओं ने इस अवसर पर खुशी व्याप्त है।

# 17 दिनों में 189 मवेशी तस्करों के चंगुल से मुक्त

## बीजापुर पुलिस की सख्त कार्रवाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 07 अगस्त।** जिले में मवेशियों की अवैध तस्करी पर लगाम लगाने बीजापुर पुलिस ने पिछले 17 दिनों में सख्ती दिखाते हुए उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। इस अवधि में पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में कुल 189 कृषिक पशुओं (गाय, बैल एवं भैंस) को तस्करों के कब्जे से छुड़ाया है। ताजा मामला थाना तारलागुड़ा क्षेत्र का है, जहां पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम केसाईगुड़ा, वंगापल्ली, अन्नाराम और कोत्तुर पहाड़ी जंगल रास्ते से कृषिक मवेशियों को हांककर ले जा रहे दो तस्करों को रंगे हाथों पकड़ा है। पूछताछ में आरोपियों की पहचान सुरेश हटकर एवं स्वामी हटकर, निवासी रेड्डीपल्ली, जिला भूपालपल्ली (तेलंगाना) के रूप में हुई है। तस्करों के पास पशुओं के स्वामित्व से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए गए। पुलिस ने मौके से 90 मवेशियों को बरामद कर ग्राम पंचायत तारलागुड़ा के सरपंच एवं सचिव की जिम्मेदारी में सुरक्षित रखा है।



पिछले 17 दिनों की अगर बात की जाए तो 21 जुलाई के थाना मद्देड़ में 83 पशु, 22 जुलाई के थाना तारलागुड़ा में 16 पशु और आज 6 अगस्त के पुनः थाना तारलागुड़ा में 90 पशुओं को मुक्त करवाया गया है। इन कार्यवाहियों के माध्यम से 17 दिनों में कुल 12 कृषिक पशु तस्करों को गिरफ्तार करते हुए कुल 189 कृषिक पशुओं को अवैध तस्करी से बचाया है। पुलिस ने इस मामले को छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 के तहत कार्रवाई करते हुए आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। इन तीनों कार्रवाइयों के जरिए पुलिस ने कुल 12 तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया है। सभी मामलों में छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 एवं पशु क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। बीजापुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में सक्रिय पशु तस्करों के खिलाफ निगरानी और कार्रवाई निरंतर जारी है।

# मुठभेड़ में एक नक्सली ढेर, 9 इनामी माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 7 अगस्त।** जिले में सुरक्षा बलों को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिले के पश्चिमी डिवीजन क्षेत्र में माओवादियों की मौजूदगी की सूचना पर चलाए गए संयुक्त सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच रुक-रुक कर मुठभेड़ जारी रही। इस दौरान सुरक्षा बलों ने एक पुरुष माओवादी को हथियार समेत ढेर कर दिया है। वहीं दूसरी ओर, छत्तीसगढ़ शासन की नक्सल उन्मूलन नीति और नियद नेल्लानार योजना के सकारात्मक असर के चलते एक और उल्लेखनीय कामयाबी मिली है। जिले में कुल 24 लाख रुपये के इनामी 6 माओवादियों सहित कुल 9 सक्रिय माओवादियों ने आज पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर मुख्यधारा में लौटने की राह चुना है।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में बक्सू ओयाम (8 लाख), बुधराम पोटाम (5 लाख), हिड़मा उर्फ हिरिया (5 लाख), मंगू उईका उर्फ टोग्गी (2 लाख), रोशन कारम उर्फ सोनू (2 लाख), मंगलों पोड़ियाम (2 लाख), कमलू हेमला उर्फ कुम्मा, बुधराम हेमला, पण्डरू पूनेम उर्फ पदखूटा शामिल हैं। इन सभी आत्मसमर्पित माओवादियों को शासन की पुनर्वास नीति के तहत 50-50 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि के चेक प्रदान किए गए। यह कार्यक्रम उप पुलिस महानिरीक्षक दंतेवाड़ा रेंज श्री कमलोचन कश्यप, डीआईजी केरिपु सेक्टर बीजापुर श्री बी.एस. नेगी, पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। सुरक्षा बलों की रणनीति और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का असर अब स्पष्ट रूप से नजर आने लगा है। सुदूरवर्ती क्षेत्रों में सड़कों का निर्माण, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, बिजली, पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की पहुंच और अंदरूनी इलाकों में लगातार स्थापित हो रहे पुलिस कैंपों ने माओवादियों के मनोबल को तोड़ा है।

# उमेश सिंह पैनल ने नामांकन पत्र किया दाखिल

## बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन चुनाव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 7 अगस्त।** दक्षिण बस्तर में ट्रक मालिकों की सबसे बड़ी संस्था बैलाडीला ट्रक ओनर्स एसोसिएशन की 25 जुलाई को बिटीओ के सभागार में हुई आमसभा में संस्था के सभी सदस्यों ने एक मत से आगामी 13 अगस्त को बिटीओ के वार्षिक चुनाव करवाने पर मुहर लगा दी थी ।13 अगस्त को होने वाले बिटीओ के एक वर्षीय चुनाव के लिए जारी अधिसूचना के अनुसार 3 अगस्त को प्रत्याशियों को नामांकन पत्र मिलेगा । 4 अगस्त को नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि रखी गई है । साथ ही 5 अगस्त को



उम्मीदवारों को चुनाव चिन्ह आबंटन किया जाएगा ।नाम वापसी और स्कूटनी की तिथि भी 5 अगस्त ही रखी गई है। साथ ही सभी सदस्यों की सहमति से चुनाव अधिकारी के द्वारा एक चुनाव संचालन समिति का भी गठन किया गया है । इस ही चुनावी दौर में उमेश सिंह गौतम के पैनल के सचिव पद के उम्मीदवार आकाश गोयल,उपाध्यक्ष पद के लिए राहुल असरानी एवं दीपक बढ़ई,कोषाध्यक्ष पद के लिए मनीष नायक,सह सचिव पद के लिए वैभव गौरांग साहा,एवं अविनाश कर्माकर ने अपने समर्थकों के साथ बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के दरबार दंतेवाड़ा पहुंच पूजा अर्चना के बाद बिटीओ कार्यालय पहुंच कर अपने पैनल के सदस्यों का नामांकन पत्र जमा किया।

### स्लरी पाइप लाइन के लिए खोदे गड्ढे में गिरने से हुई मृत्यु की होगी दंडाधिकारी जांच

**दंतेवाड़ा, 07 अगस्त।** कार्यालय कलेक्टर द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम का पत्र क्रमांक, 583, दिनांक 29 जुलाई 2025 के संदर्भ में दिनांक 28 जुलाई 2025 समय लगभग 05.30 बजे ग्राम हाउरनार में निवासरत टिकेश्वर सिंह पिता गौतम, उम्र 11 वर्ष, की मृत्यु स्लरी पाईपलाईन हेतु खोदे गये गड्ढे में गिरने से हो गई थी।

इस संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 196 के तहत प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए एतद् घटना की जिला दण्डाधिकारी द्वारा जांच हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व गीदम, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# आत्मसमर्पित माओवादियों को मिल रहा नया जीवन

## सुकमा में 'नियद नेल्लानार' योजना बनी बदलाव का माध्यम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा लागू माओवादी आत्मसमर्पण राहत एवं पुनर्वास नीति-2025 और बस्तर संभाग के अंदरूनी गांवों के समग्र विकास के लिए विशेष रूप से संचालित 'नियद नेल्ला नार' योजना ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास और विश्वास का नया मार्ग प्रशस्त किया है। इस योजना के कन्वर्जेंस के माध्यम से जिला प्रशासन सुकमा द्वारा आत्मसमर्पित माओवादियों को कौशल प्रशिक्षण, पुनर्वास एवं स्वरोजगार से जोड़कर समाज की मुख्यधारा में सफलतापूर्वक



जोड़ा जा रहा है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के मार्गदर्शन में चल रहे इस कार्यक्रम के अंतर्गत लाइवलीहुड कॉलेज एवं ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान में विभिन्न ट्रेड में निःशुल्क प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि आत्मसमर्पित युवा और महिलाएं आर्थिक रूप से स्वावलंबी होकर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। कोंटा विकासखंड की अनीता सोड़ी जैसी आत्मसमर्पित महिलाओं के जीवन में यह योजना नई दिशा लेकर आई है। अनीता बताती हैं कि पुनर्वास केंद्र ने हमें यह एहसास कराया कि शांति और सम्मान से भी जीवन जीया जा सकता है। सिलाई, कृषि समेत अन्य आजीविका प्रशिक्षणों ने हमारा आत्मविश्वास बढ़ाया है। अब मैं स्वयं का सिलाई कार्य प्रारंभ कर परिवार को बेहतर भविष्य देना चाहती हूं। अनीता के साथ सुश्री वेट्टी कन्नी, हड़मे माड़वी, कड़ती विज्जे समेत 6 आत्मसमर्पित महिलाएं लाइवलीहुड कॉलेज सुकमा में चल रहे एक माह के सिलाई प्रशिक्षण में हिस्सा ले रही हैं।

# ओपन लिंक्स फाउंडेशन ने किया शिक्षण उत्सव का आयोजन

**दंतेवाड़ा, 07 अगस्त।** शिक्षा के क्षेत्र में शिक्षकों को प्रेरित करने और उन्हें एक सशक्त मंच प्रदान करने के उद्देश्य से शिक्षा विभाग और ''ओपन लिंक्स फाउंडेशन'' द्वारा संयुक्त रूप से शिक्षण उत्सव का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम 7 अगस्त, गुरुवार को मुख्यालय दंतेवाड़ा के पुराने ग्रंथालय में प्रातः 10 बजे आयोजित होगा। इस एक दिवसीय शिक्षण उत्सव में राज्य भर से लगभग 100 प्रतिभागी शामिल होगें। यह आयोजन शिक्षकों को आपस में बातचीत करने, अपने अनुभवों को साझा करने और उनके द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को प्रदर्शित करने का एक बेहतरीन अवसर प्रदान करेगा। इस अवसर पर शिक्षकों, केंद्र प्रमुखों और विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया जाएगा। गौरतलब है कि ''ओपन लिंक्स फाउंडेशन'' एक ऐसी संस्था है जो शिक्षा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से काम करती है। ''ओपन लिंक्स फाउंडेशन'' आचार्य विनोबा भावे शिक्षक सहायक कार्यक्रम शिक्षकों और प्रशासकों को आवश्यक सहायता प्रदान करने के लिए समर्पित है.

# कॉलेज परिसर में एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत लगाए गए पौधे

**दंतेवाड़ा 7 अगस्त।** मंगलवार को शासकीय दंतेश्वरी स्नातकोत्तर महाविद्यालय दंतेवाड़ा में एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि जन भागीदारी अध्यक्ष श्री राहुल असरानी के मार्गदर्शन में कार्यक्रम किया गया। अध्यक्ष राहुल असरानी ने छात्र-छात्राओं को अपने संबोधन में बताया कि एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम पूरे भारतवर्ष में किया जा रहा है। श्री असरानी ने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से भी पेड़ लगाकर पृथ्वी एवं पर्यावरण के प्रति अपनी सहभागिता निभाने हेतु संकल्प लेने हेत आग्रह किया 7 श्री



असरानी ने कहा कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. के एम.प्रसाद ने छात्र छात्राओं से अपील किया कि पृथ्वी के प्रति सजग और जागरूक रहे अपने आसपास के जनमानस को जागरूक करें । कार्यक्रम के संयोजक डॉ. दिनेश लहरी, श्री दुष्यंत तारम सहायक प्राध्यापक ने सभी प्राध्यापक , सहायक प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याताओ तथा छात्र छात्राओं का आभार प्रकट किया ।कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ शिखा सरकार , डॉ रत्ना बाला मोहंती तथा सहायक प्राध्यापक डॉ. अजली कश्यप, सुश्री धारणा ठाकुर, श्रीमती रेशमा एक्का, श्री बंशीधर चौहान, श्रीमती सरला पैकरा, श्री सिद्धार्थ देवांगन, श्री अमित साहू , सुश्री अंजलि मिंज, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. भारती रजक, समस्त अतिथि व्याख्याता कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुस्तलानार में आयोजित हुई पालक-शिक्षक मेगा बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 7 अगस्त।** गीदम जनपद के मुस्तलानार ग्राम में बुधवार को पालक-शिक्षक मेगा बैठक आयोजित हुई जिसमे शिक्षको के साथ स्कूली छात्रों के पालकगण भी शामिल हुए। इस दौरान बैठक में बच्चों की पढाई से जुड़े कई मुद्दों पर चर्चा हुई । पढ़ाई को लेकर बच्चो का ध्यान किस तरह से रखा जाए, बच्चो को प्रतिदिन स्कूल भेजे जाने, स्कूल से घर आने के बाद बच्चो के होमवर्क पर ध्यान देने जैसी कई जानकारिया बैठक में पालकों को दी गई । इस दौरान बच्चो के पाठ्यक्रम के सभी विषयों का बेसिक टेस्ट भी लिया गया। इस बैठक के पश्चात



स्कूल परिसर में एक पेड़ माँ के नाम के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। इस दौरान जनपद सदस्य जिला राम कोर्राम, शिक्षा समिति सदस्य एव सरपंच मनोज कोर्राम, वार्ड पंच, बूथ अध्यक्ष कमलसाय राणा समेत ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# बने खाबो-बने रहिबो विशेष जांच अभियान, 5 को नोटिस

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 07 अगस्त।** आगामी राखी त्यौहार एवं वर्षा ऋतु के दृष्टिगत नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ एवं कलेक्टर दंतेवाड़ा के आदेशानुसार एवं अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के निर्देशन में विभिन्न होटलों, मिठाई की दुकानों, किराना दुकानों, नमकीन निर्माता व्यापारियों के खाद्य परिसर का निरीक्षण किया गया एवं विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया। बने खाबों-बने रहिबों विशेष जांच



अभियान के तहत विगत दिवस जिले के गीदम, दंतेवाड़ा, बचेली, किरंदुल, बारसूर, नकुलनार आदि क्षेत्रों के खाद्य परिसरों का निरीक्षण किया गया एवं चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा खाद्य प्रतिष्ठानों से खाद्य सैंपल जैसे मिठाइयां, पनीर दूध, दही, नमकीन, आटा, बेसन, मैदा, सूजी, मैदा आदि का नमूना जांच हेतु लिया गया। निरीक्षण के दौरान दंतेवाड़ा जिले के विभिन्न स्थानों निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के द्वारा कुल 65 सैंपल विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों से लिया, निरीक्षण एवं सैंपलिंग के दौरान जो भी खाद्य पदार्थ उपयोग के अनुकूल नहीं पाया गया एवं अमानक पाया गया, उन्हें तुरंत नष्ट करवाया गया। इस मौके पर 05 खाद्य प्रतिष्ठानों को नोटिस दिया गया।

# स्वास्थ्य मंत्री ने बोदली उप स्वास्थ्य केन्द्र का किया निरीक्षण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 07 अगस्त।** प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल ने आज दंतेवाड़ा जिले के बोदली स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी, प्रसव कक्ष, टीबी मरीजों की देखरेख तथा स्वास्थ्य रजिस्टरों के संधारण की स्थिति की बारीकी से समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान मितानिन बहनों ने पारंपरिक तरीके से मंत्री श्री जायसवाल का स्वागत



करते हुए उन्हें राखी बांधी। इस आत्मीय क्षण पर मंत्री ने मितानिनों को साड़ी भेंट कर सम्मानित किया और उन्हें ग्रामीण क्षेत्रों में उत्कृष्ट स्वास्थ्य सेवा प्रदाय के संबंध में प्रोत्साहित करते हुए यह आश्वासन दिया कि उनके मानदेय का भुगतान हर माह की 15 तारीख तक दिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा। श्री जायसवाल ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावशाली बनाने के उद्देश्य से एचआरपी श्रेणी की गर्भवती महिलाओं को समय पर उच्च स्वास्थ्य केंद्रों में रेफर करने, अंडा वितरण व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा मलेरिया मुक्त अभियान के तहत घर-घर जाकर जांच और उपचार की प्रक्रिया को सुदृढ़ करने के भी निर्देश दिए।

कार्यक्रम के दौरान एक भावुक क्षण तब आया जब ग्राम की एक बालिका कविता पुनेम ने अपनी आंखों की गंभीर समस्या के इलाज के लिए मंत्री से सहायता की गुहार लगाई। मंत्री श्री जायसवाल ने मामले को तत्काल संज्ञान में लेते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को बच्ची को रायपुर रेफर करने के निर्देश दिए।

# सरपंच-सचिव पर लगा काम के नाम पर लाखों रुपए के फर्जीवाड़े का आरोप

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 7 अगस्त।** जहां सरकार स्वच्छ भारत और हर गांव में विकास का नारा देती है, वहीं बीजापुर जिले की एक पंचायत में विकास ने गड्ढों में दम तोड़ दिया है। ग्राम पंचायत दम्मूर अंतर्गत ग्राम दुबलंगुड़ा में विकास कार्यों को लेकर फर्जीवाड़ा सामने आया है। यहां पूर्व सरपंच रमेश चिड़ेम और सचिव ओमप्रकाश कोरम पर ग्रामवासियों ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सेग्रीगेशन शेड निर्माण के लिए जनवरी 2025 में 1,49,000 की राशि निकाली गई, लेकिन मौके पर एक ईंट तक नहीं रखी गई। बताया गया कि यह राशि पंचायत चुनाव से ठीक एक माह पहले निकाली गई थी। कार्य के नाम पर केवल छः गड्ढे खोदे गए, जिनमें आज बारिश का पानी भर गया है और मच्छरों ने अपना डेरा जमा लिया है। अब यह गड्ढे मलेरिया, टाइफाइड और डेंगू जैसी बीमारियों का घर बनते जा रहे हैं।



**काम नहीं-गड्ढा ही गड्ढा**

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गांव में सेग्रीगेशन शेड निर्माण के नाम पर सरपंच और सचिव ने मिलीभगत कर राशि निकाल ली और गड्ढे खोदकर अधूरा छोड़ दिया। यहां तक कि इस बारे में न तो ग्रामीणों को जानकारी दी गई और न ही वार्ड पंचों को बताया गया। गांव के लोगों ने इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि जब सरकारी राशि का इस तरह दुरुपयोग होगा और गांव बीमारियों की चपेट में आएगा, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा?

**प्रशासन क्या कर रहा है?**

अब सवाल यह है कि जनवरी से अब तक इस मामले में जनपद स्तर के जिम्मेदार अधिकारी या इंजीनियर व्दारा क्या किया गया। कोई निरीक्षण या जांच क्यों नहीं की गई? क्या यह लापरवाही नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार को खुला न्योता है? ग्रामीणों ने यह भी बताया कि यदि जल्द ही निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो वे जिला कलेक्टर कार्यालय में जांच हेतु आवेदन करेंगे। सेग्रीगेशन शेड के नाम पर सिर्फ गड्ढे खोदकर सरकारी राशि हजम किया गया, विकास कार्यों के साथ मजाक है, बल्कि यह गांव के स्वास्थ्य से भी खिलवाड़ है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गड्ढे में डूबे विकास को कब बाहर निकालता है।

# चिन्तागुफा गांव में हुए सीआरपीएफ के नागरिक सहायता कार्यक्रम से 100 ग्रामीण लाभान्वित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 7 अगस्त।** श्री कमलेश कुमार कमांडेंट द्वितीय वाहिनी, सी.आर.पी.एफ के कुशल नेतृत्व एव मार्गदर्शन में दिनांक 06/08/2025 को चिन्तागुफा गांव में नागरिक सहायता कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में चिन्तागुफा एवं टोकनपल्ली गॉव के ग्रामीणोां ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और लगभग 100 ग्रामीणोां को इसका लाभ प्राप्त हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत ग्रामीणों के मनोरंजन एवं जागरूक्ता केलिए रेडियो का वितरण किया गया र्जिसे ग्रामीणोां का बहुत सराहा। इस वितरण ने सुरक्षा बलोां और स्थानीय लोगों के बीच विश्वास और सहयोग को भी मजबूत किया। चिन्तागुफा एवं टोकनपल्ली गॉव के निवासियों ने इस प्रयास के लिए



अपनी संतुष्टि और आभार व्यक्त किया ।द्वितीय वाहिनी सी.आर.पी.एफस्थानीय समुदायोां के कल्याण के लिए प्प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के सकारात्मक एवां विकासोन्मुखी कार्यक्रमो के माध्यम से जनता के साथ संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करता रहेगा।इस कार्यक्रम अंत में श्री कमलेश कुमार कमांडेंट, द्वितीय वाहिनी सी.आर.पी.एफ ने अपने उद्बोधन में सभी ग्रामीणों का अभार व्यक्त किया और बताया कि एसी आर पी एफस्थानीय समुदायोां के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी इस प्रकार के सकारात्मक एव विकासोन्मुखी कायगक्रमोां के माध्यम से जनता के साथ संबंधों को मजबूत करने का प्रयास करता रहेगा। इस कार्यक्रम में श्री राजेन्द्र कुमार मीना (सहा0कमा0) श्री ज्ञानेश प्रताप सिंह (सहा0कमा0) श्री गोविन्द यादव थाना प्रभारी चिन्तागुफा, श्री पद्मा मासा सरपंच चिंतागुफा एवं डी/02 समवाय के अधीनस्थ अधिकारी व सभी जवान उपस्थित थे।

## एक नजर

### राष्ट्रीय राजमार्ग-49 पर पुल क्षतिग्रस्त, 45 दिन तक यातायात रहेगा प्रतिबंधित

**रायगढ़, 7 अगस्त।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 49, जो बिलासपुर से रायगढ़ होते हुए ओडिशा सीमा तक जाता है, उस पर स्थित भाठागांव-बरगढ़ के मध्य बोराई नदी पर बने तीन स्पैन वाले मध्यम पुल का पहला स्पैन (बिलासपुर की तरफ) हाल ही में क्षतिग्रस्त हो गया है।

कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन में यात्रियों की सुरक्षा और संभावित जान-माल की हानि को ध्यान में रखते हुए संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा तत्काल आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। ईई एनएच बिलासपुर श्री नितेश तिवारी ने बताया कि क्षतिग्रस्त पुल की मरम्मत एवं नवीन स्लैब की ढलाई का कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। नवीन स्लैब ढलाई हेतु विद्यमान राष्ट्रीय राजमार्ग पर यात्रा सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगभग 45 दिनों के लिए आगामी आदेश तक प्रतिबंधित रहेगा।

### मेडिकल कॉलेजों में विश्व स्तनपान दिवस मनाया गया

**रायगढ़, 7 अगस्त।** स्व.श्री लखीराम अग्रवाल स्मृति शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय संबद्ध संत बाबा गुरु घासीदास जी स्मृति शासकीय चिकित्सालय रायगढ़ और शासकीय नर्सिंग कॉलेज,रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में आज विश्व स्तनपान सप्ताह मनाया गया।कार्यक्रम में गर्भवती एवं नवजात बच्चों की माताओं को स्तनपान के महत्व के बारे जानकारी देते हुए बताया कि मां का दूध शिशु के लिए सबसे अच्छा पोषण है। यह बीमारियों से लडने् की ताकत देता है। मां का पहला पीला गाढ़ा दूध बच्चे के लिए प्राकृतिक टीका होता है। इसमें कोलोस्ट्रम होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है। इससे बच्चा कई बीमारियों से बचता है। जन्म से 6 महिने तक के बच्चों को सिर्फ मां का दूध पीलाने की सलाह दी गई। 6 महीने से 2 वर्ष की उम्र तक या उसके बाद भी स्तन पान कराते रहना चाहिए, और शिशु को अन्य खाद्य पदार्थ (पूरक भोजन ) भी देना चाहिये। माताओं को पोषण युक्त आहार लेने की सलाह दी गई।

### जिले की महिलाओं ने वीर जवानों के नाम भेजीं 8000 राखियाँ

**रायगढ़, 7 अगस्त।** आगामी रक्षाबंधन को ध्यान में रखते हुए रायगढ़ जिले की महिलाओं ने एक अनूठी मिसाल पेश की है। जिले की महिला स्व-सहायता समूहों और महतारी वंदन योजना से जुड़ी हितग्राहियों ने %मेरा रक्षा सूत्र-देश के वीर जवानों के नाम' अभियान के तहत देश के जवानों के लिए 8000 से अधिक राखियाँ भेजीं है। यह रक्षा सूत्र विभिन्न विकासखंडों से संग्रहित किए गए हैं, जिसमें रायगढ़ (ग्रामीण) से 1000, रायगढ़ शहरी से 732, खरसिया से 2000, तमनार से 600, घरघोड़ा से 1500, पुसौर से 635, कापू से 664, धर्मजयगढ़ से 600, लैलूंगा से 500 और मुकडेगा से 500 राखियाँ भेजी गईं है। जिले की महिलाओं ने संगठित रूप से देश के वीर जवानों के लिए इतनी बड़ी संख्या में राखियाँ तैयार कर उन्हें समर्पित किया है। इस कार्य में जिले के परियोजना अधिकारी, सुपरवाइजर, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र रायगढ़ अब बर्ड फ्लू मुक्त घोषित



**रायगढ़, 7 अगस्त।** रायगढ़ जिले के चक्रधर नगर स्थित शासकीय कुक्कुट पालन प्रक्षेत्र में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद लगाए गए प्रतिबंध अब हटा लिए गए हैं। संक्रमण की पुष्टि के उपरांत जिला प्रशासन द्वारा संक्रमण नियंत्रण के लिए सख्त कदम उठाए गए थे।भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी द्वारा 1 किलोमीटर क्षेत्र को इन्फेक्टेड जोन और 1 से 10 किलोमीटर की परिधि को सर्विलेंस जोन घोषित किया गया था। इस दौरान इन क्षेत्रों में पोल्ट्री उत्पादों की खरीदी-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया था।पिछले तीन महीनों के दौरान सर्विलेंस जोन से नियमित रूप से नमूने लिए गए और उनकी जांच भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुरूप की गई। सभी पाक्षिक रिपोर्ट बर्ड फ्लू के लिए निगेटिव पाई गईं।

### विशेषज्ञों की टीम की रिपोर्ट के बाद निगम में ट्रैफिक जाम से मिलेगी राहत

**रायगढ़, 7 अगस्त।** रायगढ़ शहर की यातायात समस्या के स्थायी समाधान की दिशा में एक बड़ी पहल करते हुए जिला प्रशासन ने राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर के साथ एक महत्वपूर्ण एमओयू पर हस्ताक्षर किया है। इस समझौते के तहत शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल बनाने हेतु तकनीकी सहायता प्रदान की जाएगी। कलेक्टर एवं जिला शहरी विकास सोसायटी के अध्यक्ष श्री मयंक चतुर्वेदी और एनआईटी रायपुर के प्रतिनिधियों के मध्य जिला कार्यालय में इस आशय की विस्तृत चर्चा हुई, जिसके पश्चात समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय भी उपस्थित रहे। समझौते के अनुसार एनआईटी रायपुर की विशेषज्ञ टीम शीघ्र ही रायगढ़ पहुंचेगी और शहर के 5 प्रमुख बिंदुओं पर गहन अध्ययन कर यातायात संबंधी व्यापक रिपोर्ट तैयार करेगी। यह रिपोर्ट शहर की वर्तमान स्थिति, समस्याओं और संभावित समाधान की स्पष्ट दिशा तय करेगी। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने कहा कि यह  समस्याओं से निजात दिलाने की दिशा में ठोस कदम है। यह पहल रायगढ़ के नागरिकों को बेहतर, सुरक्षित और सहज परिवहन सुविधा उपलब्ध कराएगी।

ग्राम आमाटोला में 28 बैग उर्वरक जब्त

# अवैध रासायनिक उर्वरक परिवहन पर कृषि विभाग की कार्रवाई



**मोहला-**मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले में कलेक्टर के निर्देशानुसार किसानों को निर्धारित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा अवैध उर्वरक परिवहन पर नियंत्रण हेतु सतत् निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में कृषि विभाग की टीम द्वारा ग्राम आमाटोला में एक तीन पहिया वाहन से अवैध रूप से परिवहन किए जा रहे 28 बैग रासायनिक उर्वरक जब्त किए गए। जब्त उर्वरकों में 5 बैग यूरिया, 6 बैग सिंगल सुपर फॉस्फेट एवं 17 बैग डीएपी शामिल हैं।

ग्रामीणों से प्राप्त सूचना के आधार पर की गई जांच के दौरान पाया गया कि उक्त उर्वरक आदिम जाति सेवा सहकारी समिति, आमाटोला से सहायक प्रबंधक श्री गंगाराम साहू द्वारा कृषक श्री बीरधन एवं अन्य के नाम पर परमिट काटकर वाहन के माध्यम से भेजे गए थे एवं उन्हें सहायक प्रबंधक के निवास पर पहुंचाना था। जांच एवं जब्ती की कार्यवाही तहसीलदार अम्बागढ़ चौकी, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अधिकारी, समिति सदस्य तथा स्थानीय कृषकों की मौजूदगी में हुई। कृषि विभाग द्वारा उर्वरक गुण नियंत्रण आदेश, 1985 के अंतर्गत विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए प्रकरण को कलेक्टर न्यायालय, मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी में प्रस्तुत किया गया है।

### नशामुक्त भारत अभियान के तहत विभिन्न कार्यक्रम होंगे

**धमतरी, 7 अगस्त ।** जिले में नशामुक्त भारत अभियान  की 5 वीं वर्षगांठ के अवसर पर जन-जागरूकता कार्यक्रम और गतिविधियों का आयोजन 31 अगस्त 2025 तक किया जायेगा। उप संचालक समाज कल्याण ने बताया कि भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिये गये निर्देशानुसार कलेक्ट्रेट परिसर धमतरी में समाज कल्याण विभाग के कर्मचारियों एवं दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति धमतरी (दिव्यांग) के सदस्यों को नशामुक्ति के संबंध में शपथ दिलाई गई।

साथ ही नशामुक्ति अभियान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए बनाये गए प्रचार रथ कों उप संचालक समाज कल्याण श्रीमति मनीषा पाण्डेय द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण विभाग अन्य अधिकारी कर्मचारी एवं दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण उपस्थित रहे।

## वाहन की टक्कर से हिरण की मौत, 6 आरोपी गिरफ्तार

**गरियाबंद,7 अगस्त।** उदंती सीता नदी अभ्यारण्य में हिट एंड रन के मामले में वन अमले ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हिरण शिकार के 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 26.65 किलोकच्चा चीतल हिरण का मांस, कुल्हाड़ी, हंसियाए चाकू एवं अन्य काटने के औजार जब्त किए गए हैं। हिरण को टक्कर मारने वाले वाहन चालक फरार हैए जिसकी तलाश की जा रही है।

उदंती सीतानदी अभ्यारण्य के उपनिदेशक वरुण जैन ने बताया कि वन विभाग को गोपनीय सूचना मिली थी कि कोयबा.इंदागांव के बीच मुख्य मार्ग पर एक अज्ञात वाहन ने एक मादा चीतल को टक्कर मार दीए जिससे उसकी मौत हो गई। जांच में वन अमले को मृत चीतल का खून दुर्घटनास्थल पर मिला। आगे खोजबीन में पास की झोपड़ी में काटने के साक्ष्य और कपड़े में बंधा हुआ कच्चा मांस बरामद हुआ।

जांच में पता चला कि ग्राम कोयबा के 6 ग्रामीण मृत चीतल को उठाकर झोपड़ी में लाए और सब्जी बनाने के उद्देश्य से उसे काटकर 6 हिस्सों में बांटकर अपने-अपने खेत और टीकरा में छिपा दिया। वन विभाग ने आरोपी जीवन लाल मांझी से पूछताछ कर अन्य 5 आरोपियों की पहचान की। गिरफ्तार आरोपियों में जीवन लाल देवसिंह मांझी 37 वर्ष रुपधर चैनसिंह, 35वर्ष दीपचंद ,रामप्रसाद यादव 41 वर्ष बिहारीलाल रामजी ध्रुव 48 वर्ष खगेश्वर दुर्बल सोरी  50 वर्ष नाथुराम बैदराम मरकाम वर्ष शामिल है। सभी ग्राम कोयबा, थाना इंदागांव, जिला गरियाबंद के निवासी हैं।

## जमानत पर रिहा होते ही आदतन अपराधी ने निकाला जुलूस, पुलिस ने फिर भेजा जेल

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ में एक अपराधी को जमानत मिलने के अगले दिन फिर से जेल हो गई. कोतवाली क्षेत्र के आदतन अपराधी दुर्गेश महंत ने जमानत पर रिहा होते ही जुलूस निकाल दिया. जुलूस का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद रायगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे दोबारा जेल भेज दिया है.

21 वर्षीय दुर्गेश महंत, पिता चतुरदास महंत, निवासी कोतरा रोड, लगभग तीन महीने पहले थाना जूटमिल क्षेत्र में दर्ज मारपीट के एक मामले में जेल में बंद था. हाल ही में उसे जमानत पर रिहा किया गया. रिहाई के बाद उसने अपने साथियों के साथ शहर में खुलेआम जुलूस निकाला, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद पीड़ित परिवार और आम नागरिकों में आक्रोश फैल गया. मामला जब वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के संज्ञान में आया, तो कोतवाली थाना प्रभारी निरीक्षक सुखनंदन पटेल को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साइबर सेल और थाना स्टाफ की मदद से आरोपी दुर्गेश को गिरफ्तार कर थाने लाया गया. पूछताछ में उसने जुलूस निकालने की बात स्वीकार की। दुर्गेश महंत पर कोतवाली सहित अन्य थानों में कई संगीन अपराध दर्ज हैं और वह एक आदतन अपराधी के रूप में जाना जाता है।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम ने दुकानों व मेले में खाद्य पदार्थों की जांच की

**रायपुर, 7 अगस्त।** बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार अवस्थी के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा अधिकारी उमेश वर्मा एवं टीम द्वारा चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से मंगलवार एवं बुधवार को भाटापारा व सिमगा के 41 प्रतिष्ठानों से 207 नमूने लिए गए जिसमें 199 मानक एवं 8 अवमानक मिले।अवमानक पान चटनी एवं बालूशाही को मौके पर नष्ट कराया गया तथा 4 दुकानों को नोटिस जारी किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा में संचालित मीना बाजार के फूड स्टालों, फास्ट फूड सेंटर, गुपचुप ठेलों, मोमोज सेंटर आदि की जांच की गई।मोमोज सेंटर में खाद्य रंगों का अत्यधिक मात्रा में उपयोग किया जाना पाया गया अतः सभी मोमोज सेंटर वालों को 100 मिलीग्राम प्रति किलोग्राम अनुमत्य मात्रा में ही उपयोग करने की समझाइश दी गई। सिमगा में कुल 19 प्रतिष्ठानों से 98 सैंपल चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से जांच किया गया जिसमें  से 93 मानक 4 अवमानक तथा 1असुरक्षित पाया गए।अवमानक और असुरक्षित खाद्य पदार्थों को तुरंत नष्ट कराया गया।जांच किए जाने पर असुरक्षित गाय छाप मेटानिल येलो रंग का सोर्स पता लगने से  लक्ष्मी किराना स्टोर्स पर जाकर 2 बॉक्स गाय छाप रंग का नष्टीकरण कराया गया।  साथ ही सभी किराना व्यापारियों को इसे खाद्य के रूप में न बेचने की हिदायत दी गई ।

इसके साथ ही जैन होटल एवं स्वीट्स, अमित स्वीट्स, जय दुर्गा स्वीट्स एवं लक्ष्मी किराना स्टोर्स से कुल 7 मिठाईयों के नमूने लेकर जांच हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया साथ ही उपरोक्त दुकानों को 4-4 बिंदुओं पर नोटिस भी जारी किया गया।

## दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**रायपुर, 7 अगस्त।** मुंगेली जिले में दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण की दिशा में एक अनुकरणीय और ऐतिहासिक पहल की गई। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा अपनी निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व योजना के अंतर्गत जिले के 88 दिव्यांगजनों को अत्याधुनिक मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल और सुगम्य केन वितरित किए गए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक श्री मोहले ने कहा कि यह कार्यक्रम केवल सहायता नहीं, आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ाया गया एक मजबूत कदम है। दिव्यांगजनों के लिए सरकार रोजगार, प्रशिक्षण, आवास, आयुष्मान भारत योजना, राशन कार्ड जैसी योजनाएं संचालित कर रही है। उन्होंने दिव्यांगजनों को कौशल उन्नयन कर आत्मनिर्भर बनने प्रोत्साहित किया। जिला पंचायत अध्यक्ष श्री पांडेय ने कहा कि निःशुल्क सायकल वितरण दिव्यांगों की सहायता के लिए सराहनीय कदम है। इससे दिव्यांगों को दैनिक दिनचर्या के साथ ही आने-जाने में काफी मदद मिलेगी।

कलेक्टर श्री कुन्दन कुमार ने कहा कि दिव्यांगजनों में अपार क्षमता है, आपको ईश्वर ने मानसिक शक्ति एवं दृढ़ता प्रदान की है। आप सभी दिव्यांगजनों को जीवन में आगे बढ़ने के अवसर प्राप्त हैं। उन्होंने एक स्थानीय दिव्यांग छात्र का उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे उसने 76 प्रतिशत अंक लाकर 12वीं पास की और अब जोधपुर में पढ़ाई कर रहा है, जिसका सपना है कि वह आईएएस बनकर मुंगेली का कलेक्टर बने। कलेक्टर ने बताया कि जिले के सभी विकासखंडों में ऐसे शिविर आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजनों को लाभ मिले। उन्होंने दिव्यांगजनों को अपनी क्षमता का भरपूर उपयोग करते हुए आगे बढ़ने प्रेरित किया।

पुलिस अधीक्षक श्री भोजराम पटेल ने कहा कि दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने सरकार द्वारा विभिन्न कदम उठाए गए हैं। सुविधा का उपयोग कर आगे बढ़ें और स्वयं को सशक्त बनाएं। यह सहयोग आपकी सशक्तिकरण की दिशा में पहला कदम है। उन्होंने दिव्यांगजनों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि जुनून और दृढ़ता से सफलता आसान होगी। स्वयं को कभी कमजोर ना समझें, सशक्त और मजबूत रहते हुए आगे बढ़ें। जिला पंचायत सीईओ ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि जिले में एक साथ 88 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल प्रदान करना एक ऐतिहासिक कदम है। इससे दिव्यांगजनों के जीवन में निश्चित रूप से सकारात्मक बदलाव आएगा। इस दौरान जिले के अन्य जनप्रतिनिधिगण, प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में दिव्यांगजन व उनके परिजन उपस्थित रहे।

### पीएम आवास निर्माण में लापरवाही रोजगार सहायक बर्खास्त

**रायपुर, 7 अगस्त।** प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत कार्यों में घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरतने के कारण ग्राम रोजगार सहायक को पद से बर्खास्त कर दिया गया है। जारी आदेश के अनुसार बलौदा बाजार जिले के विकासखंड पलारी अंतर्गत मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत कुकदा में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायक राजेंदर सिंह मार्कण्डेय द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत कार्यों में पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं स्वेच्छाचारिता बरती गई।इस कृत्य क़ो लोक हित के विपरीत मानते हुए मार्कण्डेय की संविदा सेवा एक माह की वेतन के साथ समाप्त कर दिया गया है।

## पुनरीक्षित हॉफ बिजली बिल योजना में अब 100 यूनिट तक मिलेगी 50 प्रतिशत की रियायत

**रायगढ़, 7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं को राहत देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हॉफ बिजली बिल योजना में संशोधन किया है। इस पुनरीक्षित योजना के तहत अब घरेलू उपभोक्ताओं को हर माह 100 यूनिट तक की बिजली खपत पर 50 प्रतिशत की रियायत दी जाएगी।

पूर्व में लागू योजना के अनुसार उपभोक्ताओं को 400 यूनिट तक की खपत पर राहत मिलती थी। अब सरकार ने उपभोक्ताओं की वास्तविक जरूरतों और राजस्व संतुलन को ध्यान में रखते हुए इस सीमा को युक्तियुक्त बनाया है। संशोधित योजना का लाभ जिले के लगभग 86 हजार 406 उपभोक्ताओं को पूर्ववत मिलता रहेगा। इस योजना से बीपीएल (गरीबी रेखा से नीचे) परिवारों को विशेष राहत मिल रही है। जिले के 12 हजार 997 बीपीएल परिवारों को पहले की तरह 30 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलती रहेगी। इसके साथ ही ये परिवार हॉफ बिजली बिल योजना के तहत मिलने वाले अन्य सभी लाभों से भी पूर्ववत लाभान्वित होते रहेंगे। इसके अतिरिक्त ये परिवार हॉफ बिजली बिल योजना के अन्य सभी लाभों के लिए पात्र बने रहेंगे।

## स्तनपान शिशु के शारीरिक,मानसिक व भावनात्मक विकास की नींव : देवकी



**महासमुन्द, 7 अगस्त** महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में सेजेस महासमुंद में विश्व स्तनपान सप्ताह के अवसर पर बुधवार को जागृति शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास विभाग के सभापति श्रीमती देवकी पटेल एवं अध्यक्ष के रूप में नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवी चंद राठी शामिल हुए। इस अवसर पर नगर पालिका के पार्षदगण एवं विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती देवकी पटेल ने कहा कि स्तनपान केवल एक प्राकृतिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि यह शिशु के सम्पूर्ण मानसिक, शारीरिक और भावनात्मक विकास की नींव है। माताएं अपने बच्चों को 6 माह तक केवल स्तनपान कराएं और इसके बाद पोषणयुक्त पूरक आहार देना शुरू करें। इससे बच्चे कुपोषण से दूर रहते हैं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री देवीचंद राठी ने कहा कि जागरूकता शिविर के माध्यम से माताओं को यह बताया जाना आवश्यक है कि शिशुवती माताओं को अपने शिशु को जन्म के पश्चात ही मां का दूध पिलाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस सप्ताह के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों में विभिन्न कार्यक्रम किया जाएगा, जो कि एक अच्छी पहल है।कार्यक्रम में 3 गर्भवती माताओं का गोद भराई एवं 3 बच्चों का अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्वास्थ्य वर्धक पूरक पोषण आहार का प्रदर्शन किया गया। इन गतिविधियों के माध्यम से समुदाय में महिलाओं और परिजनों को पोषण के महत्व की जानकारी दी गई।

### नगर पंचायत पिथौरा में गोवंश की सुरक्षा के लिए नई मुहिम शुरू

**महासमुंद, 7 अगस्त ।** नगर पंचायत पिथौरा ने एक सराहनीय और अभिनव पहल करते हुए आवारा घूमंतु गोवंश की सुरक्षा के साथ-साथ आम नागरिकों की सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। पशु चिकित्सा विभाग के सहयोग से नगर क्षेत्र में कुल 45 गोवंशों को रेडियम बेल्ट पहनाया गया और 90 गोवंशों को टैग किया गया है जिससे उनकी पहचान और निगरानी आसान हो गई है। यह अभियान कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के निर्देश पर चलाई जा रही है, जिसकी सीएमओ बिरजू सोनबर द्वारा सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। इस अभियान के तहत एक विशेष निगरानी दल भी गठित किया गया है, जिसका नेतृत्व नोडल अधिकारी रूपलाल सिन्हा, प्रभारी अधिकारी नितिन सिंह, सफाई दरोगा एवं चार कर्मचारी कर रहे हैं। यह दल मुख्य रूप से बस स्टैंड, गार्डन चौक, बार चौक, लहरौद पड़ाव और रामकुमार राजपूत मार्ग क्षेत्र में प्रभावी निगरानी कर रहा है।

## मुख्यमंत्री साय के निर्देश पर जिले में विद्युत अधोसंरचना का निर्माण तीव्र गति से हो रहा

**जशपुरनगर 7 अगस्त।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में जशपुर जिले के समग्र विकास के लिए एक व्यापक विजन पर कार्य हो रहा है, ताकि प्रत्येक नागरिक को मूलभूत सुविधाओं का लाभ आसानी से मिल सके। जिले के दूरस्थ और आदिवासी अंचलों तक संपर्क मार्गों, बिजली, पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं की पहुंच आसान बनाने हेतु अधोसंरचना निर्माण कार्यों को गति दी जा रही है। हर घर बिजली की पहुंच हो,इसके तहत नए विद्युत सब स्टेशन की स्थापना, खंभों का निर्माण, विद्युत तारों के विस्तार और अन्य आवश्यक अधोसंरचनाओं का निर्माण कार्य तीव्र गति से किया जा रहा है। इससे हर रोशन तो होंगे ही औद्योगिक विकास को भी गति मिलेगी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिले में कुनकुरी में 400/220 केवी क्षमता के सबस्टेशन, बगीचा के झिकी और



फरसाबहार में  132/33 केवी क्षमता का सबस्टेशन निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है।

इसके साथ ही जिले में मुख्यमंत्री विद्युल अधोसंरचना विकास योजना अंतर्गत पत्थलगांव एवं कुनकुरी डीवीजन के अंतर्गत 4-4 गांवों एवं जशपुर डिवीजन के अंतर्गत 01 ग्राम में विद्युत सबस्टेशन एवं विद्युत लाईनों का निर्माण किया जाएगा। पत्थलगांव डीवीजन के अंतर्गत ग्राम रेडे में 3 करोड़ 08 लाख 44 हजार रुपए की लागत से 3.15 मेघा वोल्ट एम्पियर क्षमता का नया सबस्टेशन के साथ ही 8 किमी लंबाई की 33 केवी विद्युत लाईन तथा 20 किमी लंबाई की 11 केवी विद्युत लाईन का निर्माण कार्य, ग्राम पालीडीह में 3 करोड़ 13 लाख 72 हजार की रुपए लागत से 3.15 मेघा वोल्ट एम्पियर क्षमता का नया सबस्टेशन के साथ ही 2.5 किमी लंबाई की 33 केवी विद्युत लाईन तथा 12 किमी लंबाई की 11 केवी विद्युत लाईन का निर्माण कार्य, ग्राम खुटेरा में 2.25 करोड़ रुपए की लागत से 3.15 मेघा वोल्ट एम्पियर क्षमता का नया सबस्टेशन के साथ ही 01 किमी लंबाई की 33 केवी विद्युत लाईन तथा 07 किमी लंबाई की 11 केवी लाईन का निर्माण कार्य तथा ग्राम चेटबा में 2.52 करोड़ रुपए की लागत से 3.15 मेघा वोल्ट एम्पियर क्षमता का नया सबस्टेशन के साथ ही 2 किमी लंबाई की 33 केवी विद्युत लाईन तथा 10 किमी लंबाई की 11 केवी लाईन का निर्माण कार्य कराया जाएगा।

## ओपी जिंदल को जयंती पर दी गई श्रद्धांजलि

**रायगढ़,7 अगस्त।** जिंदल समूह के संस्थापक एवं स्टील मैन के नाम से विख्यात ओपी जिंदल बाबूजी की जयंती आज मनाई गई । हर वर्ष की भांति इस बार भी 7 अगस्त को रायगढ़ दृष्टि एवं केके फिल्म्स की ओर से एक भव्य कार्यक्रम आयोजित कर, जिंदल स्टील के वरिष्ठ अधिकारियों एवं शहर के समाजसेवियों को ओपी जिंदल कर्मयोगी सम्मान से सम्मानित किया गया । इस अवसर पर रायगढ़ सहित देश के औद्योगिक विकास में बाबूजी के अतुलनीय योगदान को याद किया गया ।

रायगढ़ दृष्टि एवं केके फिल्म्स के निदेशक कमल शर्मा ने बताया कि रायगढ़ को औद्योगिक जिला के रूप में पहचान दिलाने में ओपी जिंदल बाबूजी की भूमिका अविस्मरणीय रही है। सही मायनों में, एक छोटे कस्बे से रायगढ़ की औद्योगिक नगरी के रूप में पहचान की शुरुआत जेएसपीएल की स्थापना के बाद हुई। आज हमारा रायगढ़ देश ही नहीं, विश्व में भी स्टील और पावर हब के रूप में जाना जाता है।कमल शर्मा ने बताया कि बाबूजी के कार्यों और रायगढ़ के विकास में उनके योगदान को ध्यान में रखते हुए संस्था द्वारा प्रत्येक वर्ष उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इसी कड़ी में इस वर्ष भी जिंदल स्टील परिसर स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। इसके पश्चात कंपनी को ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ अधिकारियों एवं कर्मचारियों को ओपी जिंदल कर्मयोगी सम्मान प्रदान



गया।कार्यक्रम में उन विशिष्टजनों को भी सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाजसेवा, शिक्षा, खेलकूद, धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में उल्लेखनीय व अनुकरणीय कार्य किए हैं। इस्पात उद्योग के पुरोधा, एक सफल राजनीतिज्ञ भी जिंदल उद्योग समूह के संस्थापक ओम प्रकाश जिंदल का जन्म 7 अगस्त 1930 को हरियाणा राज्य के हिसार जिले स्थित नलवा गांव में एक साधारण किसान परिवार में हुआ था। उन्होंने तकनीकी या इंजीनियरिंग की कोई औपचारिक शिक्षा नहीं ली थी, लेकिन इन विषयों में उनकी गहरी रुचि और आत्मनिर्भर प्रयोगशीलता ने उन्हें एक अद्भुत उद्यमी बना दिया।'मैन ऑफ स्टील' की उपाधि से विभूषित ओपी जिंदल ने 34 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना की, जिनमें से 30 भारत में, तीन अमेरिका में और एक इंडोनेशिया में स्थित हैं। वर्तमान में इन इकाइयों का संचालन उनकी धर्मपत्नी सावित्री देवी जिंदल और चार पुत्र - पृथ्वी राज जिंदल, सज्जन जिंदल, रतन जिंदल और नवीन जिंदल द्वारा किया जा रहा है। सभी पुत्र अपने-अपने क्षेत्रों में सफल उद्योगपति हैं और देश के औद्योगिक विकास में निरंतर योगदान दे रहे हैं।वे एक सफल राजनीतिज्ञ भी रहे। जनसेवा में रुचि रखते हुए उन्होंने राजनीति में कदम रखा और अपनी कर्मठता व लोकसेवा भावना से अपार लोकप्रियता अर्जित की। 31 मार्च 2005 को 74 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया, लेकिन उनके कार्य आज भी प्रेरणा के स्रोत बने हुए हैं।

## पीएम सूर्यघर योजना का कमाल, आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं इंदिरा पांडेय

**रायगढ़, 7 अगस्त।** रायगढ़ नगर निगम के केलो विहार निवासी श्रीमती इंदिरा पाण्डेय ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना का लाभ लेकर प्रति माह 3 से 5 हजार रुपए तक बिजली बिल की बचत कर रही है। वहीं 6 महीने में 30 हजार रुपए की बचत कर चुकी है। योजना के तहत श्रीमती पाण्डेय न केवल बिजली बिल से मुक्ति पाई, बल्कि आत्मनिर्भरता और स्वच्छ ऊर्जा अपनाकर क्षेत्र में एक प्रेरणादायी उदाहरण भी प्रस्तुत किया है।श्रीमती पाण्डेय ने अपने घर की छत पर 4 किलोवॉट क्षमता का रूफटॉप सोलर पैनल स्थापित करवाया। उन्होंने पीएम सूर्यघर पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया और पूरी प्रक्रिया को बिना किसी बाधा के सफलतापूर्वक पूरा किया। इस परियोजना की कुल लागत पर 78,000 रुपये की सब्सिडी केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रत्यक्ष रूप से उनके बैंक खाते में स्थानांतरित की गई। शेष राशि उन्होंने स्वयं अदा की। उनके पुत्र श्री प्रमोद पाण्डेय के अनुसार, इस सोलर प्लांट की स्थापना के बाद फरवरी 2025 से जुलाई 2025 के बीच, सिर्फ छह महीनों में 18,000 से 30,000 रुपये तक की बिजली बिल में सीधी बचत दर्ज की गई है। उनका घर अब पूरी तरह सौर ऊर्जा से संचालित है।

एक नजर

### ओलिंपिक मेडलिस्ट बॉक्सर लवलीना बोलीं- बीएफआई अधिकारी ने मिसबिहेव किया



**नई दिल्ली, 7 अगस्त।** टोक्यो ओलिंपिक गेम्स में भारत को ब्रॉन्ज मेडल दिलाने वाली मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन ने इंडियन बॉक्सिंग एसोसिएशन (बीएफआई) के कार्यकारी निदेशक रिटायर्ड कर्नल अरुण मलिक पर मिसबिहेव के आरोप लगाए हैं। लवलीना ने अपमानजनक और लैंगिक भेदभावपूर्ण व्यवहार करने का आरोप लगाया है। 27 साल की मुक्केबाज ने 2 पेज की लिखित शिकायत की है। इसमें लिखा- 'कर्नल मलिक ने 8 जुलाई को टॉप्स की जूम मीटिंग में मेरे साथ अपमानजनक और तिरस्कार भरा व्यवहार किया।' इंडियन ओलिंपिक संघ ने इन आरोपों की जांच शुरू कर दी है। IOA ने तीन सदस्यीय जांच समिति बनाई है, जिसमें टॉप्स के सीईओ नछत्तर सिंह जोहल, टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल और एक महिला वकील शामिल हैं।

लवलीन ने 2 पेज का शिकायत पत्र खेल मंत्री मनसुख मंडाविया, साई DG टॉप्स, IOA और बॉक्सिंग फेडेरेशन को भेजी। उन्होंने शिकायत में लिखा- मीटिंग के बाद मुझे बहुत ठेस पहुंची, मैं दुखी और निराश हो गई। मैं सोचने लगी कि हम महिला खिलाड़ी क्या वाकई सम्मान के लायक समझे जाते हैं? मैं सिर्फ एक एथलीट के रूप में नहीं, बल्कि एक महिला के रूप में यह पत्र लिख रही हूं। जो सालों से देश की उम्मीदें बॉक्सिंग रिंग में लेकर चलती रही है।

# भारत के खिलाफ बल्लेबाजी करने के लिए दृढ़ थे वोक्स

## बोले- चोट के बाद लगा करियर खतरे में है

**लंदन, 7 अगस्त।** इंग्लैंड के ऑलराउंडर क्रिस वोक्स चोट के बावजूद भारत के खिलाफ पांचवें टेस्ट मैच की दूसरी पारी में खेलने उतरे थे। कंधे की हड्डी खिसकने के कारण उनके बल्लेबाजी के लिए उतरने पर संशय था, लेकिन वोक्स उतरे। वोक्स ने अब इस बारे में चुप्पी तोड़ी है और उनका कहना है कि उन्होंने बल्लेबाजी नहीं करने के बारे में कभी नहीं सोचा था। उन्होंने हालांकि कहा कि जब उन्हें यह चोट लगी थी तब उन्हें लगा था कि क्या उनका करियर खतरे में है।

वोक्स भले ही पट्टी बांधकर बल्लेबाजी के लिए उतरे, लेकिन इंग्लैंड की हार को नहीं टाल सके। भारत ने पांचवां टेस्ट छह रन से अपने नाम किया जिससे पांच मैचों की टेस्ट सीरीज 2-2 की बराबरी पर छूटी। वोक्स ने कहा कि उन्हें लगा कि ऐसा करना सभी के लिए उनका कर्तव्य है और उन्हें अब भी इस बात का दुख है कि इंग्लैंड मैच हार गया। इस तेज गेंदबाज को अभी अपने स्कैन के नतीजों को इंतजार है। वोक्स ने कहा, मुझे नहीं पता कि यह क्या है। आप बस इतना जानते हैं कि आप किसी बड़ी चीज का हिस्सा हैं। आप सिर्फ अपने लिए ही नहीं खेल रहे हैं। यह आपकी टीम और आपके साथियों की मेहनत और उनके द्वारा किए गए त्याग, घर पर और



मैदान पर देखने वाले लोगों की मेहनत है। आप बस सबके लिए ऐसा करना अपना कर्तव्य समझते हैं। मैं अब भी बहुत निराश हूं, सचमुच बहुत निराश हूं कि हम वह परीकथा नहीं बना पाए। लेकिन मैंने कभी मैदान पर नहीं जाने के बारे में नहीं सोचा, चाहे जीत के लिए 100 रन ही क्यों ना होते।

वोक्स ने कहा कि दर्शकों के खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के बीच मैदान पर उतरना अच्छा लगा लेकिन वह अपने इस साहसिक कार्य को अधिक तवज्जो नहीं देते। उन्होंने कहा, तालियां बजना अच्छा लगा और कुछ भारतीय खिलाड़ी अपना सम्मान दिखाने आए। लेकिन कोई अन्य खिलाड़ी भी ऐसा ही करता। आप नौ विकेट गिरने के बाद मैच खत्म नहीं कर सकते थे।

## 'हम हमेशा साथ रहेंगे...'

### आईपीएल से सन्यास की चर्चाओं के बीच धोनी ने सीएसके के लिए लुटाया प्यार

**चेन्नई, 7 अगस्त।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के अनुभवी बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी के आईपीएल से संन्यास को लेकर चर्चाओं का बाजार हमेशा गर्म रहता है। लेकिन धोनी ने एक बार फिर स्पष्ट किया है कि उनकी नजदीकियां इस फ्रेंचाइजी के साथ काफी गहरी हैं। धोनी ने आईपीएल के अगले सीजन में खेलने को लेकर अभी रुख स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन उन्होंने एक कार्यक्रम के दौरान फैंस को आश्वस्त किया कि उनके खेल करियर में आगे चाहे जो भी हो, उनका दिल हमेशा सीएसके के लिए धड़कता रहेगा।

'धोनी के बिना कोई सीएसके नहीं है' यह वाक्यांश अक्सर प्रशंसकों के बीच सुना जाता है और धोनी खुद भी इस भावना को दोहराते हुए प्रतीत होते हैं। 44 वर्षीय इस खिलाड़ी ने पुष्टि की कि सीएसके फ्रेंचाइजी के साथ उनका संबंध एक सक्रिय खिलाड़ी के रूप में उनके समय से परे भी बना रहेगा। कुछ दिनों पहले धोनी ने चेन्नई में आयोजित एक निजी कार्यक्रम को संबोधित किया था जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

धोनी ने कहा, मैंने हमेशा कहा है कि मेरे पास निर्णय लेने के लिए बहुत समय है, लेकिन यदि आप पीली जर्सी में वापसी के बारे में पूछ रहे हैं तो मैं कहूंगा कि मैं हमेशा



पीली जर्सी में ही रहूंगा, चाहे मैं खेलूं या नहीं, यह अलग बात है। मैं और सीएसके हम साथ हैं। आपको पता है, अगले 15-20 साल तक भी ऐसा रहेगा।

धोनी 2008 में आईपीएल के शुरुआत से ही सीएसके का हिस्सा हैं। धोनी ने सीएसके की कप्तानी छोड़ दी है, लेकिन आईपीएल 2025 में नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ के चोट के कारण बाहर होने की वजह से धोनी ने कमान संभाली थी। हालांकि, पांच बार की चैंपियन सीएसके के लिए आईपीएल का पिछला सत्र अच्छा नहीं रहा था और टीम 14 में से सिर्फ चार मैच ही जीत सकी थी। सीएसके अंक तालिका में सबसे नीचे रही थी जो उसका टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे खराब प्रदर्शन में से एक है। लेकिन धोनी की उपस्थिति से सीएसके के ड्रेसिंग रूम में ऊर्जा बनी रही और फैंस का भी टीम को जोरदार समर्थन मिलता रहा।

## सिराज की घातक गेंदबाजी के मुरीद हुए मोईन अली

## कहा- उसका सामना हमेशा बल्लेबाजों के लिए चुनौतीपूर्ण

**नई दिल्ली, 7 अगस्त।** मोईन अली का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की दिलेरी और विषमताओं में घुटने नहीं टेकने का उनका जज्बा उन्हें दूसरों से अलग करता है और किसी भी बल्लेबाज के लिये उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण है।

इंग्लैंड के पूर्व हरफनमौला मोईन अली का मानना है कि भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की दिलेरी और विषमताओं में घुटने नहीं टेकने का उनका जज्बा उन्हें दूसरों से अलग करता है और किसी भी बल्लेबाज के लिये उनका सामना करना चुनौतीपूर्ण है। इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराने में अहम भूमिका



निभाने वाले सिराज ने 23 विकेट चटकाए। मोईन ने जीएफएस डेवलपमेंट्स द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा, 'सिराज इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में शानदार रहा है। उसकी ऊर्जा, आक्रामकता और निरंतरता शानदार रही है। वह भारत के लिये मैच विनर है और बल्लेबाजों के लिये उसका सामना करना हमेशा चुनौतीपूर्ण रहा है। सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली बात गेंद पर नियंत्रण की उसकी काबिलियत है। वह दिलेर है और कभी हार नहीं मानता। यही बात उसे खास बनाती है। उसने जो प्रभाव छोड़ा है, उसका पूरा श्रेय उसको जाता है।'

भारतीय टीम इंग्लैंड दौरे पर शुभमन गिल की अगुआई में गई थी। रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज बल्लेबाजों के बिना भी टीम ने इस दौरे पर दमदार प्रदर्शन किया। सिराज ने विशेष रूप से चमक बिखेरी। उन्होंने इंग्लैंड दौरे पर सभी पांच टेस्ट मैच खेले और कुल 185.3 ओवर तक गेंदबाजी की। उन्होंने इस दौरान 23 विकेट चटकाए जिसमें से नौ विकेट पांचवें टेस्ट मैच में लिए। यह सिराज का किसी टेस्ट द्विपक्षीय सीरीज में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## भारत ए के खिलाफ चार दिवसीय मैच के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम घोषित

**सिडनी, 7 अगस्त।** भारत ए के खिलाफ दो चार दिवसीय मुकाबलों के लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम घोषित हो गई है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच अगले महीने दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ए टीम में सैम कोंस्टास और नाथम मैकस्वीनी को भी शामिल किया गया है जिन्होंने इस साल भारत के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दौरान टेस्ट डेब्यू किया था।

कोंस्टास ने पिछली भारत-ऑस्ट्रेलिया सीरीज़ में मैकस्वीनी की जगह ली थी, लेकिन शीर्ष क्रम में अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए। कैरेबियाई दौरे में उनका प्रदर्शन निराशाजनक रहा, जबकि उनकी टीम ने वेस्टइंडीज पर पूरी तरह से दबदबा बनाया था। 19 वर्षीय कोंस्टास एकमात्र मौजूदा टेस्ट



खिलाड़ी हैं जिन्हें 'ए' टीम में शामिल किया गया है, जबकि अन्य कैप्ड खिलाड़ियों में मैकस्वीनी, कूपर कोनोली और स्पिनर टॉड मर्फी शामिल हैं। कोंस्टास ने मेलबर्न टेस्ट में डेब्यू पर चमक बिखेरी थी और आक्रामक अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक लगाया था। इस दौरान उनकी विराट कोहली से भिड़ंत भी हो गई थी और दोनों के बीच बहस भी हुई थी। अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाने के कारण उन्हें श्रीलंका के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की सीरीज से शेफील्ड शील्ड में खेलने के लिए वापस भेज दिया गया था।

मर्फी ने अब तक सात टेस्ट मैच खेले हैं जिसमें से चार मैच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2022-23 में खेले। उस सीरीज में मर्फी ने 14 विकेट लिए, लेकिन ऑस्ट्रेलिया ने 1-2 से सीरीज गंवा दी थी।

ऑस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा, यह उपमहाद्वीप कई अनूठी चुनौतियां और बल्ले तथा गेंद से विभिन्न कौशल का उपयोग करने का अवसर प्रदान करता है। हमें उम्मीद है कि इन परिस्थितियों के लगातार अनुभव से खिलाड़ियों को भविष्य के उपमहाद्वीपीय दौरों के लिए अपने खेल की प्रभावी पद्धति और समझ विकसित करने में मदद मिलेगी। लाल गेंद वाली टीम में जेसन संघा की कमी खल रही है, जिन्होंने पिछले महीने डार्विन में श्रीलंका ए के खिलाफ नाबाद 202 रन बनाए थे और मैथ्यू रेनशॉ, जिन्हें भी भारत में टेस्ट खेलने का अनुभव है। भारत और ऑस्ट्रेलिया की ए टीमों के बीच 16 से 19 सितंबर और 23 से 26 सितंबर तक लखनऊ में दो चार दिवसीय मैच खेले जाएंगे।



### सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने लिखा प्रधानमंत्री को पत्र

## व्यापारी दुविधा में, 50 प्र. अमेरिकी टैरिफ से भारतीय कारोबार को होगा कितना बड़ा नुकसान?

**नई दिल्ली, 7 अगस्त।** चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (सीटीआई) ने हाल ही में अमेरिका की ओर से टैरिफ बढ़ाने की योजना पर चिंता जताई है और चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका भारतीय वस्तुओं पर 50 शुल्क लगाता है तो भारत के निर्यात पर आधारित व्यवसायों पर को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है। सीटीआई के अध्यक्ष बृजेश गोयल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अमेरिका से आयातित वस्तुओं पर जवाबी टैरिफ लगाने सहित त्वरित और रणनीतिक कार्रवाई की अपीली की है। पीएम को भेजे अपने पत्र में, गोयल ने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पहले भारत से होने वाले आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ का एलान किया, फिर इसे 27 अगस्त से दोगुना करके 50त्न करने की बात कही है। अमेरिका की ओर से भारत पर लगाने से भारतीय निर्यातकों और निर्माताओं, विशेष रूप से शिपमेंट कारोबार से जुड़े लोगों या कंफर्म ऑर्डर हासिल कर चुके लोगों के



बीच भ्रम और अशांति की स्थिति पैदा कर दी है।

गोयल ने कहा, व्यापारी दुविधा में हैं। पहले से भेजे गए सामान या अमेरिका पहुंचने वाले सामान का क्या होगा? उन्होंने 2024 में अमेरिका को भारत के महत्वपूर्ण निर्यात का हवाला दिया- जिसमें 1.7 लाख करोड़ रुपये मूल्य के इंजीनियरिंग सामान जैसे स्टील उत्पाद, मशीनरी और ऑटोमोबाइल पाट्‌र्स शामिल हैं- जिन पर वर्तमान में 10 प्रतिशत कर लगता है। नए ढांचे के तहत, टैरिफ बढ़कर 25 प्रतिशत हो जाएगा, जिससे उत्पाद की कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिकी बाजार में प्रतिस्पर्धा कम होगी।

गोयल ने कहा, उदाहरण के लिए, 100 अमेरिकी डॉलर की एक वस्तु जो वर्तमान में टैरिफ के बाद 110 अमेरिकी डॉलर में बिकती है, अब 125 अमेरिकी डॉलर की हो जाएगी। इससे निर्यात की मात्रा में 10-15 प्रतिशत की कमी आ सकती है। उन्होंने कहा कि अन्य क्षेत्रों में भी इसी तरह के प्रभाव की उम्मीद है।

रत्न और आभूषण क्षेत्र, जिसने पिछले साल 90,000 करोड़ रुपये के सामान का निर्यात किया था और वर्तमान में 10 प्रतिशत टैरिफ का सामना कर रहा है। नए टैरिफ के एलान के बाद यह क्षेत्र भी संकट में है। कपड़ा क्षेत्र, जिस पर टैरिफ 10 प्रतिशत से बढ़कर 25 प्रतिशत हो गया है, और इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र जिसके 1.25 लाख करोड़ रुपये के निर्यात पर केवल 0.41 प्रतिशत कर लगता था नए टैरिफ लागू होने पर लागत में भारी वृद्धि का सामना करेगा।

इलेक्ट्रॉनिक्स, खासकर स्मार्टफोन से जुड़े निर्यात के मामले में भारत को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## टीसीएस 80 फीसदी कर्मचारियों के वेतन में करेगी बढ़ोतरी

**मुंबई, 7 अगस्त।** टीसीएस के सीएचआरओ मिलिंद लक्कड़ और सीएचआरओ नामित के सुदीप ने बुधवार को कर्मचारियों को भेजे एक ईमेल में कहा कि वेतन वृद्धि 1 सितंबर से प्रभावी होगी। उन्होंने कर्मचारियों से कहा कि हम आप सभी के समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए धन्यवाद देना चाहते हैं। हम मिलकर टीसीएस का भविष्य बना रहे हैं। टीसीएस यह वेतन वृद्धि ऐसे समय में की जा रही है, जब टीसीएस इस वर्ष लगभग 12,000 कर्मचारियों की छंटनी करने वाली है। कंपनी ने भविष्य के लिए तैयार संगठन बनाने की व्यापक रणनीति के तहत यह फैसला किया है।

## रिलायंस ने सरकारी खजाने में जमा किए 2.10 लाख करोड़

**मुंबई, 7 अगस्त।** देश के प्रमुख उद्योगपति मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज ने वित्त वर्ष 2024-25 के दौरान कई तरह के टैक्स, लेवी स्पेक्ट्रम चार्ज और अन्य मदों के तहत सरकार के खजाने में 2,10,269 करोड़ रुपये का योगदान दिया है। जो पिछले वित्त वर्ष के 1,86,440 करोड़ रुपये से 12.8त्न अधिक है। यह पहली बार है जब राष्ट्रीय खजाने में रिलायंस का योगदान 2 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है। इसके साथ ही, वित्त वर्ष 2020 से वित्त वर्ष 2025 तक यानी पिछले छह वर्षों में रिलायंस 10 लाख करोड़ से अधिक रकम जमा करा चुकी है। बताते चलें कि रिलायंस देश के खजाने में सबसे अधिक योगदान देने वाली कंपनी है। रिलायंस इंडस्ट्रीज की सालाना रिपोर्ट में कंपनी ने पिछले 10 वर्षों का लेखा जोखा भी दिया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि कंपनी ने पिछले 10 वर्षों में अपने शेयरधारकों को 5 गुना मूल्य दिया




है। बाजार पूंजीकरण पिछले 10 वर्षों में 5 गुना से अधिक बढ़कर वित्त वर्ष 2024-25 में 17,25,378 करोड़ रुपये हो गया है, जो पहले 338,703 करोड़ रुपये था। कंपनी के समेकित राजस्व में भी 3.65 गुना की वृद्धि दर्ज की गई है। वार्षिक शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2015-16 के 29,861 करोड़ रुपये से 2.72 गुना बढ़कर 81,309 करोड़ रुपये हो गया है।

# टोयोटा इनोवा ने भारत में पूरे किए शानदार 20 साल

**बेंगलुरु, 7 अगस्त।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज भारत में टोयोटा इनोवा की 20 वर्षों की गौरवपूर्ण यात्रा का जश्न मनाया। बीते दो दशकों में इनोवा एक ऐसा नाम बन चुकी है, जिसे भारतीय परिवारों और व्यवसायों ने अपने भरोसेमंद साथी की तरह अपनाया है। इनोवा, इनोवा क्रिस्टा और इनोवा हाईक्रॉस ङ्क इन तीनों मॉडलों की अब तक कुल 12 लाख से अधिक यूनिट्स बिक चुकी हैं, जो ग्राहकों के विश्वास और इस ब्रांड की दीर्घकालिक उपयोगिता का प्रमाण हैं।

### बनी 12 लाख से ज्यादा ग्राहकों की पहली पसंद

इन वर्षों में इनोवा ने लगातार खुद को बदला है ङ्क ग्राहकों की बदलती ज़रूरतों और उम्मीदों के साथ कदम मिलाते हुए। लेकिन इसकी मूल पहचान, यानी गुणवत्ता, मजबूती और विश्वसनीयता, आज भी उतनी ही सशक्त है। यह केवल एक आंकड़ा नहीं, बल्कि उन अनगिनत यादों और सफ़रों का उत्सव है, जिनमें इनोवा हर कदम पर साथ रही।

टोयोटा इनोवा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री वरिंदर वाधवा, वाइस प्रेसिडेंट ङ्क सेल्स, सर्विस और यूज़्ड कार बिज़नेस, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कहा, ÷टोयोटा इनोवा ने पिछले 20 वर्षों में भारतीय ग्राहकों के साथ न सिर्फ एक व्यावसायिक, बल्कि गहरा भावनात्मक रिश्ता बनाया है। यह सिर्फ एक गाड़ी नहीं, बल्कि हर परिवार की भरोसेमंद हमसफ़र बन चुकी है – जिसकी आरामदायक सवारी और अद्वितीय विश्वसनीयता को हर पीढ़ी ने अपनाया है।

चाहे रोज़ का सफर हो या कोई यादगार रोड ट्रिप, इनोवा हमेशा साथ रही है। इसके विशाल और आरामदायक इंटीरियर्स, मजबूत बिल्ड क्वालिटी और स्मूद ड्राइविंग एक्सपीरियंस ने इसे भारत की सबसे पसंदीदा MPVs में जगह दिलाई है। साथ ही, इसने क्वॉलिटी और परफॉर्मेंस के मामले में अपने सेगमेंट का बेंचमार्क भी तय किया है।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)**

क्रमांक/713/तक./न.पा.परि./2025-26 — दन्तेवाड़ा, दिनांक : 04/08/2025

**रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) सूचना**

कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा क्षेत्रातंर्गत निर्मित आश्रय स्थल के संचालन हेतु अपनी-अपनी रूचि की अभिव्यक्ति सील बंद लिफाफे/पंजीकृत डाक के माध्यम से कार्यालय नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा के राजस्व शाखा में दिनांक 19.08.2025 को अपरान्ह 3.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं, जो कि रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) प्रस्तुतकर्ता/प्रतिनिधि के साथ राशि रूपये 3000.00 (तीन हजार रूपये मात्र) का एफडी.आर./डी.डी. जो कि मुख्य नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा के पक्ष में देय होगा संलग्न करना होगा। प्राप्त रूचि की अभिव्यक्ति (EOI) को दिनांक 19.08.2025 को दोपहर 4.30 बजे खोला जावेगा।

अतः उक्त रूचि की अभिव्यक्ति की विस्तृत जानकारी कार्यालय नगरपालिका परिषद दन्तेवाड़ा के राजस्व शाखा से प्राप्त कर सकते है। रूचि की अभिव्यक्ति का फार्म कार्यालय नगर पालिका परिषद् दंतेवाड़ा से प्राप्त किया जा सकता है और वही फार्म मान्य होगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद दन्तेवाड़ा
जिला-दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)



**कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर**
जोन क्रमांक 07
जयस्तंभ चौक डाकघर के सामने
पुराना मुख्यालय मालवीय रोड रायपुर

क्रमांक 35/जोन क्र. 07/न.पा.नि./2025 — रायपुर दिनांक 4/08/2025

**-::निविदा निरस्तीकरण सूचना::-**

जोन क्रमांक 07 द्वारा जारी निविदा क्रमांक 32/जोन क्र. 07/न.पा.नि./2025 रायपुर, दिनांक 28/07/2025 को निविदा आमंत्रण सूचना दैनिक समाचार पत्र- **तरुण छत्तीसगढ़** में प्रकाशित दिनांक 29.07. 025 में उल्लेखित कार्य सिस्टम टेण्डर क्रमांक-**172786** को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। उक्त कार्य को निरस्त माना/पढ़ा जावे।

घरों से निकलने वाले गीला और सूखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-07
नगर पालिक निगम रायपुर



**कार्यालय नगर पालिक निगम, भिलाई**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

क्रमांक/लो.क.वि./जोन-2/2025/755/176 — भिलाई, दिनांक 4/8/25

इस कार्यालय द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई-टेंडर आमंत्रित की गई है, जिसका विस्तृत विवरण वेबसाइट http://eproc.cgstate.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | कार्य का विवरण | सिस्टम टेंडर क्रं. | अनुमानित लागत (लाख में) | BID Due की अंतिम तिथि | दस्तावेज प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वैशालीनगर EWS कॉलोनी में मकान नंबर EWS 215 से पोल नंबर 14/5710 तक डामरीकरण मार्ग का नवीनीकरण कार्य। | 173045 | 17.39 | 01.08.2025 से 22.08.2025 तक | 28.08.2025 |
| 2 | 15वें वित्त आयोग अंतर्गत जोन 02 वैशालीनगर क्षेत्रान्तर्गत सड़कों का संधारण (पेंच) रिपेयर कार्य। | 173050 | 33.56 | 01.08.2025 से 22.08.2025 तक | 28.08.2025 |
| 3 | 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वार्ड क्र. 14 शांति नगर में सड़क क्र. 23, 24, 25, 26 एवं क्रॉस सड़क ओर पोल न 14/317 से पोल नं. 14/317 तक एवं दशहरा मैदान हनुमान मंदिर के सामने से पोल नं. 14/596 तक सड़क डामरीकरण कार्य। | 173068 | 96.77 | 01.08.2025 से 22.08.2025 तक | 28.08.2025 |
| 4 | 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वार्ड क्र. 25 जवाहर नगर डाक लाइन के आसपास मार्ग का डामरीकरण कार्य। | 173080 | 16.20 | 01.08.2025 से 22.08.2025 तक | 28.08.2025 |
| 5 | वार्ड क्र. 20 वैशाली नगर में शिव मंदिर से विजय तिवारी निवास के सामने तक एवं सिंधु भवन के सामने एवं त्रिकोणा पार्क के तीनों तरफ सड़क डामरीकरण कार्य। | 173089 | 49.61 | 01.08.2025 से 22.08.2025 तक | 28.08.2025 |
| 6 | 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वार्ड क्र. 29 में पोल नंबर 29/326 से रंजना देवी निवास होते हुए चैता मैदान तक डामरीकरण कार्य। | 173011 | 25.07 | 31.07.2025 से 22.08.2025 तक | 28.08.2025 |

**(नोटः- ई-टेण्डर में ऑफलाईन शपथ पत्र एवं EMD/FDR) प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा निविदा अमान्य किया जावेगा/दर को नहीं खोला जावेगा।)**

उपरोक्त निविदा निर्माण कार्यों की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी http://eproc.cgstate.gov.in वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

जोन आयुक्त
(जोन-02)
नगर पालिक निगम,
भिलाई

एक नजर

### शिकागो कला संस्थान में वित्त मंत्री चौधरी ने पहुंचकर मंच को किया नमन



**रायपुर, 7 अगस्त।** वर्षों पूर्व स्वामी विवेकानंद ने धर्म पर व्याख्यान देकर पूरे विश्व का ध्यान आकर्षित किया था, आज उस स्थल पर पर वित्त मंत्री ओपी चौधरी पहुंचे। शिकागो कला संस्थान ने 11 सितंबर 1893 को स्वामी विवेकानंद ने अपना उद्बोधन दिया था। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपना लंबा वक्त बिताया और मंच को नमन किया। रामकृष्ण परमहंस के शिष्य स्वामी विवेकानंद ने हिन्दू धर्म की व्याख्या की थी तथा विश्व का ध्यान भारत की ओर आकर्षित किया था। शिकागो से लौटकर उन्होंने रामकृष्ण मिशन, विवेकानंद आश्रम की स्थापना की थी, जिसकी आज देश-विदेश में एक हजार से अधिक शाखाएं है। छत्तीसगढ़ में नारायणपुर, रायपुर तथा बिलासपुर में इसकी शाखाएं है। नारायणपुर का आश्रम सबसे बड़ा देश का आश्रम है, जो कि सवा सौ एकड़ में स्थापित है।

### सीजीएसटी के निरीक्षक और सुपरिटेंडेंट को अप्रैल 2004 की बजाए जनवरी 1996 से मिलेगा बढ़ा हुआ वेतन

**रायपुर, 7 अगस्त।** सीबीआईसी बोर्ड ने 6 अगस्त 2025 के एक पत्र के तहत जबलपुर कैट के आदेश को बिना आगे की लिटिगेशन में जाते हुए छत्तीसगढ़ के पुराने सीजीएसटी (सेन्ट्रल एक्साइज वाले) निरीक्षक और सुपरिटेंडेंट के पे-स्केल को 1 जनवरी 1996 से पांचवे वेतन आयोग की सिफारिश के तहत स्वीकार कर लिया. इससे छत्तीसगढ़ के करीब 150 अधिकारी लाभान्वित होंगे. वेतन बढ़ोतरी को लेकर आए इस पत्र के बाद पुराने अधिकारी में बहुत ही खुशी का माहौल है. अब उनका पे -स्केल 01.01.1996 से 6500 200-10500 में रि -फिक्स होगा, जो पहले 5500- 175- 9000 था. अधिकारियों को 2004 से एरियर्स भी मिलने की संभावना है, इससे उनके वेतन में काफी वृद्धि होने की संभावना है.

### महाराष्ट्र मंडल बैल सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन 23 को

**रायपुर, 7 अगस्त।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी छग के लोकप्रिय पर्व पोला के अवसर पर महाराष्ट्र मंडल में 23 अगस्त को बैल सजाओं प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शाम पांच बजे मिट्टी और लकड़ी के बैल सजाने के स्पर्धा का आयोजन शुरू होगा। मंडल के सांस्कृतिक समिति की ओर से आयोजित इस प्रतियोगिता में दो आयु वर्गों में चार से 9 वर्ष एवं दस से 14 वर्ष के बच्चे प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। समिति की प्रमुख प्रिया बक्शी ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए अभिभावकों को 15 अगस्त से पूर्व पंजीयन कराना होगा। विजेताओं को तीज त्योहार की संस्कृति से अवगत कराने के उद्देश्य से उक्त प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाती है विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा।

### महिलाओं से लोन की रकम लेकर शेयर मार्केट में दोगुना करने का झांसा देने वाली महिला गिरफ्तार




**रायपुर, 7 अगस्त।** थाना आजाद चौक पुलिस ने एक बड़ी धोखाधड़ी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। आरोपी महिला प्रेरणा शर्मा ने मोहल्ले की महिलाओं को विभिन्न बैंकों से लोन दिलाने का लालच देकर उनसे लाखों रुपये हड़प लिए थे। मामला थाना आजाद चौक का है, जहां प्रार्थीया ज्योति यादव, निवासी घनश्याम मंदिर के पास हाण्डीपारा, ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि ब्राह्मणपारा निवासी आरोपी महिला प्रेरणा शर्मा पति संपन्न शर्मा उम्र 49 वर्ष, ने मोहल्ले की कई महिलाओं को लोन दिलाने में मदद करने का झांसा दिया। आरोपीया ने लोन की रकम अपने पास रखकर यह कहकर विश्वास दिलाया कि वह रकम शेयर मार्केट में लगाकर दोगुना करके वापस लौटा देगी। इसी झांसे में आकर प्रार्थीया ने 3,75,000 की लोन राशि आरोपीया को सौंप दी। जांच में सामने आया कि आरोपीया ने सिर्फप्रार्थीया से ही नहीं, बल्कि मोहल्ले की कई अन्य महिलाओं से भी इसी तरह लाखों रुपये की ठगी की है। पीड़ितों की शिकायत पर थाना आजाद चौक में अपराध क्रमांक 221/2025, धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस ने विवेचना के दौरान आरोपी प्रेरणा शर्मा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया। थाना आजाद चौक पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

# रायपुर में सगे भाइयों ने दोस्तों के साथ मिलकर की हत्या, गिरफ्तार



**रायपुर, 7 अगस्त।** रायपुर में दो सगे भाई ने एक युवक की हत्या कर दी। आरोपियों ने उसे उनके घर आने से मना किया, लेकिन वो नहीं माना। इसके बाद भाइयों ने मर्डर कर दिया। इस मामले में पुलिस ने दोनों भाइयों को 20 जुलाई को गिरफ्तार कर लिया था। इस मामले में बुधवार को 4 और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मामला खम्हारडीह थाना क्षेत्र का है।

दरअसल, ललित राव ने खम्हारडीह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि, वो भवानी नगर खम्हारडीह में रहता है। ललित के बेटे सुनील राव का मोहल्ले के राहुल यादव और ओम प्रकाश यादव से पुराना विवाद था। 19 जुलाई को रात 9:30 बजे के करीब ललित पास के एक मैदान में गया था। इसी दौरान ओम प्रकाश यादव और राहुल यादव ने अपने दोस्तों के साथ मिलकर गाली गलौज चालू कर दी। उन्होंने अपने पास रखे रॉड और कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे सुनील की मौके पर मौत हो गई।

**आरोपी भेजे गए जेल :** इस मामले में पुलिस ने घटना के कुछ घंटों के भीतर ही दोनों आरोपियों ओम प्रकाश और राहुल यादव को गिरफ्तार कर लिया था। पूछताछ में पुलिस को आरोपियों ने बताया कि युवक उनके घर आना जाना करता था। जो उन्हें पसंद नहीं था। इस वजह से पहले भी विवाद हो चुका था। घटना के बाद से अन्य आरोपी फरार थे।

बुधवार को पुलिस ने शिवनारायण यादव, शिवा यादव, तरुण यादव और अरुण यादव को भी गिरफ्तार कर लिया है। यह सभी भवानी नगर खम्हारडीह के रहने वाले हैं। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट के आदेश के बाद जेल भेज दिया है।

### दो चाकूबाज चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर, 7 अगस्त।** थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने चाकूबाजों के खिलाफचलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत दो अलग-अलग मामलों में दो आरोपियों को अवैध धारदार चाकू के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने दोनों मामलों में तत्परता दिखाते हुए आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया। यह कार्यवाही उमनि एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर डॉ. लाल उम्मेद सिंह के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर लखन पटले के मार्गदर्शन तथा नगर पुलिस अधीक्षक राजेश देवांगन के पर्यवेक्षण में की गई। पहला मामला अपराध क्रमांक 317/2025 धारा 25 आर्म्स एक्ट का है, जिसमें दिनांक 06.08.2025 को पुलिस को सूचना मिली कि बंधवा तालाब के पास एक व्यक्ति काली शर्ट व काली पैंट पहने हुए संदिग्ध रूप से घूम रहा है और उसके पास अवैध धारदार चाकू है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस मौके पर पहुंची और बताए गए हुलिए के व्यक्ति को पकड़ने का प्रयास किया। आरोपी पुलिस को देखकर भागने की कोशिश कर रहा था, लेकिन पुलिस की सतर्कता के चलते उसे पकड़ लिया गया।

दीपक बैज के बयान पर डिप्टी सीएम का पलटवार

## जहां के मुख्यमंत्री आदिवासी हैं वहां आदिवासियों की उपेक्षा का आरोप लगाना गलत : शर्मा



**रायपुर, 7 जुलाई।** पीसीसी चीफ बैज के बयान पर पलटवार करते हुए डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा, जिस राज्य के मुख्यमंत्री आदिवासी हैं उस राज्य में आदिवासियों की उपेक्षा का आरोप लगाना गलत है. हमारे मुख्यमंत्री आदिवासी हैं. उनके मार्गदर्शन में हम काम कर रहे हैं. इनके पास बोलने के लिए कुछ विषय नहीं है इसलिए कुछ भी बोलते रहते हैं. कांग्रेस ने एक को आदिवासी कहकर मुख्यमंत्री बनाए थे. आज तक कोई उनको आदिवासी नहीं मान पाए. बता दें कि दीपक बैज ने कहा है कि प्रदेश में आदिवासियों की उपेक्षा हो रही है. आदिवासी त्योहार नहीं मनाया जा रहा है.

हाफ बिजली योजना में संशोधन को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, इसकी अभी मुझे पूरी जानकारी नहीं है. मध्यमार्गी परिवार के लिए इसके एवज में योजना लाई गई है. प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना विकल्प में रखा गया है. एक लाख से ज्यादा सब्सिडी दी जा रही है. सूर्य घर योजना से अब लोग अपने घर में ही मुफ्त में बिजली बना सकेंगे।

**राहुल का छग आना हमारे लिए फायदेमंद**

आगामी राहुल गांधी के दौरे को लेकर विजय शर्मा ने कहा, राहुल गांधी का छत्तीसगढ़ आना हमारे लिए फायदेमंद है. हम सभी जानते हैं कि राहुल गांधी कितना तर्कहीन बात करते हैं. उनकी बातों में कोई तर्क नहीं होता है. पीसीसी चीफ दीपक बैज के बयान पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पलटवार किया है. उन्होंने कहा, देश के प्रधानमंत्री, गृह मंत्री से सलाह लेना कोई गलत बात है क्या? सलाह लिया इसमें कोई गलत बात नहीं है।

## बिजली हाफ योजना में कटौती के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

**रायपुर, 7 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में 400 यूनिट तक की बिजली माफ योजना को घटाकर 100 यूनिट किए जाने के विरोध में कांग्रेस आज राजधानी समेत प्रदेश के सभी जिला मुख्यालय में बिजली ऑफिस के सामने प्रदर्शन करेगी। इस दौरान सरकार का पुतला दहन करने की तैयारी है। दरअसल, मंगलवार को कांग्रेस ने सभी जिले में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरकार के इस फैसले को जनता विरोध जताया था। 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफयोजना दोबारा शुरू करने की मांग की थी। सोमवार को भी कांग्रेस ने सरकार के इस निर्णय के विरोध में छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के मुख्यालय के बाहर प्रदर्शन किया था। रायपुर के शास्त्री चौक स्थित बिजली ऑफिस से सामने प्रदर्शन कांग्रेस प्रदर्शन करेगी। दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक यह प्रदर्शन चलेगा। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेसी शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि, भाजपा सरकार हाफ बिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता के ऊपर अत्याचार कर रही है। बिजली की दरों में हुई बढ़ोतरी और हाफ बिजली बिल योजना को समाप्त किए जाने से आम जनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा। बैज ने कहा कि मात्र 100 यूनिट के भीतर की खपत वाले का ही बिजली बिल हाफ करने का निर्णय लिया है। इससे प्रदेश के ज्यादातर उपभोक्ता बिजली बिल हाफयोजना से वंचित हो गये है।

## राखियों से सजा बाजार, रक्षाबंधन 9 को



**रायपुर, 7 अगस्त।** प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षाबंधन का पर्व राजधानी सहित पूरे प्रदेश भर में 9 अगस्त को धूमधाम से मनाया जाएगा। राखी को लेकर शहर के प्रमुख बाजार मालवीय रोड सदर बाजार, गोल बाजार एवं विभिन्न माल्स में बहनों की भीड़ जमकर देखने को मिल रही है। अच्छी बिक्री होने के कारण दुकानदारों के चेहरे खिले हुए हैं। राखी व्यापारियों के अनुसार इस वर्ष 20 से 30 प्रतिशत बाजार में अधिक राखी बिकने की संभावना है। बहनों के लिए राखी के विभिन्न डिजाइन बाजार में उपलब्ध है जिनमें हनुमान जी, राधा कृष्णा, कढ़ाई वाल राखियां अत्यंत पसंद की जा रही है। वहीं बच्चों में छोटा भीम, डोरेमान एवं चमकीली राखियों की बिक्री में इजाफा देखा जा रहा है। राखी व्यापारियों के अनुसार बाजार में दो रुपये से लेकर पांच हजार रुपये तक राखी बहनों द्वारा खरीदी जा रही है। वहीं सराफा बाजार के प्रमुख व्यावसायी शांति लाल बड़रिया के अनुसार सिल्वर राखियां डेढ़ सौ रुपये से दो हजार रुपये तक तथा गोल्डन राखियां 550 रुपये से 3 हजार रुपये के मध्य खरीदी जा रही है। राखी के चलते शहर में शाम होते ही बहन खरीददारी के लिए निकल जाती है।

## दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं से मिलेंगे पीसीसी चीफ दीपक बैज



- संगठन को मजबूत करने समेत प्रदेश के कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा


**रायपुर, 7 अगस्त।** पीसीसी चीफदीपक बैज आज सुबह दिल्ली के लिए रवाना हुए. इस दौरान रायपुर एयरपोर्ट पर बैज ने कहा, दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल, प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट से मुलाकात होगी. प्रदेश के मुद्दों के संबंध में चर्चा होगी. संगठन को मजबूत करने को लेकर चर्चा की जाएगी. मंडल, सेक्टर और बूथ की भी जल्द शुरुआत होगी. इधर कांग्रेस आज बिजली बिल हाफ योजना में बदलाव के विरोध में प्रदेशभर के जिला मुख्यालय स्थित बिजली ऑफिस के समक्ष प्रदर्शन करेगी. इस दौरान आम जनता को न्याय दिलाने व हाफ बिजली योजना के तहत 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफयोजना वापस फिर से शुरू करने की मांग उठाएंगे. प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि राज्य भाजपा सरकार हाफबिजली बिल योजना के तहत 400 यूनिट की सीमा को समाप्त कर आम जनता पर अत्याचार कर रही है. बिजली की दरों में हुई बेतहाशा वृद्धी व हाफ बिजली योजना को समाप्त करने से जनता को बिजली बिल के नाम पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ का सामना करना पड़ेगा. उन्होंने कहा कोयला हमारा, पानी हमारा, जमीन हमारी व हमें ही महंगे दर पर बिजली बेचा जा रहा है? सरकार की जन विरोधी निर्णय के खिलाफकांग्रेस पूरे प्रदेश में आज आंदोलन करेगी.

## शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म व ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 7 अगस्त।** थाना पुरानी बस्ती पुलिस ने एक माह से फरार चल रहे बलात्कार और ठगी के आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी जय प्रकाश बघेल, निवासी ढनढन, थाना तखतपुर, जिला बिलासपुर, फेसबुक के माध्यम से पीड़िता से संपर्क में आया था और खुद को पीडब्ल्यूडी विभाग में इंजीनियर बताकर शादी का झांसा देकर पहले पैसे और फिर गहनों की ठगी कर फरार हो गया था। इस मामले में पीड़िता ने 2 अगस्त को थाना पुरानी बस्ती में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें बताया गया कि आरोपी जय प्रकाश बघेल ने फेसबुक के माध्यम से फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी और बातचीत बढ़ाते हुए खुद को सरकारी इंजीनियर बताया। आरोपी ने शादी की बात कहकर पीड़िता से 25 जुलाई 2024 से 17 सितम्बर 2024 के बीच किश्तों में फोनपे के माध्यम से कुल 3,57,040 रुपये लिए, जिसमें से केवल 22,000 वापस किए। इसके बाद आरोपी ने शादी की बात को आगे बढ़ाते हुए पीड़िता के परिवार वालों से भी मिला और घरेलू समस्याओं का हवाला देकर पीड़िता से करीब ?1 लाख रुपये के गहने (चैन, लॉकेट, कान की बाली) ले लिए। इसके बाद आरोपी लगातार रकम और गहनों की वापसी को टालता रहा। दिनांक 17.08.2024 को आरोपी पीड़िता को अपने भाठागांव स्थित फ्लैट में ले गया और वहां उसकी मर्जी के खिलाफशारीरिक संबंध बनाए। इस गंभीर आरोप पर थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 254/2025, धारा 69 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया और विवेचना शुरू की गई। आरोपी की लगातार तलाश की जा रही थी, इस बीच सूचना मिली कि आरोपी जय प्रकाश बघेल थाना डोंगरगढ़, जिला राजनांदगांव में दर्ज अपराध क्रमांक 379/2025, धारा 318(4) बीएनएस में दिनांक 02.08.2025 से जेल में निरुद्ध है।

### 161 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर गौठानों में भेजा गया

**रायपुर, 8 अगस्त।** उच्च न्यायालय के आदेश के पालन में राज्य शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग और रायपुर जिला प्रशासन द्वारा दिए गए दिशा - निर्देश के अनुरूप महापौर श्रीमती मीनल चौबे, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सुनील चंद्राकर, आयुक्त श्री विश्वदीप के निर्देश पर रायपुर नगर पालिक निगम के सभी 10 जोनो की टीमो द्वारा अभियान चलाकर जोन क्षेत्र के विभिन्न मुख्य मार्गों में गॉनिटरिंग करके सड़को पर आवारा पशुओ की धरपकड़ कर उन्हें गौठानो में काउकेचर वाहन से भेजे जाने की कार्यवाही प्रतिदिन निरंतर प्रगति पर है। अभियान के अंतर्गत रायपुर नगर पालिक निगम द्वारा सभी 10 जोनों में दिन भर अभियान चलाकर राजधानी शहर रायपुर निगम क्षेत्र में तीन दिन में विभिन्न सड़क मार्गो से 161 आवारा पशुओं की धरपकड़ कर उन्हें गौठानों में भेजा गया है। विगत दिनांक 4 अगस्त को 65 आवारा पशुओं और विगत दिवस 5 अगस्त को 57 आवारा पशुओं और आज 6 अगस्त 2025 को 39 आवारा पशुओं की धरपकड़ की गयी है। दिन भर चले अभियान की सतत मॉनिटरिंग महापौर, स्वास्थ्य विभाग अध्यक्ष, आयुक्त के निर्देश पर निगम अपर आयुक्त स्वास्थ्य श्री विनोद पाण्डेय और निगम स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर प्रीति सिंह द्वारा की जा रही है।




मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से बुनकर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने की सौजन्य भेंट

# प्रदेश में बुनकरों के सम्मान, समृद्धि व सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे हैं विशेष प्रयासः मुख्यमंत्री साय

- राष्ट्रीय हथकरघा दिवस पर मुख्यमंत्री को करघा भेंटकर किया अभिनंदन



**रायपुर, 7 अगस्त।** राष्ट्रीय हथकरघा दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ बुनकर समाज के प्रतिनिधिमंडल ने राजधानी रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री साय ने सभी प्रतिनिधियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें राष्ट्रीय हथकरघा दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। मुख्यमंत्री ने बुनकर समाज की सराहना करते हुए कहा कि हथकरघा कला हमारी समृद्ध विरासत है, जो प्रदेश को एक विशिष्ट पहचान दिलाती है और हमारी सांस्कृतिक अस्मिता को सशक्त बनाती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ का बुनकर समाज अपने श्रम, कौशल और रचनात्मकता के माध्यम से राज्य का गौरव बढ़ा रहा है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि राज्य सरकार बुनकरों की समृद्धि, सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता के लिए बहुआयामी प्रयास कर रही है। कच्चा माल सुलभ कराने से लेकर लागत कम करने और विपणन की बेहतर सुविधाएँ प्रदान करने तक, हर मोर्चे पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बुनकरों की आत्मनिर्भरता ही उनकी रचनात्मक उड़ान को नई ऊँचाई दे सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए वोकल फॉर लोकल के मंत्र का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह समय हमारे पारंपरिक उत्पादों और हुनर को प्रोत्साहन देने का है। हथकरघा उद्योग केवल आजीविका का माध्यम नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना का जीवंत प्रतीक है, जिसे बुनकर समाज आज भी सहेजे हुए है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26